
सत्यमेव जयते
भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA
विधि और न्याय मंत्रालय
Ministry of Law and Justice
वार्षिक रिपोर्ट
ANNUAL REPORT
2014-15



वार्षिक रिपोर्ट

Annual Report
2014-2015

भारत सरकार

Government of India

विधि और न्याय मंत्रालय

Ministry of Law And Justice

विषय सूची

क्र.सं.	अध्याय	विषय	पृष्ठ सं.
1.		प्रस्तावना और विधि और न्याय मंत्रालय	(i)-(ii)
2.	अध्याय–1	विधि कार्य विभाग	1
3.	अध्याय–2	विधायी विभाग	40
4.	अध्याय–3	न्याय विभाग	73
5.	अध्याय–4	सामान्य	91
6.	उपाबंध–I	विधि कार्य विभाग के संगठन चार्ट	98
7.	उपाबंध–II	शाखा सचिवालय, कोलकाता द्वारा प्रदान की गई सलाह का तुलनात्मक विश्लेषण	99
8.	उपाबंध–III	शाखा सचिवालय कोलकाता द्वारा अधिवक्ताओं को दी गई व्यावसायिक फीस की राशि का विवरण	100
9.	उपाबंध–IV	विधायी विभाग के संगठन का चार्ट	101
10.	उपाबंध–V	फोटो मतदाता सूचियों और मतदाता फोटो पहचान–पत्रों की वर्तमान स्थिति	102–103
11.	उपाबंध–VI	विधायी विभाग में हिन्दी का प्रगामी प्रयोग	104
12.	उपाबंध–VII	विधायी विभाग में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़े वर्ग के सदस्यों/भूतपूर्व सैनिकों/शारीरिक विकलांग व्यक्तियों की संख्या	105
13.	उपाबंध–VIII	न्याय विभाग के संगठन का चार्ट	106
14.	उपाबंध–IX	विभिन्न राज्यों में कार्य कर रहे कुटुम्ब न्यायालयों की संख्या	107
15.	उपाबंध–X	13 वें वित्त आयोग पंचाट के अधीन पूर्ण की गई भौतिक गतिविधियों का राज्यवार विवरण	108
16.	उपाबंध–XI	13वें वित्त आयोग पंचाट के अधीन 31 दिसम्बर, 2014 तक निर्मुक्त की गई और उपयोग में लाई गई निधि का राज्यवार और गतिविधिवार विवरण	109–110
17.	उपाबंध–XII	न्यायपालिका हेतु अवसंरचनात्मक सुविधाओं के लिए सीएसएस स्कीम के अधीन निर्मुक्त किए गए अनुदान का विवरण	111–112
18	उपाबंध–XIII	3 अक्टूबर, 2014 से 31 अक्टूबर, 2014 की अवधि के लिए कार्य योजना	113–114
19.	उपाबंध–XIV और XV	विधि कार्य विभाग में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़े वर्ग के सदस्यों/भूतपूर्व सैनिकों/शारीरिक विकलांग व्यक्तियों की संख्या	115–117
20.	उपाबंध–XVI	विधि और न्याय मंत्रालय में महिला कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व	118
21.	उपाबंध–XVII	विधि कार्य विभाग में हिन्दी के प्रगामी प्रयोग का ब्यौरा	119–120

प्रस्तावना

विधि और न्याय मंत्रालय भारत सरकार का सबसे पुराना अंग है। इसकी स्थापना वर्ष 1833 में उस समय हुई थी जब ब्रिटिश संसद द्वारा चार्टर अधिनियम, 1833 अधिनियमित किया गया था। उक्त अधिनियम ने पहली बार विधायी शक्ति को किसी एकल प्राधिकारी, अर्थात गवर्नर जनरल की काउंसिल में निहित किया था। इस प्राधिकार के नाते और इंडियन काउंसिल अधिनियम, 1861 की धारा 22 के अधीन उसमें निहित प्राधिकार के द्वारा गवर्नर जनरल की काउंसिल ने सन् 1834 से 1920 तक देश के लिए कानून बनाए। भारत सरकार अधिनियम, 1919 के लागू होने के बाद विधायी शक्ति का प्रयोग उसके अधीन गठित भारत के विधानमंडल द्वारा किया गया। भारत सरकार अधिनियम, 1919 के बाद भारत सरकार अधिनियम, 1935 आया। भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम, 1947 के पारित होने के साथ भारत एक डोमिनियन बन गया और डोमिनियन विधानमंडल ने भारत (अनंतिम संविधान) आदेश, 1947 द्वारा यथा अंगीकृत भारत सरकार अधिनियम, 1935 की धारा 100 के उपबंधों के अधीन वर्ष 1947 से 1949 तक कानून बनाए। 26 जनवरी, 1950 को भारत का संविधान लागू होने के बाद विधायी शक्ति संसद में निहित है।

मंत्रालय का संगठन

विधि और न्याय मंत्रालय में विधायी विभाग और विधि कार्य विभाग सम्मिलित हैं। विधि कार्य विभाग केन्द्रीय सरकार के विभिन्न मंत्रालयों को सलाह देता है जबकि विधायी विभाग केन्द्रीय सरकार के प्रधान विधान के प्रारूपण का कार्य करता है।

मिशन

सरकार को एक दक्ष और उत्तरदायी वादकारी बनाना;

विधि शिक्षा, विधि व्यवसाय और भारतीय विधि सेवा सहित विधिक सेवाओं में विस्तार, समावेशन और उत्कृष्टता लाने के लिए भारतीय विधि व्यहवस्था में सुधार करना;

विधिक पेशेवरों के सृजन की एक प्रणाली विकसित करना ताकि वे न केवल भारत के बल्कि विश्व के मुकदमा और गैर–मुकदमा क्षेत्रों की भविष्य की चुनौतियों का सामना कर सकें, तथा उनके सामाजिक उत्तरदायित्व और एक दृढ़ व्यावसायिक आचार नीति पर ध्यान केंद्रित करना। बारहवीं पंचवर्षीय योजना की आकांक्षाओं के मद्देनजर और मुकदमों की भारी तादाद (3.3 करोड़), उसके फलस्वरूप राजकोष पर और मानवशक्ति सहित संसाधनों पर बढ़ते बोझ जैसी बाधाओं को देखते हुए तथा सरकारी प्राधिकारियों को व्यापक विवेकाधीन शक्तियां प्रदान करने की आवश्यकता को महसूस करते हुए हमारे मिशन का लक्ष्य प्रशासनिक शक्ति के सुव्यवस्थित प्रवाह व विरोध के प्रबंधन के लिए और विधि का शासन लागू करने में और सरकार के विभिन्न स्कौधों द्वारा निर्धारित किए गए उद्देश्यों की प्राप्ति में मदद देने के लिए एक उचित विधिक ढांचा तैयार करना है।

उद्देश्य

- मंत्रालयों और विभागों द्वारा भेजे गए मामलों पर विधिक सलाह/राय देकर और विधायी प्रस्तावों की जांच करके उनके कार्य संचालन में सहायता देना और सुशासन को बढ़ाना।
- भारतीय विधि सेवा में सुधार करके उसे अधिक दक्ष, अनुक्रियाशील और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाना।
- केन्द्रीय अभिकरण अनुभाग के लिए एक वृहद ई–शासन प्रणाली विकसित करना और सूचना प्रौद्योगिकी के आधार पर विधि कार्य विभाग को नया रूप देना।
- मुकदमों को कम करना और विवाद समाधान के वैकल्पिक तरीकों द्वारा विवादों के समाधान को प्रोत्साहित करना।
- विधि व्यवसाय में उत्कृष्टता को बढ़ावा देना और विधि शिक्षा के क्षेत्र में नवीन युग के प्रवर्तन की रूपरेखा तैयार करना।
- विधिक सुधार करना।
- इस विभाग के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अधिनियमों, अर्थात अधिवक्ता अधिनियम, 1961, नोटरी अधिनियम, 1952, विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 और अधिवक्ता कल्याण निधि अधिनियम,

अध्याय – 1
विधि कार्य विभाग

1 कृत्य और संगठन

1.1 भारत सरकार (कार्य आबंटन) नियम, 1961 के अनुसार इस विभाग को निम्नलिखित कार्य –मदों का आबंटन किया गया है :––

1. विधिक विषयों पर मंत्रालयों को सलाह देना, जिसके अंतर्गत संविधान और विधियों का निर्वचन, हस्तांतरण–लेखन और उच्च न्यायालयों तथा अधीनस्थ न्यायालयों में ऐसे मामलों में, जिनमें भारत संघ एक पक्षकार है, भारत संघ की ओर से उपसंजात होने के लिए काउंसेल नियोजित करना।

2. भारत के महान्यायवादी, भारत के महासालिसिटर और राज्यों की बाबत केन्द्रीय सरकार के अन्य विधि अधिकारी, जिनकी सेवाओं का उपयोग भारत सरकार के मंत्रालयों द्वारा समान रूप से किया जाता है।

3. केन्द्रीय सरकार की ओर से और केन्द्रीय अभिकरण स्कीम में भाग लेने वाली राज्य सरकारों की ओर से उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों में मामलों का संचालन करना।

4. सिविल वादों में समनों की तामील, सिविल न्यायालयों की डिक्री के निष्पादन, भरण–पोषण के आदेशों के प्रवर्तन और भारत में मृत विदेशी व्यक्तियों की संपदाओं के प्रशासन के लिए विदेशों के साथ आपसी प्रबंध।

5. संविधान के अनुच्छेद 299(1) के अधीन राष्ट्रपति की ओर से संविदाओं के निष्पादन और संपत्ति के हस्तांतरण–पत्रों के लिए अधिकारियों को प्राधिकृत करना तथा केन्द्रीय सरकार द्वारा या उसके विरूद्ध किए गए वादों में वाद – पत्रों या लिखित कथनों पर हस्ताक्षर करने और उन्हें सत्यापित करने के लिए अधिकारियों को प्राधिकृत करना।

6. भारतीय विधि सेवा।

7. सिविल विधि के मामलों में विदेशों के साथ संधि और करार करना।

8. विधि आयोग।

9. अधिवक्ता अधिनियम, 1961 (1961 का 25) सहित विधिक वृत्ति और उच्च न्यायालयों के समक्ष विधि व्यवसाय करने के लिए पात्र व्यक्ति।

10. उच्चतम न्यायालय की अधिकारिता को बढ़ाना और उसे और अधिक शक्तियां प्रदान करनाय उच्चतम न्यायालय के समक्ष विधि व्यवसाय करने के लिए पात्र व्यक्ति भारत के संविधान के अनुच्छेद 143 के अधीन उच्चतम न्यायालय को निर्देश।

11. नोटेरी अधिनियम, 1952 (1952 का 53) का प्रशासन।

12. आय–कर अपीलीय अधिकरण।

13. विदेशी मुद्रा अपील अधिकरण।

14. निर्धनों को विधिक सहायता।

विभाग को निम्नलिखित अधिनियमों के प्रशासन का कार्य भी आबंटित किया गया है :––

(i) अधिवक्ता अधिनियम, 1961

(ii) नोटरी अधिनियम, 1952

(iii) विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987

(iv) अधिवक्ता कल्याण निधि अधिनियम, 2001य

(v) राष्ट्रीय कर अधिकरण अधिनियम, 2005

1.2. यह विभाग विदेशी मुद्रा अपील अधिकरण, आय–कर अपीलीय अधिकरण, राष्ट्रीय कर अधिकरण और भारत के विधि आयोग का प्रशासनिक प्रभारी भी है। यह विभाग भारतीय विधि सेवा से संबंधित सभी विषयों से भी प्रशासनिक रूप से संबद्ध है। इसके अतिरिक्त, यह विधि अधिकारियों अर्थात भारत के महान्यायवादी, भारत के महासालिसिटर और भारत के अपर महासालिसिटरों की नियुक्तियों से भी जुड़ा है। विधि के क्षेत्र में अध्ययन और शोध को बढ़ावा देने, वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्र को प्रोत्साहन देने और विधि व्यवसाय में सुधार करने के लिए यह विभाग इन क्षेत्रों से जुड़े संगठनों जैसे कि भारतीय विधि संस्थान, अंतरराष्ट्रीय वैकल्पिक विवाद समाधान केंद्र, संवैधानिक एवं संसदीय अध्ययन संस्थान और भारतीय बार काउंसिल को सहायता अनुदान देता है।

2. संगठनात्मक ढांचा

विधि कार्य विभाग की व्यवस्था दो सोपानों में है, अर्थात् नई दिल्ली स्थित मुख्य सचिवालय और मुम्बई, कोलकाता, चेन्नै और बंगलूरु स्थित शाखा सचिवालय। प्रकृति के हिसाब से इसके कार्यों को मोटे तौर पर दो क्षेत्रों में बांटा जा सकता है– सलाह कार्य और मुकदमा कार्य। विधि कार्य विभाग का संगठनात्मक चार्ट **उपाबंध–1** में दिया गया है।

मुख्य सचिवालय :

(i) मुख्य सचिवालय में अधिकारियों की जो व्यवस्था है उसके अन्तर्गत विधि सचिव, अपर सचिव, संयुक्त सचिव एवं विधि सलाहकार तथा विभिन्न स्तरों पर अन्य विधि सलाहकार हैं। विधिक सलाह देने और हस्तांतरण–लेखन से संबंधित कार्य को अधिकारियों के समूहों में वितरित किया गया है। सामान्यतः, प्रत्येक समूह का प्रधान एक अपर सचिव या संयुक्त सचिव एवं विधि सलाहकार होता है, जिसकी सहायता के लिए विभिन्न स्तरों पर अन्य विधि सलाहकार होते हैं।

(ii) उच्चतम न्यायालय में भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों और कुछ संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों की ओर से मुकदमा–कार्य का संचालन केन्द्रीय अभिकरण अनुभाग करता है, जिसके प्रधान इस समय एक अपर सचिव हैं।

(iii) दिल्ली उच्च न्यायालय में भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों की ओर से मुकदमों के संबंध में कार्रवाई मुकदमा (उच्च न्यायालय) अनुभाग करता है, जिसके प्रधान इस समय एक उप विधि सलाहकार हैं।

(iv) दिल्ली में अधीनस्थ न्यायालयों में मुकदमा संबंधी कार्य की देखभाल मुकदमा (निचला न्यायालय) अनुभाग करता है, जिसके प्रधान इस समय एक सहायक विधि सलाहकार हैं।

(v) विभाग में एक विशेष प्रकोष्ठ अर्थात कार्यान्वयन प्रकोष्ठ है, जिसका कार्य विधि आयोग की सिफारिशों के कार्यान्वयन तथा अधिवक्ता अधिनियम, 1961 के प्रशासन से संबंधित कार्य करना है। यह विधि व्यवसाय से संबंधित कार्य भी देखता है। इस प्रकोष्ठ को राष्ट्रीय कर अधिकरण अधिनियम, 2005 से संबंधित कार्य और सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अधीन समन्वय का कार्य भी सौंपा गया है।

(vi) संयुक्त सचिव एवं विधि सलाहकार का एक–एक पद क्रमशः रेलवे बोर्ड और दूर संचार विभाग में है और इन पदों के धारक उक्त कार्यालयों में ही बैठते हैं। संयुक्त सचिव एवं विधि सलाहकार का एक पद लोक उद्यम विभाग के लिए भी स्वीकृत है और पदधारी उक्त विभाग में माध्यस्थम् के स्थायी तंत्र की स्कीम के अधीन मध्यस्थ के रूप में कार्य करता है। एक उप विधि सलाहकार पूर्ति और निपटान महानिदेशालय में माध्यस्थम मामलों में मध्यस्थ के तौर पर कार्य करता है। एक उप विधि सलाहकार रक्षा मंत्रालय के अधीन सेना क्रय संगठन में कार्य करता है। इसके अतिरिक्त, रक्षा मंत्रालय, श्रम मंत्रालय, शहरी विकास मंत्रालय और पूर्ति और निपटान महानिदेशालय में विभिन्न स्तरों के कुछ पद, जैसे कि अपर विधि सलाहकार, उप विधि सलाहकार और सहायक विधि सलाहकार भी हैं।

भारतीय विधि सेवा का सृजन

समाज के विकास के साथ–साथ विधि व्यवसाय में भी भारी बदलाव हुआ है। समाज की कानूनी जरूरतों को पूरा करने के लिए तथा न्याय की समुचित व्यवस्था के लिए कई प्रयास किए गए हैं। सरकार की आवश्यकताओं को गुणात्मक रूप से पूरा करने के लिए वर्ष 1956 में केंद्रीय विधि सेवा का गठन करना एक ऐसा ही प्रयास था। भारत सरकार ने भारतीय विधि सेवा नियम, 1957 के अधीन भारतीय विधि सेवा का सृजन किया। ये नियम दिनांक 1 अक्टूबर,1957 से लागू हुए हैं। अपनी स्थापना के समय से ही भारतीय विधि सेवा के अधिकारी भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों को महत्वपूर्ण मामलों में विधिक सलाह देने तथा संसद में पेश किए जानेवाले विधेयकों और अध्यादेशों के मसौदों को तैयार करने के कार्य में पूर्ण समर्पित भाव से राष्ट्र की सेवा कर रहे हैं। इस सेवा ने कई राज्यों को राज्यपाल, सांसद को महासचिव, मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्त, उच्च न्यायालयों को न्यायाधीश और विभिन्न अधिकरणों जैसे कि केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण, आयकर अपीलीय अधिकरण तथा ऋण वसूली अधिकरण आदि को न्यायिक अधिकारी दिए हैं।

भारतीय विधि सेवा की भूमिका

भारतीय विधि सेवा के अधिकारी अपने कार्य में कभी पीछे नहीं हटे हैं। भारत सरकार के प्रधान विधिक अंग होने के नाते उन्होंने सभी चुनौतियों का डटकर सामना किया है और अपने कर्तव्य का बखूबी पालन किया है। डिजिटल क्रांति ने सूचना की अर्थव्यवस्था की शुरुआत की है तथा संपदा सृजन के नए क्षेत्रों को बल प्रदान किया है। हमारा विधिक ढांचा सूचना की अर्थव्यवस्था की आवश्यकताओं के अनुरूप हो, इसके लिए उसकी जांच करना आवश्यक हो गया है। सरकार के प्रधान विधि सलाहकार होने के नाते इस सेवा के अधिकारी सरकार के विभिन्न अंगों द्वारा की गई मांगों की पूर्ति के लिए शीघ्रता से कारगर ढंग से आगे आए हैं और वे सलाहकारी तथा प्रारूपण दोनों ही कार्यों में प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। वे हमारे संवैधानिक आधारों को सुदृढ़ बनाने, उनमें विस्तार करने और उन्हें धूप–पानी से बचाने में काम आने वाले पत्थरों को तराशने की भूमिका निभाते हैं। निश्चय ही, वे सभी हमारे पवित्र और भव्य संवैधानिक भवन के कुशल शिल्पी हैं।

2. (1) सलाह 'क' अनुभाग

(क) दिनांक 1.1.2014 से 31.12.2014 की अवधि के दौरान, भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों से विभिन्न मुद्दों पर विधिक सलाह और दस्तावेजों की पुनरीक्षा के लिए कुल 6131 निर्देश (विधि सचिव, अपर सचिवों और संयुक्त सचिवों के कार्यालयों से सलाह के लिए प्राप्त निर्देशों सहित) प्राप्त हुए थे, जिन पर तत्परतापूर्वक कार्रवाई की गई और इस विभाग के अधिकारियों द्वारा दी गई विधिक सलाह को आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित मंत्रालयों/विभागों को भेजा गया। इसके अतिरिक्त, इस विभाग के अधिकारियों ने विभिन्न अंतरराष्ट्रीय बैठकों और सम्मेलनों में भी भाग लिया। विभाग के अधिकारियों ने अन्य मंत्रालयों में कुल 218 बैठकों में भाग लिया।

(ख) विधिक सलाह देने के अलावा, इस अनुभाग ने मंत्री जी और अधिकारियों को प्राप्त हुए निर्देशों और अन्य संसूचनाओं पर भी कार्रवाई की।

(ग) इस अनुभाग ने इस विभाग के अधिकारियों द्वारा दी गई विधिक सलाह के बारे में सूचना का अधिकार 2005 के अधीन प्राप्त सलाह 'क' और 'ख' अनुभाग से संबंधित 95 आवेदन–पत्रों पर भी कार्रवाई की।

(घ) हस्तांतरण–लेखन से संबंधित 329 निर्देशों पर भी कार्रवाई की गई। इनमें कई अंतरराष्ट्रीय करार भी शामिल थे।

(ङ) उपर्युक्त अवधि के दौरान, राज्य विधेयकों और अध्यादेशों से संबंधित मंत्रिमंडल के लिए 95 नोट और 129 निर्देश विधिक तथा संवैधानिक दृष्टि से समीक्षा किए जाने के लिए प्राप्त हुए।

2.2. सलाह 'ख' अनुभाग

(क) जनवरी, 2014 से दिसम्बर, 2014 की अवधि के दौरान, इस अनुभाग को भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों से विभिन्न मुद्दों पर विधिक राय और दस्तावेजों की पुनरीक्षा के लिए कुल 3853 निर्देश (विधि सचिव, अपर सचिवों और संयुक्त सचिवों के कार्यालर्यों से सलाह के लिए प्राप्त निर्देशों सहित) प्राप्त हुए, जिन पर इस विभाग के अधिकारियों द्वारा सम्यक रूप से विचार किया गया और दी गई राय संबंधित मंत्रालयों/विभागों को आवश्यक कार्रवाई के लिए अग्रेषित की गई।

(ख) उपर्युक्त के अतिरिक्त, इस विभाग के अधिकारियों ने विभिन्न अंतरराष्ट्रीय बैठकों और सम्मेलनों में भी भाग लिया।

(ग) विधिक सलाह देने के अलावा इस अनुभाग ने मंत्री जी और अधिकारियों को प्राप्त हुए निर्देशों और अन्य संसूचनाओं पर भी कार्रवाई की।

(घ) सलाह 'क' और 'ख' अनुभागों से संबंधित संसद प्रश्नों और आश्वासनों से संबंधित 156 निर्देशों पर भी कार्रवाई की गई।

(ङ) उपर्युक्त अवधि के दौरान, विधिक तथा संवैधानिक दृष्टि से समीक्षा किए जाने के लिए 127 मंत्रिमंडल–नोट, 774 एस.एल.पी./एजी/एसजी/एएसजी प्राप्त हुए।

2.3. सलाह 'ग' अनुभाग

I. रिपोर्ट की अवधि के दौरान, विभिन्न विषयों पर 42 नए मामले भारत के महान्यायवादी, भारत के महासालिसिटर और भारत के अपर महासालिसिटरों की राय के लिए भेजे गए। सभी मामलों पर

उनकी राय प्राप्त हुई और प्राप्त राय को माननीय विधि और न्याय मंत्री और विधि सचिव के अनुमोदन के बाद भारत सरकार के संबंधित मंत्रालयों/विभागों को भेज दिया गया।

II. इस अनुभाग ने 600 विभिन्न विषयों पर पूर्व निर्णयों को ढूंढने और अन्य कार्यों में विधि और न्याय मंत्रालय के विधि कार्य विभाग और विधायी विभाग के अधिकारियों को साधारण तथा सचिवीय सहायता भी प्रदान की।

III. प्रधानमंत्री कार्यालय के निर्देशों और इस विभाग द्वारा जारी आदेशों के अनुपालन में, जून, 2014 से दिसम्बर, 2014 में वर्ष 1970 से 1990 की अवधि की 5368 फाइलों की छंटाई भी की गई।

2.4 केन्द्रीय अभिकरण अनुभाग

केन्द्रीय अभिकरण अनुभाग की स्थापना वर्ष 1950 में की गई थी। यह अनुभाग केन्द्रीय सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों की ओर से तथा दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र, संघ राज्य क्षेत्रों, भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक के कार्यालय तथा उसके अधीन सभी क्षेत्रीय कार्यालयों अर्थात् महालेखाकार के कार्यालयों की ओर से माननीय उच्चतम न्यायालय के समक्ष मुकदमा कार्य के संचालन के लिए जिम्मेदार है। उच्चतम न्यायालय में भारत संघ की ओर से सभी विशेष अनुमति याचिकाएं/सिविल अपीलें, उन्हें फाइल करने की व्यवहार्यता के बारे में विधि अधिकारियों की राय प्राप्त करने के पश्चात केन्द्रीय अभिकरण अनुभाग के माध्यम से फाइल की जाती हैं। इस समय इस कार्यालय का कार्य एक अपर सचिव देखते हैं, जिन्हें कार्यालय का प्रभारी घोषित किया गया है और विभागाध्यक्ष की शक्तियां प्रदान की गई हैं। उनकी सहायता के लिए 7 सरकारी अधिवक्ता, 10 राजपत्रित और 49 अराजपत्रित और समूह 'घ' के 21 कर्मचारी हैं। यहां 496 सरकारी पैनल काउंसेल हैं। केन्द्रीय अभिकरण अनुभाग उच्चतम न्यायालय परिसर, नई दिल्ली में स्थित है। इसके लिए वित्त वर्ष 2014–15 में कुल 21.50 करोड़ रु0 का बजट आबंटन किया गया है।

2. केंद्रीय अभिकरण अनुभाग के क्रियाकलाप निम्नलिखित से संबंधित हैं: –

- भारत सरकार के मंत्रालयों/विभागों से महान्यायवादी, महासॉलिसिटर और अपर महॉसालिसिटरों की राय के लिए विधि कार्य विभाग, विधि और न्याय मंत्रालय के माध्यम से प्राप्त निर्देश।
- विभिन्न मामलों के लिए विधि अधिकारियों/अनुमोदित पैनल काउंसेलों को नियोजित करना।
- भारत संघ/राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली, नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक तथा संघ राज्य क्षेत्रों की ओर से भारत के उच्चतम न्यायालय में मुकदमों का संचालन और पर्यवेक्षण।
- रिकार्ड, प्राप्ति तथा निर्गम अनुभाग, फीस बिल यूनिट, वैयक्तिक जमा यूनिट, कंप्यूटर प्रकोष्ठ और प्रशासन प्रभाग का, जिसके अंतर्गत रोकड़ अनुभाग भी शामिल है, पर्यवेक्षण करना।

3. केन्द्रीय अभिकरण अनुभाग के सरकारी अधिवक्ता उच्चतम न्यायालय के अभिलेख –अधिवक्ता हैं। ये अधिवक्ता भारत संघ, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली, नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक तथा संघ राज्य क्षेत्रों से संबंधित मामलों में उच्चतम न्यायालय के नियमों के अनुसार, उच्चतम न्यायालय के समक्ष उपसंजात होते हैं।

4. केंद्रीय अभिकरण अनुभाग के कंप्यूटरीकृत अभिलेख के अनुसार वर्ष 2014 के दौरान, केंद्रीय अभिकरण अनुभाग को भारत सरकार के विभिन्न विभागों, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली, नियंत्रक व महालेखापरीक्षक और संघ राज्य क्षेत्रों से 5166 नए मामले प्राप्त हुए, जिनमें भारत संघ या संघ राज्य क्षेत्र या तो याची हैं या प्रत्यर्थी हैं।

दिल्ली उच्च न्यायालय में मुकदमा–कार्य

भारत सरकार के रेल और आय–कर विभागों को छोड़कर, सभी मंत्रालयों/वभागों की ओर से दिल्ली उच्च न्यायालय में मुकदमा संबंधी कार्य मुकदमा (उच्च न्यायालय) अनुभाग द्वारा किया जाता है। मुकदमा कार्य की देखरेख एक भारसाधक अधिकारी द्वारा अधीक्षक (विधि) और अन्य कर्मचारिवृंद की सहायता से की जाती है, जिसका विवरण निम्नलिखित है :–

(क). दिल्ली उच्च न्यायालय में संचालित मुकदमे मुख्यतः निम्नलिखित से संबंधित होते हैं: –

भारत के संविधान के अनुच्छेद 226 और 227 के अधीन सिविल और दांडिक रिट याचिकाएं, विविध सिविल आवेदन, खंडपीठ अपीलें, कंपनी आवेदन, निष्पादन आवेदन और विविध दांडिक आवेदन।

(ख) दिल्ली उच्च न्यायालय के अलावा अन्य न्यायालयों में संचालित मुकदमे सामान्यतः निम्नलिखित से संबंधित होते हैं :–

बी0आई0एफ0आर0, ए0ए0आई0एफ0आर0, राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निपटान आयोग, औद्योगिक अधिकरण व श्रम न्यायालय, कंपनी लॉ बोर्ड, अवैध गतिविधि (निवारण) अधिकरण, ऋण वसूली अधिकरण, ऋण वसूली अपील अधिकरण, आप्रवासी अपील समिति, विद्युत अपील अधिकरण, टी0डी0एस0ए0टी0, केन्द्रीय सूचना आयोग, जिला उपभोक्ता फोरम।

2. मुकदमा कार्य दो अनुभागों – मुकदमा (उ0न्या0) अनुभाग 'ए' और 'बी' द्वारा किया जाता है, जिनका पर्यवेक्षण अधीक्षक (विधि) द्वारा किया जाता है। अनुभाग 'ए' भारत के संविधान के अनुच्छेद 226 और 227 के अधीन रिट याचिकाओं, लेटर पेटेंट अपीलों और विविध याचिकाओं से संबंधित अग्रिम नोटिसों, जिनमें सामान्य प्रकृति के मामले भी शामिल हैं, के संबंध में कार्रवाई करता है। अनुभाग 'बी' माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय में भारत संघ की ओर से दायर की गई रिट याचिकाओं और मूल/पुनरीक्षण याचिकाओं आदि के संबंध में कार्रवाई करता है। यह अनुभाग उपर्युक्त पैरा 1 (ख) में उल्लिखित अन्य न्यायालयों/अधिकरणों से संबंधित मामलों में भी कार्रवाई करता है।

3. केन्द्रीय सरकार के मुकदमों का संचालन करने के लिए भारत के एक अपर महा–सालिसिटर, नौ स्थायी केंद्रीय सरकारी काउंसेल, ज्येष्ठ काउंसेलों और सरकारी अभिवक्ताओं के पैनल हैं। सार्वजनिक महत्व के और विधि के जटिल प्रश्न वाले मामलों में विधि अधिकारियों में से किसी एक विधि अधिकारी, अर्थात् भारत के महान्यायवादी/भारत के महा–सालिसिटर/भारत के अपर महा–सालिसिटर को नियोजित किया जाता है। दिल्ली उच्च न्यायालय में मुकदमों में सरकार के हितों की रक्षा करने के लिए संबंधित मंत्रालयों/विभागों और काउंसेलों से निकट संपर्क बनाए रखा जाता है। प्रभारी अधिकारी और अन्य अधिकारी मामलों की प्रगति के प्रत्येक प्रक्रम पर कड़ी निगरानी रखते हैं।

4. वित्त वर्ष 2014–15 के लिए बजट अनुमान में इस एकक को 6 करोड़ रु. आबंटित किए गए थे। रिपोर्ट की अवधि के दौरान, विधि अधिकारियों और सरकारी काउंसेलों के वृत्तिक फीस के लगभग 7000 बिल संदाय के लिए प्राप्त हुए। इसके अतिरिक्त, 31 मार्च, 2015 तक 2000 फीस बिल और प्राप्त होने की संभावना है। दिसम्बर, 2014 के अंत तक, 4.02 करोड़ रुपये के लगभग 6500 फीस बिल निपटाए गए हैं और संबंधित विधि अधिकारियों और काउंसेलों को उनका भुगतान किया गया है।

5. दिनांक 1.4.2014 से 31.12.2014 की अवधि के दौरान, मुकदमा (उच्च न्यायालय) अनुभाग ने दिल्ली उच्च

न्यायालय में मुकदमों के संचालन के लिए 3772 मामलों में विधि अधिकारी और सरकारी काउंसेल नियोजित किए। मामलों की प्राप्ति और सरकारी काउंसेलों के नियोजन का अनुभागवार ब्यौरा निम्नलिखित है:–

मुकदमा उच्च न्यायालय अनुभाग

अनुभाग	1.4.2014 से 31.12.2014 तक प्राप्त मामलों की संख्या	01.01.2015 से 31.3.2015 तक प्रत्याशित मामले	योग
ए	3336	450	3786
बी	436	130	566
कुल	**3772**	**580**	**4352**

केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण (प्रधान न्यायपीठ), दिल्ली में मुकदमा कार्य

6. मुकदमा केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (प्रधान न्यायपीठ) प्रकोष्ठ केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण, दिल्ली से संबंधित मामलों/मुकदमा–कार्य की देखभाल करता है और केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण, दिल्ली में भारत संघ के मंत्रालयों/विभागों के हितों का बचाव करने के लिए अनुमोदित पैनल में से काउंसेल नामनिर्दिष्ट करता है।

7. दिनांक 1.4.2014 से 31.12.2014 तक की अवधि के दौरान, मुकदमा केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (प्रधान न्यायपीठ) प्रकोष्ठ ने केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (प्रधान न्यायपीठ) में मुकदमों के संचालन के लिए 835 मामलों में सरकारी काउंसेल नियोजित किए। मामलों की प्राप्ति का ब्यौरा निम्नलिखित है:–

केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण (प्रधान न्यायपीठ), दिल्ली में मुकदमा–कार्य

अनुभाग	1.4.2014 से 31.12.2014 तक प्राप्त मामले	01.01.2015 से 31.3.2015 तक प्रत्याशित मामले	योग
केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण (प्रधान न्यायपीठ) प्रकोष्ठ	835	200	1035

मुकदमा (निचला न्यायालय) अनुभाग, तीस हजारी

(i) रेल और आय–कर विभाग को छोड़कर दिल्ली/नई दिल्ली में भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों की ओर से जिला न्यायालयों/उपभोक्ता फोरमों/अधिकरणों में मुकदमा कार्य का संचालन मुकदमा (निचला न्यायालय) अनुभाग द्वारा किया जाता है। उपर्युक्त न्यायालयों/अधिकरणों में मुकदमा कार्य की देखभाल इस अनुभाग के प्रभारी उप विधि सलाहकार द्वारा अधीक्षक (विधि)/सहायक (विधि) की सहायता से की जाती है।

(ii) यहां अपर स्थायी सरकारी काउंसेलों का एक पैनल बनाया गया है, जिसमें से मुकदमा लड़ने के लिए काउंसेलों को नामनिर्दिष्ट किया जाता है। संबद्ध मंत्रालय/विभाग से अनुरोध प्राप्त होने पर मामले में न्यायालय में उनकी ओर से पेश होने के लिए उपयुक्त काउंसेल नियोजित किए जाने के लिए कार्रवाई की जाती है। रिपोर्ट की अवधि के दौरान इस अनुभाग ने 472

मामलों में काउंसेल नियोजित किए हैं। जिला न्यायालयों/उपभोक्ता फोरमों/अधिकरणों में सरकार के हित की रक्षा के लिए विभिन्न विभागों/काउंसेलों के साथ हर समय निकट संपर्क बनाए रखा जाता है। दिनांक 31.12.2014 को जिला न्यायालयों/अधिकरणों/उपभोक्ता फोरमों में कुल 7847 मामले लंबित थे।

(iii) काउंसेलों से प्राप्त फीस के बिलों को प्रमाणित करने और विहित दरों पर संदाय करने से पूर्व, उनकी नियुक्ति के निबंधनों और शर्तों को ध्यान में रखते हुए संवीक्षा की जाती है। रिपोर्ट की अवधि के दौरान 365 फीस बिल प्राप्त हुए और काउंसेलों के वृत्तिक फीस बिलों के रुपये 2249470/– का संदाय किया गया।

(iv) न्यायपालिका में, विशेष तौर पर जिला न्यायालयों / अधीनस्थ न्यायालयों में सूचना प्रौद्योगिकी के विकास के साथ सामंजस्य रखने के लिए और मुकदमा (निचला न्यायालय) अनुभाग के प्रभावी कार्यकरण को सुनिश्चित करने के लिए इस अनुभाग के कम्प्यूटरीकरण का प्रस्ताव राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (रा0सू0के0) द्वारा किए गए प्रणाली अध्ययन की रिपोर्ट के साथ सक्षम प्राधिकारी को प्रस्तुत किया गया है।

(v) इस अनुभाग के प्रभारी शाखा अधिकारी उप विधि सलाहकार को सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अधीन केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी के रूप में भी पदाभिहित किया गया है। मुकदमा (निचला न्यायालय) अनुभाग का पर्यवेक्षण करने वाले अधीक्षक (विधि) को केंद्रीय सहायक लोक सूचना अधिकारी के रूप में पदाभिहित किया गया है।

2.6 न्यायिक अनुभाग

1. न्यायिक अनुभाग उच्चतम न्यायालय, विभिन्न उच्च न्यायालयों, केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण तथा जिला और अधीनस्थ न्यायालयों के समक्ष भारत सरकार और संघ राज्य क्षेत्रों के मुकदमा–कार्य के व्यवस्थापन के लिए उत्तरदायी है। इसके कृत्यों में केन्द्रीय सरकार की ओर से मुकदमा कार्य के संचालन के लिए भारत के महान्यायवादी, महा–सालिसिटर और अपर महा–सालिसिटरों और उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालयों, केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण, जिला और अधीनस्थ न्यायालयों और कुछ राज्यों में उपभोक्ता फोरमों में केन्द्रीय सरकार के काउंसेलों की नियुक्ति संबंधी कार्रवाई करना, उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालयों, अधिकरणों, जांच आयोगों, जिला और अधीनस्थ न्यायालयों, न्यायिककल्प प्राधिकरणों आदि के समक्ष मामलों के संचालन के लिए मंत्रालयों और विभागों की ओर से विधि अधिकारियों तथा अन्य काउंसेलों को नियोजित करना है। इसके कृत्यों में, मामलों के संचालन के लिए उनके निबंधनों तथा शर्तों को तैयार करना और उन्हें तय करना भी है। न्यायिक अनुभाग भारत सरकार के विभिन्न विभागों और निजी पक्षकारों के बीच विवादों में मध्यस्थों के नामांकन के लिए भी जिम्मेदार है।

2. यह अनुभाग, कानूनी आदेश जारी करने के लिए, जैसे कि सा0का0नि0 167 के अधीन, सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की अनुसूची 1 के आदेश 27 के नियम 1 के अधीन केंद्रीय सरकार द्वारा या उसके विरुद्ध रिट कार्यवाहियों में या सिविल अधिकारिता वाले किसी न्यायालय में वादों में वाद–पत्रों और लिखित कथनों पर हस्ताक्षर करने और सत्यापन करने के लिए अधिकारियों को प्राधिकृत करने हेतु आदेश जारी करने के लिए जिम्मेदार है। यह अनुभाग संविधान के अनुच्छेद 299 के खंड 1 के अधीन भारत के राष्ट्रपति की ओर से संविदाओं और करारों पर हस्ताक्षर करने के लिए अधिकारियों को प्राधिकृत भी करता है।

3. यह अनुभाग सिविल वादों में समनों की तामील, सिविल न्यायालय की डिक्रियों का निष्पादन, भरण–पोषण के आदेशों का प्रवर्तन और भारत में निर्वसीयत निधन होने पर विदेशियों की संपदाओं का प्रशासन करने के लिए विदेशों के साथ पारस्परिक प्रबंध करने का कार्य भी कर रहा है।

4. भारत ने वर्ष 2007 में सिविल व वाणिज्यिक मामलों में विदेशों में न्यायिक व न्यायेतर दस्तावेजों की तामील के बारे में हेग कंवेंशन को तथा सिविल व वाणिज्यिक मामलों में विदेशों में साक्ष्य लेने के हेग कन्वेंशन को अपनी सहमति प्रदान की है। इन दोनों कंवेंशनों के लिए विधि और न्याय मंत्रालय केंद्रीय प्राधिकरण है। न्यायिक अनुभाग उक्त कंवेंशनों के अधीन विदेशों से प्राप्त समनों/नोटिसों की न्यायिक प्राधिकरणों के माध्यम से भारतीय नागरिकों को तामील से संबंधित कार्य करता है। न्यायिक अनुभाग देश के न्यायिक प्राधिकरणों से जारी किए जाने वाले समनों/नोटिसों को तामील के लिए विदेशों के केंद्रीय प्राधिकरणों को अग्रसारित करने का कार्य भी करता है।

5. रिपोर्ट की अवधि के दौरान, चौदह विधि अधिकारी नियुक्त किए गए, जिनमें दिल्ली उच्च न्यायालय, इलाहाबाद उच्च न्यायालय, बम्बई उच्च न्यायालय, मद्रास उच्च न्यायालय और राजस्थान उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय में महान्यायवादी और महासालिसिटर शामिल हैं। विभिन्न उच्च न्यायालयों में 28 सहायक महासालिसिटर नियुक्त किए गए। उच्चतम न्यायालय और दिल्ली और पटना के उच्च न्यायालयों के लिए नए पैनल तैयार किए गए। दिल्ली उच्च न्यायालय में 406 नए पैनल काउंसेल नियुक्त किए गए। जबकि पटना उच्च न्यायालय में 59 पैनल काउंसेल और भारत के उच्चतम न्यायालय में 496 पैनल काउंसेल नियुक्त किए गए। विदेशों के साथ पारस्परिक प्रबंध करने के लिए नोडल मंत्रालय होने के नाते विधि और न्याय मंत्रालय, विधि कार्य विभाग ने यूक्रेन और अजरबेजान के साथ सिविल और वाणिज्यिक मामलों में पारस्परिक विधिक सहायता संधि की। इसके अतिरिक्त, विधि कार्य विभाग वर्ष 1965 के हेग कन्वेंशन के अधीन सिविल और वाणिज्यिक मामलों में विदेशों के साथ न्यायिक और न्यायेतर दस्तावेजों की तामील के लिए केंद्रीय प्राधिकरण है। इस दायित्व के अधीन, लगभग 877 अनुरोधों पर कार्रवाई की गई। उक्त अवधि के दौरान, सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की अनुसूची–1 के आदेश XXVII के नियम 1 के अधीन, केंद्रीय सरकार द्वारा या उसके विरुद्ध दायर किए गए वादों में वाद–पत्रों व लिखित कथनों पर हस्ताक्षर करने और उन्हें सत्यापित करने हेतु विभिन्न अधिकारियों को प्राधिकृत करने के लिए तथा संविधान के अनुच्छेद 299 के अधीन भारत के राष्ट्रपति की ओर से संविदाओं व करारों पर हस्ताक्षर करने हेतु अधिकारियों को प्राधिकृत करने के लिए कुछ अधिसूचनाएं भी जारी की गईं। इसके अतिरिक्त, सरकार और प्राइवेट पक्षकारों के बीच के विवादों में कुछ मध्यस्थ भी नामित/नियुक्त किए गए।

2.7 नोटेरी सेल

नोटरी सेल नोटरी अधिनियम, 1952 और नोटरी नियम, 1956 का प्रशासन करता है। नोटरी सेल देश में नोटरियों की नियुक्ति के लिए विभिन्न राज्योंध्संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त निवेदनों/आवेदनों की जांच/संवीक्षा करने और नोटरियों की नियुक्ति से संबंधित कार्य करता है। यह सेल नोटरियों द्वारा किए गए वृत्तिक और अन्य अवचारों के आरोपों की जांच भी करता है। नोटरी सेल केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी किए गए नोटरी के व्यवसाय के प्रमाणपत्रों का नवीकरण भी करता है। यह सेल नोटरी से इस आशय का आवेदन–पत्र प्राप्त होने पर और पर्याप्त कारण होने पर, उसके व्यवसाय के क्षेत्र में विस्तार भी प्रदान करता है।

2. दिनांक 31.12.2014 तक नोटरियों के लगभग 2500 प्रमाण–पत्रों का नवीकरण किया गया है। जनवरी 2014 से 31.12.2014 तक लगभग 358 अधिवक्ताओं/आवेदकों को नोटरी नियुक्त किया गया है। केंद्रीय सरकार द्वारा अभी तक देश के विभिन्न भागों में 10950 नोटरी नियुक्त किए जा चुके हैं।

3. रिपोर्ट की अवधि के दौरान, दिल्ली, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और पुदुच्चेरी के राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में नोटरियों के चयन हेतु साक्षात्कार के लिए साक्षात्कार बोर्डों का

गठन किया गया। उपर्युक्त राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के परिणाम घोषित किए गए और चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति–पत्र जारी कर दिए गए हैं।

कार्यान्वयन सेल

इस विभाग के कार्यान्वयन सेल का कार्य विधि आयोग की रिपोर्टों को संसद के समक्ष रखे जाने के लिए उन पर कार्रवाई करना और जांच/कार्यान्वयन के लिए उन्हें संबंधित मंत्रालयों/विभागों को भेजना है। यह सेल अधिवक्ता अधिनियम, 1961, अधिवक्ता कल्याण निधि अधिनियम, 2001, राष्ट्रीय कर अधिकरण अधिनियम, 2005, विधि शिक्षा और विधि व्यवसाय के प्रशासन से भी संबद्ध है।

विधि आयोग ने दिनांक 31.12.2014 तक 251 रिपोर्टें प्रस्तुत की हैं। 248 रिपोर्टें संसद के दोनों सदनों के समक्ष रखी जा चुकी हैं। दिसम्बर, 2014 तक प्राप्त हुई सभी रिपोर्टें जांच/कार्यान्वयन के लिए संबंधित मंत्रालयों/विभागों को अग्रेषित की जा चुकी हैं।

कार्यान्वयन कक्ष कार्मिक, लोक शिकायत, विधि और न्याय की विभाग संबंधित स्थायी संसदीय समिति की सिफारिशों के अनुसरण में, विधि आयोग की लंबित रिपोर्टों की स्थिति दर्शाने वाला एक वार्षिक विवरण वर्ष 2005 से संसद के दोनों सदनों के समक्ष रखता आ रहा है। पिछला विवरण दसवां विवरण था, जो दिनांक 11.12.2014 को लोकसभा में और दिनांक 12.12.2014 को राज्य सभा में रखा गया।

अधिवक्ता अधिनियम, 1961

अधिवक्ता अधिनियम, 1961 विधि व्यवसायियों से संबंधित विधि को संशोधित तथा समेकित करने और राज्यों के स्तर पर राज्य बार काउंसिलों और एक अखिल भारतीय बार काउंसिल अर्थात् भारतीय बार काउंसिल का गठन करने के लिए अधिनियमित किया गया था। इस अधिनियम की धारा 29 के अधीन केवल एक वर्ग के व्यक्ति अर्थात अधिवक्ता ही भारत में विधि व्यवसाय करने के हकदार हैं।

अधिवक्ता कल्याण निधि अधिनियम, 2001

1. कनिष्ठ अधिवक्ताओं को वित्तीय सहायता के रूप में सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना और गरीब व विकलांग अधिवक्ताओं के लिए कल्याण योजनाएं हमेशा से कानूनी बिरादरी के लिए विचारणीय विषय रहे हैं। कुछ राज्यों ने इस विषय पर अपने अधिनियम बनाए हैं। संसद ने ''अधिवक्ता कल्याण निधि अधिनियम 2001'' अधिनियमित किया है जो उन संघ राज्य क्षेत्रों और राज्यों में लागू होता है जिनके इस विषय में अपने अधिनियम नहीं हैं ताकि वे ''अधिवक्ता कल्याण निधि'' का सृजन कर सकें। इस अधिनियम में वकीलों के लिए न्यायालय, अधिकरण या अन्य प्राधिकरण में प्रस्तुत किए गए प्रत्येक वकालतनामे पर अपेक्षित मूल्य के स्टाम्प लगाना अनिवार्य किया गया है। ''अधिवक्ता कल्याण निधि स्टाम्पों'' की बिक्री के जरिए एकत्रित राशि अधिवक्ता कल्याण निधि का एक महत्वपूर्ण स्रोत है।

2. विधि व्यवसाय करने वाला प्रत्येक अधिवक्ता आवेदन शुल्क और वार्षिक अंशदान देकर अधिवक्ता कल्याण निधि का सदस्य बन सकता है। यह निधि समुचित सरकार द्वारा स्थापित ट्रस्टी समिति के पास रहेगी और उसके द्वारा प्रयोग में लाई जाएगी। इस निधि का प्रयोग किसी सदस्य के गंभीर रूप से बीमार होने पर अनुग्रहपूर्वक अनुदान, प्रैक्टिस की समाप्ति पर निश्चित राशि के संदाय और किसी सदस्य की मृत्यु होने के मामले में उसके नामिती या कानूनी वारिस को निश्चित रकम का संदाय करने, सदस्यों एवं उनके आश्रितों की चिकित्सा संबंधी और शिक्षा संबंधी सुविधाओं के लिए, वकीलों के लिए पुस्तकों की खरीद व उनकी सामान्य सुविधाओं आदि के लिए किया जाएगा।

राष्ट्रीय कर अधिकरण अधिनियम, 2005

1. संसद द्वारा अधिनियमित राष्ट्रीय कर अधिकरण अधिनियम, 2005 (2005 का 49) में यह प्रावधान है कि राष्ट्रीय कर अधिकरण प्रत्यक्ष करों की लेवी, निर्धारण, संग्रहण और प्रवर्तन से संबंधित विवादों का न्याय निर्णयन करेगा। इसमें यह भी प्रावधान है कि माल पर सीमा शुल्क, केंद्रीय उत्पाद शुल्क की दरें निश्चित करने और ऐसे शुल्कों के निर्धारण हेतु माल का मूल्यांकन करने तथा सेवाओं पर कर लगाने से संबंधित विवादों का न्याय निर्णयन भी राष्ट्रीय कर अधिकरण द्वारा किया जाएगा। उक्त अधिनियम संविधान के अनुच्छेद 323–ख के अनुसरण में अधिनियमित किया गया है। अधिनियम को दिनांक 28.12.2005 की भारत सरकार की अधिसूचना का0आ0 1826(अ.) द्वारा लागू किया गया था। तथापि, देश भर में उच्च न्यायालयों में रिट याचिकाएं दायर करके इसे चुनौती दी गई है।

2. अंतरित मामला (सी) सं0 150/2006 में माननीय उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय कर अधिकरण अधिनियम को बातिल कर दिया है और अधिनियम की धारा 5,6,7,8 और 13 को इस आधार पर असंवैधानिक करार दिया है कि उक्त अधिनियम में जिस न्यायालय/अधिकरण का सृजन किया जाना है, उसमें न्यायिक शक्ति, परम्परा और न्यायालय के मुख्य लक्षणों को समुचित रूप से शामिल नहीं किया गया है। यह निर्णय सरकार के विचाराधीन है।

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अधीन इस विभाग में अप्रैल,2014 से मध्य दिसम्बर 2014 के दौरान प्राप्त आवतियों और अपील अधिकारी तथा केंद्रीय सूचना आयोग के समक्ष प्रथम एवं द्वितीय अपीलों की संख्या निम्नलिखित है:–

(क) कुल आवतियां.....1005

(ख) प्रथम अपीलें.....62

(ग) द्वितीय अपीलें.....76

आन–लाइन प्राप्त हुए कुल अनुरोध – 1334

2.9 पुस्तकालय और अनुसंधान अनुभाग

1) पुस्तकालय और अनुसंधान अनुभाग विधि और न्याय मंत्रालय की कानूनी पुस्तकों/जर्नलों और अन्य शोध सामग्री की आवश्यकताओं को पूरा करने का कार्य करता है। यह अनुभाग अपने प्रयोक्ताओं को संदर्भ और विधिक अनुसंधान सेवा प्रदान करता है।

2) इस वर्ष पुस्तकालय और अनुसंधान अनुभाग ने 465 पुस्तकें खरीदीं और संदर्भ के लिए विधि के जर्नलों के 521 खंडों की जिल्दबंदी भी करवाई।

3) पुस्तकालय और अनुसंधान अनुभाग विधि के 19 भारतीय जर्नल, 3 विदेशी जर्नल और 40 पत्रिकाएं मंगाता है।

4) पुस्तकालय और अनुसंधान अनुभाग ने इस मंत्रालय के अधिकारियों के उपयोग के लिए निर्णयज विधि, निर्णयों, आलेखों आदि के सुलभ संदर्भ के लिए निम्नलिखित सीडी रोम/ऑनलाइन सेवाएं प्राप्त की हैं: –

(क) ए0आई0आर0 (एससी) रिफरेंस सीडी रोम (1950–2013)

(ख) एससीसी ऑनलाइन केस फाइंडर

(ग) ग्रांड ज्यूरिक्स (एससी,एचसी,ट्रिब्यूनल)

(घ) ए0आई0आर0 हाई कोर्ट ऑन सीडी रोम (1950–2013)

(ड.) ए0आई0आर0 क्रिमिनल लॉ जर्नल ऑन सीडी रोम (1950–2013)

(च) एससीसी ऑनलाइन वेब (आई0पी0) सर्विसेज

(छ) मनुपात्र डॉट काम ऑनलाइन (आई0पी0) सर्विसेज

(ज) वेस्ट लॉ इंडिया ऑनलाइन (आईपी) सर्विसेज

2.10 शाखा सचिवालय, मुम्बई

इस विभाग का मुम्बई स्थित शाखा सचिवालय विधिक सलाह देता है, मुम्बई उच्च न्यायालय से संबंधित मुकदमा कार्य की देखरेख करता है तथा संपूर्ण पश्चिमी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अन्य अधीनस्थ न्यायालयों से संबंधित मुकदमा कार्य की देखरेख करता है।

वर्तमान में इस शाखा सचिवालय का प्रधान एक संयुक्त सचिव एवं विधि सलाहकार है। उसकी सहायता के लिए दो अपर सरकारी अधिवक्ता, एक सहायक विधि सलाहकार, और दो अधीक्षक (विधि), एक अनुभाग अधिकारी/आहरण एवं संवितरण अधिकारी और अन्य कर्मचारी हैं। इसके कार्यों, कर्तव्यों और संगठन आदि का विवरण निम्नलिखित हैः–

पर्यवेक्षण और उत्तरदायित्व के माध्यमों सहित निर्णय लेने की प्रक्रिया में निम्नलिखित कार्यविधि अपनाई जाती हैः–

(क) **विधिक सलाहः** भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों से विधिक सलाह के लिए प्राप्त निर्देशों की सबसे पहले अधीक्षक (विधि) द्वारा जांच की जाती है और तत्पश्चात उन्हें प्रभारी अधिकारी को प्रस्तुत किया जाता है जो इन मामलों को कार्य के वितरण/आबंटन के अनुसार अपर विधि सलाहकार/सहायक विधि सलाहकार/अपर सरकारी अधिवक्ता को चिन्हित करता है। यदि जरूरी हुआ तो सलाह के मामले भारत के अपर महासालिसिटर की राय प्राप्त करने के लिए भी भेजे जाते हैं। जहां तक चालू वर्ष का प्रश्न है, इस शाखा सचिवालय को सलाह के लिए 2800 मामले प्राप्त हुए हैं और शाखा सचिवालय ने लगभग सभी मामलों का निपटान कर दिया है और आज की तारीख में कोई भी मामला लंबित नहीं है।

(ख) **मुकदमाः** इस शाखा सचिवालय के मुकदमा कार्य का प्रधान एक संयुक्त सचिव एवं विधि सलाहकार/प्रभारी अधिकारी है। उनकी सहायता के लिए अपर सरकारी अधिवक्ता और अधीक्षक (विधि) हैं, जो मुंबई उच्च न्यायालय में भारत सरकार द्वारा या उसके विरूद्ध दायर मुकदमों की देखरेख करने के काम में उनकी मदद करते हैं। इसके साथ ही, इस शाखा सचिवालय द्वारा अधीनस्थ न्यायालयों में मुकदमा कार्य की देखरेख भी की जाती है। जहां भी आवश्यक होता है, मुकदमा कार्य का संचालन बम्बई उच्च न्यायालय के लिए उसकी साधारण प्रारंभिक सिविल अधिकारिता, अपीलीय अधिकारिता और दांडिक अधिकारिता में भारत सरकार के पैनल पर रखे गए/नियुक्त अधिवक्ताओं/ काउंसेलों के और विधि के विभिन्न न्यायालयों के समक्ष उपसंजात होने के लिए

विभिन्न पैनलों पर रखे गए अन्य काउंसेलों के माध्यम से किया जाता है। माननीय बंबई उच्च न्यायालय के समक्ष लगभग 880 मुकदमे निपटाए गए।

(ग) **प्रशासनः** शाखा सचिवालय, मुम्बई के प्रशासन का प्रमुख एक संयुक्त सचिव एवं विधि सलाहकार/प्रभारी अधिकारी है। शाखा सचिवालय के दिन–प्रतिदिन के प्रशासनिक मामलों की देखरेख हेतु उसकी सहायता के लिए एक अनुभाग अधिकारी है, जो आहरण एवं संवितरण अधिकारी के रूप में भी कार्य करता है।

(घ) **राजभाषाः** इस शाखा सचिवालय का संयुक्त सचिव एवं विधि सलाहकार/प्रभारी अधिकारी 'विभागीय राजभाषा अधिकारी' के रूप में भी कार्य करता है और शाखा सचिवालय में राजभाषा की उन्नति और अधिकाधिक प्रयोग सुनिश्चित करने के लिए अन्य अधिकारियों को नामित करता है। राजभाषा नीति के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए इस शाखा सचिवालय में एक 'राजभाषा समिति' गठित की गई है जिसके सदस्य निम्नलिखित हैं :–

(i) श्री एच.पी. चतुर्वेदी, संयुक्त सचिव एवं विधि सलाहकार (समिति के प्रमुख)

(ii) श्री पंकज कपूर, अपर सरकारी अधिवक्ता (अध्यक्ष)

(iii) श्री ए.ए. अंसारी, अपर सरकारी अधिवक्ता (सदस्य)

(iv) श्री नीरज कुमार, सहायक विधि सलाहकार (सदस्य)

(v) श्री एन.ए. पांडे, अधीक्षक (विधि) (सदस्य)

(vi) श्री के. संतोष रामन्ना, अधिक्षक (विधि)(सदस्य)

(vii) श्री अतुल कुमार गुप्ता, सहायक (विधि) (सदस्य)

उपर्युक्त समिति प्रभारी अधिकारी को आवधिक रिपोर्टें प्रस्तुत करती है।

सूचना सुविधा केंद्रः शाखा सचिवालय ने अपने पेंशनरों/भूतपूर्व कर्मचारियों/अधिकारियों के हित में एक अनौपचारिक कदम उठाते हुए उनके लिए एक सूचना–सुविधा केंद्र शुरू किया है। पेंशनर अपनी जिज्ञासा और प्रश्नों को लेकर इस केंद्र में आ सकते हैं और अपने खातों, पेंशन आदि की स्थिति के बारे में पूछताछ कर सकते हैं और अपेक्षित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं, जो उन्हें संबंधित अनुभाग से प्राप्त होते ही यथाशीघ्र उपलब्ध करा दी जाती है।

राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय विधिक कन्वेंशन/सेमिनार/सम्मेलन, प्रशिक्षण आदि में भागीदारी,

रिपोर्ट की अवधि के दौरान, शाखा सचिवालय के संयुक्त सचिव एवं विधि सलाहकार ने पनामा सिटी (रिपब्लिक आफ पनामा) में दिनांक 25 नवंबर, 2013 से 29 नवंबर, 2013 तक आयोजित पांचवें कंवेंशन आफ दि स्टेट पार्टीज एगेंस्ड करप्शन (यू.एन.सी.ए.सी.) में भाग लिया।

2.11 शाखा सचिवालय, कोलकाता

शाखा सचिवालय, कोलकाता के प्रधान एक संयुक्त सचिव एवं विधि सलाहकार/वरिष्ठ सरकारी अधिवक्ता हैं जो समग्र प्रभारी के रूप में भी कार्य करते हैं। इस शाखा सचिवालय में आठ खंड हैं, अर्थात् सलाह, प्रशासन, रोकड़ और लेखा, हिंदी, काउंसेल फीस बिल, मुकदमा, केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण/निचला न्यायालय और प्राप्ति व निर्गम अनुभाग। इसके अतिरिक्त, इस शाखा सचिवालय में एक पुस्तकालय है

जिसमें 8800 से अधिक पुस्तकें हैं। यह पुस्तकालय अनुभाग अधिकारी के पर्यवेक्षण में चल रहा है। शाखा सचिवालय, कोलकाता का मुकदमा खंड कलकत्ता उच्च न्यायालय में आरंभिक और अपीलीय, दोनों शाखाओं से संबंधित सभी मुकदमों की देखरेख करता है। शाखा सचिवालय, कोलकाता द्वितीय और तृतीय तल, मिडिल बिल्डिंग, 11, स्ट्रैंड रोड, कोलकाता–700001 से कार्य करता है।

2. यह शाखा सचिवालय, पूर्वी क्षेत्र के 12 राज्यों में, पोर्ट ब्लेअर में कलकत्ता उच्च न्यायालय की सर्किट न्यायपीठ और अन्य उच्च न्यायालयों तथा निचले न्यायालयों में भारत संघ के मुकदमों की देखरेख करता है। यह शाखा सचिवालय केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण के कोलकाता न्यायपीठ के साथ–साथ कटक, गुवाहाटी, पटना स्थित केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण के अन्य न्यायपीठों और सिक्किम तथा अंदमान और निकोबार द्वीप समूह के सर्किट न्यायपीठों के समक्ष केंद्रीय सरकार के कर्मचारियों के सेवा संबंधी मामलों को भी देखता है। यह शाखा सचिवालय आय–कर विभाग, सीमाशुल्क और केंद्रीय उत्पाद–शुल्क (केवल सलाह–कार्य), राजस्व आसूचना, फेरा/फेमा, रक्षा मंत्रालय, गृह मंत्रालय, विदेश मंत्रालय सहित केंद्रीय सरकार के अन्य सभी मंत्रालयों/विभागों और कार्यालयों को, जिनके कार्यालय पश्चिम बंगाल, असम, नागालैंड, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, बिहार, झारखंड, ओडिशा, त्रिपुरा, मिज़ोरम और सिक्किम तथा अंदमान और निकोबार द्वीप समूह संघ राज्यक्षेत्र में स्थित हैं, संबंधित विभागों/मंत्रालयों से निर्देश प्राप्त होने पर विधिक सलाह देता है और उनके मुकदमा कार्य का संचालन करता है। संबंधित विभागों से विनिर्दिष्ट अनुरोध प्राप्त होने पर, सीमा–शुल्क, केन्द्रीय उत्पाद–शुल्क और सेवा कर अपील अधिकरण और आय–कर अपीलीय अधिकरण आदि विभिन्न अधिकरणों के समक्ष और माध्यस्थम मामलों में मध्यस्थों के समक्ष उपस्थित होने के लिए काउंसेलों को भी नियोजित किया जाता है।

3. वर्ष 2014–15 के दौरान (दिसंबर, 2014 तक) सलाह खंड में कुल 1126 मामले प्राप्त हुए थे। विभिन्न न्यायालयों और केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण में फाइल किए जाने वाले अभिवचनों का पुनरीक्षण भी इस शाखा सचिवालय द्वारा किया जाता है। अप्रैल, 2014 से दिसम्बर, 2014 के दौरान प्राप्त हुए और निपटाए गए मामलों की माहवार संख्या **उपाबंध–II** में दिए गए चार्ट में दर्शाई गई है।

4. मुकदमा खंड में, सरकारी अधिवक्ता, जो नियमित कर्मचारी होते हैं, सिविल प्रक्रिया संहिता 1908 के आदेश XXVII के नियम 8 ख (क) के अर्थ में अभिलेख–अधिवक्ता (आरंभिक शाखा में) के तौर पर और सरकारी अभिवक्ता के तौर पर भी कार्य करते हैं। उन्हें न्यायालय में आरंभिक शाखा के मामलों में उपसंजात होना होता है। अपीलीय शाखा के मामलों में उन्हें न्यायालय को समय–समय पर संबोधित करना और कनिष्ठ पैनल काउंसेल से सहायता लेना होता है। अनुरोध किए जाने पर सरकारी अधिवक्ता अति वरिष्ठ काउंसेल अथवा अपर महासालिसिटर की सहायता करते हैं। सामान्यतया, सरकारी अधिवक्ता मुकदमे के लिए नियोजित किए गए पैनल काउंसेल के माध्यम से सुनवाई/बहस करवाते हैं।

5. वर्ष 2014–15 के दौरान,एक वरिष्ठ सरकारी अधिवक्ता, दो उप सरकारी अधिवक्ताओं और तीन कनिष्ठ केंद्रीय सरकारी अधिवक्ताओं (शाखा सचिवालय के लिए कनिष्ठ केंद्रीय सरकारी अधिवक्ता का एक पद नई दिल्ली में स्थित मुख्य सचिवालय में स्थानांतरित किया गया है) ने भारत संघ और केंद्रीय सरकार के अन्य याचिकाकर्ताओं/प्रत्यर्थियों की ओर से कलकत्ता उच्च न्यायालय में अभिलेख अधिवक्ता के तौर पर कार्य किया और वे न्यायालय में और सरकारी अभिवक्ता के तौर पर भी उपस्थित हुए। वर्ष 2014–15 के दौरान, दिसंबर, 2014 तक शाखा सचिवालय, कोलकाता के मुकदमा प्रभाग द्वारा प्राप्त और संचालित उच्च न्यायालय मामलों की कुल संख्या 2275 थी। इसके अलावा शाखा सचिवालय, कोलकाता ने कई पुराने लंबित मामलों पर भी कार्रवाई की। उक्त अवधि के दौरान निपटाए गए मामलों (कुछ मामले पिछले वर्षों के

भी थे) की संख्या 1611 थी। संपूर्ण वर्ष 2014–15 के दौरान निपटाए जाने के लिए मामलों की संख्या लगभग 4200 होगी। अभिलेखों के अनुसार, कलकत्ता उच्च न्यायालय में दिसम्बर, 2014 के अंत तक लंबित सरकारी मामलों की कुल संख्या 56311 थी। इसी प्रकार, केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण, कोलकाता न्यायपीठ में वर्ष 2014–15 में (दिसंबर,2014 तक) सेवा मामलों में काउंसेलों की नियुक्ति के लिए शाखा सचिवालय, कोलकाता में प्राप्त मामलों की संख्या 469 थी और यह अनुमान है कि 2014–15 के दौरान ऐसे मामलों की कुल संख्या 600 तक हो जाएगी। कोलकाता क्षेत्र में अधीनस्थ न्यायालयों में मार्च, 2014 से जनवरी, 2015 तक संचालित माध्यस्थम मामलों सहित कुल मामलों की संख्या 222 थी।

6. काउंसेलों की वृत्तिक फीस के संदाय के लिए 1,60,00,000 रुपए के स्वीकृत बजट में से उन्हें दिसम्बर 2014 तक कलकत्ता उच्च न्यायालय से संबंधित मामलों के लिए 97,67,853 रुपए का भुगतान किया जा चुका है। बजट की शेष राशि का संदाय वर्ष 2014–2015 के अगले तीन महीनों के दौरान किया जाएगा। अधिवक्ताओं को दी गई फीस का विवरण **उपाबंध–III** में दिया गया है।

7. यह शाखा सचिवालय विभिन्न न्यायालयों में और मध्यस्थों के समक्ष माध्यस्थम कार्यवाहियों का संचालन करने वाले सरकारी काउंसेलोंध्स्थायी काउंसेलों की व्यावसायिक फीस के बिलों को उचित जांच के पश्चात प्रमाणित भी करता है, जो केंद्रीय सरकार के मंत्रालयों और विभागों द्वारा पुनरीक्षण के लिए भेजे गए होते हैं। तथापि, इन बिलों का वास्तविक भुगतान संबंधित विभागों द्वारा ही किया जाता है। पूर्वी क्षेत्र के अन्य उच्च न्यायालयों में स्थायी काउंसेलों की व्यावसायिक फीस के बिलों का पुनरीक्षण भी इसी शाखा सचिवालय द्वारा किया जाता है।

8. इस शाखा सचिवालय में राजभाषा हिंदी के प्रचार/प्रयोग संबंधी कार्य के लिए हिंदी अनुभाग है, जिसका पर्यवेक्षण अनुभाग अधिकारी द्वारा एक कनिष्ठ हिंदी अनुवादक की सहायता से किया जाता है। इस प्रयोजन के लिए इस सचिवालय में कई कार्यशालाएं/संगोष्ठियां आयोजित की गईं। इस सचिवालय में 'हिंदी दिवस' भी पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। हिंदी शिक्षण योजना के अधीन, शाखा सचिवालय के लगभग 90 प्रतिशत अधिकारियों/कर्मचारिवृंद ने हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर लिया है। आशा की जाती है कि वर्ष 2015 तक सभी अधिकारी/कर्मचारी ऐसे पाठ्यक्रमों/प्रशिक्षण को पूरा कर लेंगे।

9. राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र, कोलकाता द्वारा विकसित 'कोसा' नामक एक नये सॉफ्टवेयर से शाखा सचिवालय, कोलकाता के कर्मचारियों के वेतन बिलों को तैयार किया जा रहा है। इस संबंध में आवश्यक कार्य पहले ही किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त, स्रोत पर काटे गए आयकर की त्रैमासिक विवरणियों को इलैक्ट्रानिक मीडिया में तैयार किया जा रहा है और फ्लापियों/सीडी में उन्हें टीआईएन सुविधा केंद्र के माध्यम से आयकर विभाग को प्रस्तुत किया जा रहा है। स्रोत पर काटे गए कर के संबंध में आयकर प्राधिकारी द्वारा एक नया फार्म–24– जी शुरू किया गया है, जिसे स्रोत पर कर काटे जाने के अगले महीने की 10 तारीख तक इस विभाग द्वारा भरकर इलैक्ट्रानिक फार्मेट में जमा किया जाना होता है। कार्यालय द्वारा साफ्टवेयर सीडीडीओ 2 पी ए ओ का प्रयोग करते हुए फ्लापियों/सीडी में व्यय का साप्ताहिक विवरण भी तैयार किया जाता है। इसके अतिरिक्त, सरकारी क्वार्टरों की लाइसेंस फीस के भुगतान की जानकारी भी गवर्नमेंट एकाउंटिंग मैनेजमेंट सिस्टम (जीएएमएस) का प्रयोग करते हुए सम्पदा निदेशालय को ऑनलाइन भेजनी होती है। वर्तमान में शाखा सचिवालय, कोलकाता में 26 (छब्बीस) पर्सनल कम्प्यूटरों का प्रयोग किया जा रहा है। शाखा सचिवालय, कोलकाता के प्रत्येक अनुभाग/अधिकारी के कक्ष में लोकल एरिया नेटवर्क मुहैया कराया गया है। अब यहां के लगभग सभी कम्पयूटरों में इंटरनेट सुविधा उपलब्ध है।

10. शाखा सचिवालय, कोलकाता का पुस्तकालय अनुभाग अधिकारी के पर्यवेक्षण में संचालित है। इसमें 8000 से अधिक पुस्तकें हैं। यह मुकदमा–कार्य और सरकारी विभागों को सलाह के काम में बहुत मददगार है। इस शाखा सचिवालय द्वारा ऑनलाइन विधि पुस्तकालय 'मनुपात्र' की सुविधा भी मुहैया कराई गई है।

11. शाखा सचिवालय, कोलकाता के कर्मचारियों के लिए दिनांक 12 अप्रैल, 2011 से एक बायोमीट्रिक उपस्थिति व्यवस्था शुरू की गई है। शाखा सचिवालय, कोलकाता के लिए एक साफ्टवेयर प्रोग्राम विकसित करने के लिए हम एन0आई0सी0 के संपर्क में हैं जिससे कि सभी लंबित न्यायालय मामलों या नए दायर मामलों की निगरानी की जा सके। एक बार डाटा एंट्री के बाद मामलों को ऑनलाईन मॉनीटर किया जा सकता है और अधिवक्ताओं और विभागों को ऑनलाईन अनुदेश दिए जा सकते हैं। एक बार तैयार किया गया कार्यक्रम केंद्र सरकार के वादकारियों को बेहतर सेवा प्रदान करने में उपयोगी होगा जिससे लागत में कमी आएगी।

2.12 शाखा सचिवालय, चेन्नै

चैन्नै स्थित शाखा सचिवालय का प्रधान एक उप विधि सलाहकार है।

सलाह : यह शाखा सचिवालय, तमिलनाडु, केरल और संघ राज्यक्षेत्र पुडुचेरी में स्थित केन्द्रीय सरकार के सभी कार्यालयों को विधिक सलाह देता है। दिनांक 1–4–2014 से 31–12–2014 तक की अवधि के दौरान, सलाह के लिए लगभग 942 निर्देश प्राप्त हुए और निपटाए गए। यह आशा की जाती है कि चालू वित्तीय वर्ष 2014–15 की शेष अवधि के दौरान सलाह के लिए लगभग 475 निर्देश और प्राप्त होंगे।

मुकदमा कार्य : – शाखा सचिवालय, चेन्नै मद्रास उच्च न्यायालय और उसके मदुरै पीठ और केरल उच्च न्यायालय में केंद्रीय सरकार के सम्पूर्ण मुकदमा कार्य (रेल, दूरसंचार, आयकर, केंद्रीय उत्पाद शुल्क और सीमा शुल्क आदि के मामलों को छोड़कर) की देखरेख करता है। यह तमिलनाडु और केरल में नगर सिविल न्यायालयों, लघु वाद प्रेसिडेंसी न्यायालय, अधीनस्थ न्यायालयों, अधिकरणों, उपभोक्ता फोरमों इत्यादि में भी केंद्रीय सरकार के मुकदमा कार्य की देखरेख करता है। इसके अलावा, शाखा सचिवालय, चेन्नै को चेन्नै स्थित केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण के मद्रास पीठ और केरल में केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण के एर्नाकुलम पीठ के समक्ष केंद्रीय सरकार का मुकदमा कार्य भी सौंपा गया है।

दिनांक 1.4.2014 से 31.12.2014 की अवधि के दौरान मुकदमों के लगभग 4772 मामले प्राप्त हुए और उनमें से लगभग 4672 मामलों का निपटान किया गया, जिनके अंतर्गत उच्च न्यायालय/सी ए टी/एल सी आदि की आवतियां, फीस बिल और खोली गई फाइलें भी शामिल हैं तथा चालू वित्त वर्ष के दौरान तीन महीने की शेष अवधि में 1700 ऐसे और मामले प्राप्त होने का अनुमान है।

शाखा सचिवालय केंद्रीय सरकार के मंत्रालयों और विभागों को उनके मामलों की महत्वपूर्ण गतिविधियों और मुकदमों के परिणामों से अवगत रखता है और यदि आवश्यक हुआ तो आगे के लिए उपयुक्त सलाह भी देता है। तमिलनाडु और केरल में न्यायालयों/अधिकरणों/उपभोक्ता मंचों/माध्यस्थम मामलों में फाइल किए जाने वाले अभिवचनों, शपथ पत्रों आदि की जांच की जाती है और मसौदे के चरण में उनकी पुनरीक्षा की जाती है। शाखा सचिवालय, चेन्नै के कार्यों में, काउंसेलों का नामांकन/नियोजन करना और केंद्रीय सरकार के संबंधित विभागों से मामले से संबंधित सामग्री एकत्र करना तथा उसे काउंसेल को सौंपने से पूर्व दस्तावेजों की कानूनी दृष्टि से आवश्यक जांच करना भी शामिल है।

काउंसेलों के फीस बिल : यह शाखा सचिवालय मद्रास उच्च न्यायालय और उसके मदुरै पीठ के मामलों में भारत के अपर महासालिसिटर, सहायक महासालिसिटर, ज्येष्ठ काउंसेलों और केन्द्रीय सरकार के स्थायी काउंसेलों को सीधे अपनी केन्द्रीयकृत निधि में से स्वयं फीस का संदाय करता है। केन्द्रीय सरकार के काउंसेलों के केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण और अधीनस्थ न्यायालयों के समक्ष उपसंजात होने के फीस के बिलों की जांच की जाती है और उन्हें प्रमाणित करने के पश्चात संदाय के लिए संबंधित विभागों को भेज दिया जाता है।

प्रकीर्ण : रिपोर्ट की अवधि के दौरान, सूचना का अधिकार अधिनियम के अधीन विभिन्न आवेदन, अपीलें और मुकदमों के संबंध में अन्य पत्र/निर्देश प्राप्त हुए और उन्हें निपटाया गया। इस कार्यालय में 7 महिला कर्मचारी काम कर रही हैं जिनमें 1 उप विधि सलाहकार, 1 अधीक्षक (विधि), 2 वैयक्तिक सहायक, 1 वरिष्ठ कोर्ट क्लर्क और 2 सहायक (सी.एस.एस.) हैं और सामान्य वर्ग के कर्मचारियों के अलावा, अ0 जा0–4, अ0 ज0 जा0–1, अ0 पि0 व0– 6, और शारीरिक रूप से विकलांग –1 है।

2.13 शाखा सचिवालय, बंगलूरू

शाखा सचिवालय, बंगलूरू की अधिकारिता के अंतर्गत कर्नाटक और आंध्र प्रदेश राज्यों में स्थित केंद्रीय सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों के मुकदमों का संचालन करना और उन्हें सलाह देना है। शाखा सचिवालय, बंगलूरू का प्रधान एक उप विधि सलाहकार है।

सलाह : शाखा सचिवालय, बंगलूरू, कर्नाटक और आन्ध्र प्रदेश राज्यों में स्थित केंद्रीय सरकार के सभी विभागों और कार्यालयों को विधिक सलाह देता है। चालू वर्ष अर्थात् 2014–2015 के दौरान सलाह के लिए लगभग 850 निर्देश प्राप्त हुए और उन सभी का निपटान कर दिया गया। सलाह कार्य में, उच्च न्यायालयों, अर्थात् कर्नाटक उच्च न्यायालय, बंगलूरू तथा कर्नाटक उच्च न्यायालय के धारवाड़ और गुलबर्ग स्थित सर्किट पीठों तथा आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के समक्ष फाइल किए जाने वाले अभिवचनों, अर्थात् आक्षेपों के विवरणों, प्रति शपथपत्रों, केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण के समक्ष फाइल किए जाने वाले उत्तर के विवरणों, जिला न्यायालयों, अधीनस्थ न्यायालयों तथा विभिन्न अन्य अधिकरणों के समक्ष फाइल किए जाने वाले लिखित विवरणों, प्रति–शपथपत्रों, प्रति–विवरणों और पाठों की जांच और उनकी विधीक्षा करना शामिल है।

इसके अतिरिक्त, विशेष अनुमति याचिका, अपील, पुनर्विलोकन आदि फाइल करने की व्यवहार्यता की जांच करना, विभागों को, उनकी कार्रवाइयों की कानूनी मजबूती के संबंध में मार्गदर्शन करते हुए विधियों का निर्वचन करना और जब कभी आवश्यक हो, प्रशासनिक विभागों के साथ विचार–विमर्श करना आदि कार्य किए जाते हैं।

मुकदमा कार्य: यह शाखा सचिवालय, कर्नाटक उच्च न्यायालय, बंगलूरु और उसके धारवाड़ व गुलबर्ग स्थित सर्किट पीठों और आन्ध्र प्रदेश उच्च न्यायालय में और बंगलूरू नगर, हैदराबाद व सिकन्दराबाद में अधीनस्थ न्यायालयों और दोनों राज्यों के केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरणों में केंद्रीय सरकार के विभागों और कार्यालयों के संपूर्ण मुकदमा संबंधी कार्य का पर्यवेक्षण करता है। यह शाखा सचिवालय दोनों राज्यों के जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष फोरमों और राज्य उपभोक्ता प्रतितोष आयोगों, केंद्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण और ऋण वसूली अधिकरण में सरकारी मुकदमों का कार्य भी देखता है। चालू वर्ष 2014–15 के दौरान, मुकदमों से संबंधित लगभग 3700 मामले प्राप्त हुए, जिनमें काउंसेलों के नामनिर्देशन, काउंसेलों के फीस बिल और मुकदमों से संबंधित सामान्य पत्राचार शामिल है। इस संबंध में शाखा सचिवालय के कृत्यों

में केंद्रीय सरकारी काउंसेलों की नियुक्ति/नामनिर्देशन करना तथा उनके बीच मुकदमों का वितरण करना शामिल है।

काउंसेलों के फीस के बिलः यह शाखा सचिवालय काउंसेलों के फीस के बिलों पर स्वयं कार्रवाई करता है और कर्नाटक उच्च न्यायालय, बंगलूरु में भारत के सहायक सालिसिटर और केंद्रीय सरकारी काउंसेल को अपनी केंद्रीकृत निधि से सीधे फीस का भुगतान करता है। जहां तक कर्नाटक उच्च न्यायालय के धारवाड़ और गुलबर्ग के सर्किट पीठों का संबंध है, काउंसेल की फीस शाखा सचिवालय, बंगलूरू द्वारा नहीं बल्कि उस विभाग द्वारा वहन की जाती है, जिसकी ओर से वह मुकदमे का संचालन करता है। केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण, जिला और अधीनस्थ न्यायालयों में केंद्रीय सरकारी पैनल कांउसेल की फीस का भुगतान संबंधित विभाग करते हैं। अतः यह शाखा सचिवालय काउंसेलों की फीस के बिलों को प्रमाणित नहीं कर रहा है। तथापि, इस मामले में कोई शंका होने पर अनुरोध किए जाने पर यह शाखा सचिवालय को स्थिति स्पष्ट करता है।

2.14 कार्यालय को सामान्य पूल कार्यालय आवास में शिफ्ट करना

शाखा सचिवालय, बंगलूरू को केंद्रीय सदन, कोरमंडल, बंगलूरू के चतुर्थ तल, डी विंग के नए आवंटित स्थान पर शिफ्ट किया गया है और इसने दिनांक 15.10.2014 से नए कार्यालय परिसर में काम करना शुरू कर दिया है।

भारत का विधि आयोग

20वें विधि आयोग का गठन 1 सितंबर, 2012 से 31 अगस्त, 2015 तक तीन वर्ष की अवधि के लिए किया गया है। आयोग में एक पूर्णकालिक अध्यक्ष, (न्यायमूर्ति ए0पी0शाह, पूर्व मुख्य न्यायमूर्ति, दिल्ली उच्च न्यायालय), सदस्य सचिव सहित चार पूर्णकालिक सदस्य (न्यायमूर्ति एस0एन0 कपूर, पूर्व न्यायाधीश, दिल्ली उच्च न्यायालय, न्यायमूर्ति उषा मेहरा, पूर्व न्यायाधीश, दिल्ली उच्च न्यायालय, प्रो0(डा0) मूलचंद शर्मा, पूर्व कुलपति, केंद्रीय विश्वविद्यालय, हरियाणा और डा0 एस0एस0चाहर, सदस्य (सचिव), दो पदेन सदस्य (सचिव, विधि कार्य विभाग, श्री पी0के0मल्होत्रा, एवं सचिव, विधायी विभाग, डा0 संजय सिंह) और 05 अंशकालिक सदस्य हैं (एक अंशकालिक सदस्य ने जुलाई, 2014 में त्यागपत्र दे दिया है)

20वें विधि आयोग को सौंपे गए विचारार्थ विषय निम्नलिखित हैं–

क. अप्रचलित विधियों का पुनर्विलोकन/निरसन :

(i) ऐसी विधियों की पहचान करना जो अब आवश्यक या सुसंगत नहीं रह गई हैं और जिन्हें तत्काल निरसित किया जा सकता है।

(ii) ऐसी विधियों की पहचान करना जो आर्थिक उदारीकरण के विद्यमान परिवेश के सामंजस्य में नहीं हैं और जिनमें परिवर्तन की आवश्यकता है।

(iii) ऐसी विधियों की पहचान करना जिनमें परिवर्तन या संशोधन अपेक्षित हैं और उनके संशोधन के लिए सुझाव देना।

(iv) विभिन्न मंत्रालयों/विभागों के विशेषज्ञ समूहों द्वारा दिए गए पुनरीक्षण/संशोधन के सुझावों पर, उनके समन्वयन और सामंजस्यकरण की दृष्टि से, व्यापक परिप्रेक्ष्य में विचार करना।

(v) मंत्रालयों/विभागों द्वारा, एक से अधिक मंत्रालय/विभाग के कार्यकरण पर प्रभाव डालने वाले विधान की बाबत उनके द्वारा किए गए निर्देशों पर विचार करना

(vi) विधि के क्षेत्र में नागरिकों की शिकायतों को शीघ्र दूर करने के लिए उपयुक्त उपायों का सुझाव देना।

ख. विधि और निर्धनता :

(i) ऐसी विधियों की जांच करना जो निर्धनों पर प्रभाव डालती हैं और सामाजिक – आर्थिक विधान के लिए पश्च–संपरीक्षा करना

(i) ऐसे सभी उपाय करना जो निर्धनों की सेवा में विधि और विधिक प्रक्रिया को उपयोग में लाने के लिए आवश्यक हों।

ग. यह सुनिश्चित करने के लिए न्याय प्रशासन की पद्धति का पुनर्विलोकन करते रहना कि वह समय की उचित मांगों के लिए प्रभावी बनी रहे और विशेष रूप से, निम्नलिखित को सुनिश्चित करना :–

(i) विलंब को दूर करना, बकाया मामलों का शीघ्र निपटान करना और खर्च में कमी करना ताकि इस आधारभूत सिद्धांत कि विनिश्चय न्यायपूर्ण और निष्पक्ष होने चाहिएं, पर प्रभाव डाले बिना, मामलों का शीघ्र और मितव्ययी निपटान सुनिश्चित किया जा सके।

(ii) विलंबकारी युक्तियों और तकनीकी जटिलताओं को दूर करने या कम करने के लिए प्रक्रिया का सरलीकरण करना, जिससे वह स्वयं में साध्य बनकर न रह जाए बल्कि न्याय की प्राप्ति में एक साधन के रूप में प्रयुक्त हो।

(iii) न्याय प्रशासन से संबद्ध सभी मानदंडों में सुधार।

घ. विद्यमान विधियों की राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों के आलोक में परीक्षा करना और उनमें सुधार तथा उन्नति के तरीकों का सुझाव देना और ऐसे विधान का सुझाव भी देना जो निर्देशक सिद्धांतों के कार्यान्वयन के लिए और संविधान की उद्देशिका में वर्णित उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए आवश्यक हो।

ङ लैंगिक समानता के संवर्धन की दृष्टि से विद्यमान विधियों की परीक्षा करना और उनमें संशोधनों के लिए सुझाव देना।

च. सामान्य महत्व के केन्द्रीय अधिनियमों का पुनरीक्षण करना जिससे उन्हें सरल बनाया जा सके और विसंगतियों, संदिग्धताओं तथा असमानताओं को दूर किया जा सके।

छ. अप्रचलित विधियों और ऐसी अधिनियमितियों या उनके ऐसे भागों को, जिनकी उपयोगिता नहीं रह गई है, निरसित करके कानून को अद्यतन करने के उपायों की सरकार को सिफारिश करना।

ज. विधि और न्याय प्रशासन से संबंधित ऐसे किसी भी विषय पर, जो विधि और न्याय मंत्रालय (विधि कार्य विभाग) के माध्यम से सरकार द्वारा इसे निर्देशित किया जाए, विचार करना और अपने अभिमत से सरकार को अवगत कराना।

झ. अनुसंधान प्रदान करने के लिए विदेशों से प्राप्त अनुरोधों पर, जो सरकार द्वारा विधि और न्याय मंत्रालय (विधि कार्य विभाग) के माध्यम से विनिर्दिष्ट किए गए हों, पर विचार करना।

ण. खाद्य सुरक्षा, बेरोजगारी पर वैश्वीकरण के प्रभाव की जांच करना और गरीबों के हितों की रक्षा के लिए उपायों की सिफारिश करना।

3. 20वें विधि आयोग ने उसे सौंपे गए विचारार्थ विषयों के अनुसरण में विभिन्न विषयों पर कार्य किया।

4. विधि आयोग ने वर्ष 2014 – 2015 के दौरान निम्नलिखित रिपोर्टें प्रस्तुत कीं :–

i. रिपोर्ट सं0 244 : निर्वाचन संबंधी अनर्हता (24.2.2014)

ii. रिपोर्ट सं0 245 : बकाया और बैकलॉगः अतिरिक्त न्यायिक मानवशक्ति का सृजन (07.07.2014)

iii. रिपोर्ट सं0 246 : माध्यस्थम एवं सुलह अधिनियम,1996 में संशोधन (05.08.2014)

iv. रिपोर्ट सं0 247 : भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, 1925 की धारा 41 से 48(02.09.2014)

v. रिपोर्ट सं0 248 : अप्रचलित विधियांः तत्काल निरसन की आवश्यकता (अंतरिम रिपोर्ट)(12.9.2014)

vi. रिपोर्ट सं0 249: अप्रचलित विधियांः तत्काल निरसन की आवश्यकता (द्वितीय अंतरिम रिपोर्ट)(13.10.2014)

vii. रिपोर्ट सं0 250: अप्रचलित विधियांः तत्काल निरसन की आवश्यकता (तृतीय अंतरिम रिपोर्ट)(19.10.2014)

viii. रिपोर्ट सं0 251: अप्रचलित विधियांः तत्काल निरसन की आवश्यकता (चौथी अंतरिम रिपोर्ट)(14.11.2014)

ix. रिपोर्ट सं0 252: हिंदू पत्नी का भरण–पोषण का अधिकारः हिंदू दत्तक एंव भरण–पोषण अधिनियम, 1956 की समीक्षा (6.1.2015)

5. 20वें विधि आयोग ने निम्नलिखित परामर्श–पत्र तैयार किए और जनसाधारण एवं संबंधित समूहों की राय जानने के लिए परिचालित किए हैं :–

i) मीडिया कानून पर परामर्श पत्र (मई, 2014)

ii) मृत्यु दंड पर परामर्श पत्र (मई, 2014)

iii) भारत में साझे पितृत्व की प्रथा पर परामर्श–पत्र (नवंबर, 2014)

2.15 आयकर अपीलीय अधिकरण (आई.टी.ए.टी.)

I. उद्गमः

आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 252 में यह उपबंध है कि केंद्रीय सरकार, अधिनियम में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करने और कृत्यों का निर्वहन करने के लिए उतने न्यायिक सदस्यों और लेखा सदस्यों से, जितने वह ठीक समझे, एक अपीलीय अधिकरण का गठन करेगी। भारतीय आय–कर अधिनियम, 1922 में अंतर्विष्ट ऐसे ही उपबंधों के अनुसरण में दिनांक 25 जनवरी, 1941 को आयकर अपीलीय अधिकरण की स्थापना की गई थी।

II. गठनः

आयकर अधिनियम, 1961 में यह उपबंध है कि अधिकरण का न्यायिक सदस्य एक ऐसा व्यक्ति होगा जिसने भारत के राज्य क्षेत्र में कम–से–कम दस वर्ष तक न्यायिक पद धारण किया हो या जो भारतीय विधि सेवा का सदस्य रहा हो और जिसने उस सेवा के ग्रेड 2 में कोई पद या उसके समतुल्य या

उच्चतर पद कम–से–कम तीन वर्ष तक धारण किया हो या जो कम–से–कम दस वर्ष तक अधिवक्ता रहा हो। लेखा सदस्य एक ऐसा व्यक्ति होगा जिसने चाटर्ड अकाउंटेंट अधिनियम, 1949 (1949 का 38) के अधीन चार्टर्ड अकाउंटेट के रूप में लेखाकर्म का कम–से–कम दस वर्ष तक व्यवसाय किया हो या पूर्व में प्रवृत्त किसी विधि के अधीन एक रजिस्ट्रीकृत अकाउंटेंट या आंशिकतः रजिस्ट्रीकृत अकाउंटेंट और आंशिकतः चार्टर्ड अकाउंटेंट रहा हो या जो भारतीय आयकर सेवा समूह 'क' का सदस्य रहा हो और जिसने कम–से–कम तीन वर्ष तक (अपर) आय–कर आयुक्त का पद या उसके समतुल्य या उच्चतर पद धारण किया हो।

III. शक्तियां और कृत्य :

3.1 आयकर अधिनियम के अधीन गठित आयकर अपीलीय अधिकरण प्रत्यक्ष कर के सभी मामलों में द्वितीय अपीलों तथा प्रशासनिक आयुक्तों के पुनरीक्षण आदेशों के विरूद्ध और आयकर अधिनियम के अध्याय–XX–क के अधीन संपत्ति के अर्जन के आदेशों के विरूद्ध अपीलों का निपटान करता है।

3.2 आयकर अपीलीय अधिकरण की शक्तियों का प्रयोग और कृत्यों का निर्वहन अधिकरण के अध्यक्ष द्वारा इसके सदस्यों में से गठित की गई न्यायपीठों द्वारा किया जाता है। एक न्यायपीठ में एक न्यायिक सदस्य और एक लेखा सदस्य होता है। अध्यक्ष या केन्द्रीय सरकार द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत किया गया अधिकरण का कोई अन्य सदस्य एकल रूप में बैठकर किसी मामले को निपटा सकेगा जो ऐसे न्यायपीठ को आबंटित किया गया है जिसका वह सदस्य है और जो ऐसे निर्धारिती से संबंधित है जिसकी मामले में निर्धारण अधिकारी द्वारा यथासंगणित कुल आय पांच लाख रूपये से अधिक नहीं है और अध्यक्ष, आयकर अधिनियम, 1961 के उपबंधों के अधीन रहते हुए, किसी विशिष्ट मामले के निपटारे के लिए तीन या इससे अधिक सदस्यों का विशेष न्यायपीठ गठित कर सकेगा, जिसमें आवश्यक रूप से एक न्यायिक सदस्य और एक लेखा सदस्य होगा।

IV. प्रक्रिया और नियम :

4.1 अपीलीय अधिकरण को उन सभी विषयों में जो उसकी शक्तियों के प्रयोग और कृत्यों के निवर्हन से उत्पन्न होते हैं, जिसके अंतर्गत वे संस्थान भी हैं जहां न्यायपीठ अपनी बैठक करेंगे, स्वयं की प्रक्रिया और अपने न्यायपीठों की प्रक्रिया विनियमित करने की शक्ति प्राप्त है।

4.2 तदनुसार, अपीलीय अधिकरण ने अपने नियम बनाए हैं जिन्हें आयकर (अपीलीय अधिकरण) नियम, 1963 कहा जाता है। उक्त नियम आयकर अपीलीय अधिकरण के समक्ष लंबित सभी मामलों के शीघ्र निपटारे के लिए सर्वाधिक उपयुक्त हैं। यह अधिकरण न केवल आयकर से संबंधित मामलों में अपितु धन–कर, दान–कर और व्यय–कर आदि जैसे कराधान के सभी मामलों में अंतिम तथ्यान्वेषण–प्राधिकरण के रूप में कार्य करता है। अपीलीय अधिकरण में दक्ष कार्मिक हैं जो अपने पूरी सामर्थ्य से अपने कृत्यों का निर्वहन करते हैं और कर–दाता और राजस्व के बीच बिना किसी भय के निष्पक्ष रूप से न्याय का पलड़ा बराबर बनाए रखते हैं।

4.3 सामान्यतः अपीलों की सुनवाई एक लेखा सदस्य और एक न्यायिक सदस्य से मिलकर बने न्यायपीठ द्वारा की जाती है। तथापि, समुचित मामलों में अध्यक्ष के विवेक से किसी न्यायपीठ में दो से अधिक सदस्य हो सकते हैं।

4.4 जिन मामलों का निपटारा अपीलीय अधिकरण करता है, वे अत्यंत महत्व के होते हैं और उनमें लाखों रूपयों का राजस्व शामिल होता है। अधिकरण को विधि और तथ्य के जटिल प्रश्नों का विनिश्चय

करने का दायित्वपूर्ण कार्य सौंपा गया है। न्यायिक और लेखा सदस्य, दोनों की उपस्थिति इस बात को सुनिश्चित करती है कि उनके विचाराधीन मामलों में तथ्य के प्रश्नों की समुचित रूप से जांच की गई है और उसमें कानूनी पहलू के साथ–साथ लेखा की दृष्टि से भी पूरा–पूरा ध्यान दिया गया है। अधिकरण अपील के दोनों पक्षकारों के प्रतिनिधियों को अपने समक्ष अपील करने की अनुमति देता है और कोई आदेश पारित करने से पूर्व अनिवार्यतः उनकी सुनवाई करता है। सदस्य पक्षकारों की सुनवाई करते हैं, अभिलेख पर साक्ष्य का अवलोकन करते हैं, उन पर अपने टिप्पण लिखते हैं, न्यायालय में उद्धृत नजीरों को निर्दिष्ट करते हुए आपस में परामर्श करते हैं और फिर अंतिम आदेश पारित करते हैं। यह प्रक्रिया अपने आप में ही एक गारंटी है कि तथ्यों के प्रश्न समुचित रूप से और न्यायिकतः विनिश्चित किए जाते हैं और अधिकरण द्वारा निकाले गए निष्कर्ष निष्पक्ष और निर्दोष होते हैं।

V अपीलों का लंबन :

5.1 वर्ष 2014 की शुरूआत में 83744 अपीलें लंबित थीं और दिनांक 1 जनवरी, 2015 को आयकर अपील अधिकरण में लंबित अपीलों की संख्या 100567 है। वर्ष 2013 और 2014 में सदस्यों की संख्या, दाखिल हुई अपीलों की संख्या, निपटाई गई अपीलों की संख्या और लंबित अपीलों की संख्या का तुलनात्मक विवरण निम्नलिखित हैः–

वर्ष	सदस्यों की संख्या	दाखिल की गई अपीलें	निपटाई गई अपीलें	लंबित अपीलें
2013	78	45760	32848	83732
2014	68	46652	29817	100567

5.2 निम्नलिखित सारणी से देखा जा सकता है कि नव–सृजित पीठों के चालू होने के बाद से लंबन को कम करने की वचनबद्धता के उत्साहजनक परिणाम दिखाई दे रहे हैं :–

वर्ष	दाखिल	निपटाई गई	वर्ष के अंत में लम्बित
2004–2005	57331	78901	137164
2005–2006	45283	73979	108468
2006–2007	43192	65524	86136
2007–2008	44356	59653	70839
2008–2009	40372	55889	55322
2009–2010	41648	49353	47617
2010–2011	44250	36293	55574
2011–2012	42346	33816	64104
2012–2013	43934	33752	74286
2013–2014	46031	31886	88643
1.1.2015 तक	34219	22295	100567

VI. लंबित मामलों की संख्या कम करने के लिए किए गए प्रयासः

6.1 सभी न्यायपीठों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं कि वे आयकर अपीलीय अधिकरण, उच्च न्यायालयों और उच्चतम न्यायालय के विनिश्चयों के अंतर्गत आने वाले मामलों की जांच करें और उनकी पहचान करें तथा प्राथमिकता के आधार पर उन्हें पोस्ट करें। इनमें समूह के और छोटे मामले शामिल हैं। बार से भी यह अनुरोध किया गया है कि इस प्रकार के सभी मामलों को बारी से पहले निपटान हेतु पोस्ट करने के लिए आयकर अपीलीय अधिकरण के ध्यान में लाया जाए। इसके अतिरिक्त, धारा 263 के अधीन तलाशी और जब्ती तथा अपीलों को निपटान के लिए प्राथमिकता दी जा रही है। एकल सदस्य की सुनवाई वाले मामलों के निपटान के लिए कुछ समय पूर्व शुरू किए गए विशेष अभियान से लंबित मामलों की संख्या को कम करने में उल्लेखनीय प्रगति दिखाई देने लगी है। एकल सदस्य वाले मामलों के लंबन को कम करने में इसके प्रभाव को निम्नानुसार देखा जा सकता हैः–

माह	कुल लम्बित मामले
जनवरी, 2014	664
फरवरी, 2014	767
मार्च, 2014	782
अप्रैल, 2014	897
मई, 2014	1003
जून, 2014	1012
जुलाई, 2014	1024
अगस्त, 2014	1009
सितम्बर, 2014	1068
अक्टूबर, 2014	1072
नवम्बर, 2014	1071
दिसम्बर, 2014	1134

धन कर के मामलों के लंबन के आंकड़े निम्नानुसार हैं :–

माह	कुल लम्बित मामले
जनवरी, 2014	369
फरवरी, 2014	381
मार्च, 2014	414
अप्रैल, 2014	473
मई, 2014	497
जून, 2014	518
जुलाई, 2014	515
अगस्त , 2014	479
सितम्बर, 2014	484
अक्टूबर, 2014	491
नवम्बर, 2014	494
दिसम्बर, 2014	508

6.2 आयकर अपीलीय अधिकरण के लिए स्वीकृत न्यायपीठों की कुल संख्या 63 है, जिनमें सदस्यों की अपेक्षित संख्या 126 है तथा वर्तमान में 68 सदस्य हैं। कुछ न्यायपीठ नियमित रूप से कार्य नहीं कर रहे हैं, जिससे उनमें लंबित मामलों की संख्या में वृद्धि हो रही हैं। सरकार द्वारा अप्रैल, 2014 से जून, 2014 के दौरान विभिन्न स्थानों जैसे दिल्ली, मुंबई, चंडीगढ़, चेन्नै, हैदराबाद, कोलकाता, भुवनेश्वर आदि में आयकर अपीलीय अधिकरण के सदस्यों के 48 खाली पदों को भरने के लिए साक्षात्कार लिए हैं और आगे कार्रवाई चल रही है। नए सदस्यों के आ जाने पर आयकर अपीलीय अधिकरण लंबित मामलों की संख्या हो घटाने के लिए बेहतर स्थिति में आ जाएगा।

6.3 सदस्यों की अपर्याप्त संख्या के कारण अधिकरण के कई पीठों ने काम करना बंद कर दिया है, जिसके कारण वादकारियों को कठिनाई हो रही है तथा लंबित अपीलों की संख्या में वृद्धि हो रही है और यह अधिकरण के लिए घोर चिंता का विषय बन गया है। अतः आयकर अपीलीय अधिकरण में न्याय प्रदायन के लिए सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए ई–न्यायालयों/ई–न्यायपीठों को शुरू करने की जरूरत है। इससे कार्य नहीं कर रहे पीठों में भी काम शुरू हो सकेगा और उनमें लंबित मामलों की संख्या में कमी आएगी। तदनुसार, नागपुर पीठ को मुम्बई पीठ से जोड़ा गया है और वहां दिनांक 10.12.2012 से वीडियो–कानफ्रेंसिंग के जरिये अपीलों की सफलतापूर्वक ई–न्यायालय सुनवाई शुरू हो गई है।

6.4 नागपुर पीठ में ई–न्यायालय के सफल आयोजन से प्रेरित होकर, आयकर अपीलीय अधिकरण राजकोट को आयकर अपील अधिकरण, मुंबई / नई दिल्ली से जोड़ने के लिए ई–न्यायालय स्थापित करने की तैयारी कर रहा है। बार एसोसिएशनों और आयकर विभाग के साथ एक बैठक की गई है और राजकोट में ई–न्यायालय स्थापित करने के विचार का जोरदार स्वागत किया गया है। तद्नुसार, सभी

तकनीकी आधारभूत संरचना स्थापित की गई है। जल्दी ही आयकर अपीलीय अधिकरण, राजकोट को आयकर अपीलीय अधिकरण मुंबई / नई दिल्ली से जोड़ते हुए ई–न्यायालय की शुरूआत हो जाएगी।

6.5 वर्ष 2014 के दौरान, विभिन्न अधिनियमों के अधीन अधिकरण में 46652 अपीलें दाखिल हुईं और अधिकरण ने 29817 अपीलों का निपटान किया, जिससे पता चलता है कि आयकर अपील अधिकरण अपना काम कुशलतापूर्वक कर रहा है क्योंकि निपटान का प्रतिशत 63.91% है।

VII. कम्प्यूटरीकरण :

7.1 आयकर अपीलीय अधिकरण में कंप्यूटरीकरण की प्रक्रिया वर्ष 2000 के प्रारंभ में शुरू हुई थी और हाल के वर्षों में अधिकरण की दैनंदिन गतिविधियों में कई नवीन परियोजनाओं के कार्यान्वयन से इसमें तेजी आई है। इन वर्षों में अधिकरण द्वारा अपने आदर्श वाक्य 'सुलभ न्यायः सत्वर न्याय' को चरितार्थ करने के लिए विभिन्न परियोजनाएं लागू की गई हैं।

उपलब्धियां :

(क) **आई.टी.ए.टी. ऑनलाइन परियोजनाः** यह पायलट परियोजना अधिकरण में न्यायिक प्रशासन की प्रक्रिया को स्वचालित बनाने की दिशा में उठाया गया पहला कदम है, जिसमें अपीलों और आवेदनों की प्राप्ति और पंजीकरण से लेकर उनका निपटान होने तक तथा अधिकरण के आदेशों को अपलोड किया जाता है। यह परियोजना अधिकरण के सभी पीठों में चरणबद्ध रूप से कार्यान्वित की गई है। आई.टी.ए.टी. ऑनलाइन एक वेब आधारित अनुप्रयोग है, जिसे कभी भी कहीं से भी प्रयोग किया जा सकता है। अब आयकर अपीलीय अधिकरण के सभी पीठ आई.टी.ए.टी. ऑनलाइन डाटाबेस से जोड़े जा चुके हैं तथा पंजीकरण, डाटा अपडेशन, अधिकरण के आदेश अपलोड करना आदि गतिविधियां वेब अनुप्रयोग द्वारा की जा रही हैं। इस परियोजना का वेब व डाटाबेस सर्वर इन–हाउस लगाया गया है तथा फाइबर ऑप्टिक केबल तकनीक पर एक विशेष तेज गति 4 एबीपीएस (1:1) इंटरनेट लीज्ड लाइन से जोड़ा गया है।

(ख) **आई.टी.ए.टी. की आधिकारिक वेबसाइटः** आई.टी.ए.टी. ऑनलाइन परियोजना के विस्तार के रूप में आयकर अपीलीय अधिकरण की आधिकारिक वेबसाइट बनाई गई है और आम जनता को न्यायिक और सामान्य जानकारी देने के लिए चालू की गई है। इसमें अधिकरण में आने वाले वादकारियों की न्यायिक सूचना की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए गतिशील सूचना जैसे कि वाद–सूची, संविधान, मामले की स्थिति, आदेश की खोज, निर्णयों की खोज आदि जानकारी उपलब्ध कराई गई है। इसके अलावा, वादकारियों को और आम जनता को छुट्टियों की सूची, निविदा और नीलामी, सूचनापट्ट, सूचना का अधिकार आदि स्थिर प्रकार की जानकारी भी सुलभ कराई गई है। इस वेबसाइट का व्यापक उपयोग हो रहा है और इसकी खूब सराहना हुई है।

(ग) **एन.आई.सी. ई–मेलः** आयकर अपीलीय अधिकरण के सामान्य प्रशासन में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के उपयोग को बढ़ाने और विभिन्न पीठों, सदस्यों और अधिकारियों के बीच प्रभावी संचार के लिए तथा आयकर अपीलीय अधिकरण राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र की ई–मेल सुविधाओं का उपयोग करता है। सभी पीठों, क्षेत्रों, सदस्यों, रजिस्ट्री के अधिकारियों, प्रधान निजी सचिवों/ निजी सचिवों तथा प्रधान कार्यालय के सभी अनुभागों के लिए एनआईसी ई–मेल खाते बनाए गए हैं। संचार के पारंपरिक तरीकों की तुलना में प्रयोग में आसान, तेज और आर्थिक व पारिस्थितिक

दृष्टि से लाभदायक होने के कारण हाल के वर्षों में ई–मेल का प्रयोग उपयोगकर्ताओं के बीच स्वीकृति हासिल कर रहा है और इसका उपयोग लगातार बढ़ रहा है।

(घ) आधारिक संरचना का उन्नयन : आयकर अपीलीय अधिकरण को हमेशा से लगता रहा है कि बेहतर कंप्यूटरीकरण के लिए बेहतर आधारिक संरचना होना जरूरी है। तदनुसार, आयकर अपीलीय अधिकरण चरणबद्ध तरीके से पुराने और अप्रचलित कंप्यूटरों, प्रिंटरों आदि उपकरणों को बदल कर नए उपकरण लाता रहा है। आयकर अपीलीय अधिकरण, मुंबई पीठों के लिए 30 कंप्यूटर और प्रिंटर खरीदे गए हैं। आयकर अपीलीय अधिकरण के सभी सदस्यों को कार्यालय प्रयोग के लिए लैपटाप पहले ही दे दिए गए हैं।

VIII. भविष्य की परियोजनाएं

(क) आधिकारिक वेबसाइट और वेब एप्लीकेशन्स का पुनर्विकास

(i) आयकर अपीलीय अधिकरण अपनी आधिकारिक वेबसाइट और वेब एप्लीकेशन्स को अधिक सूचना उपयोगी, अधिक मैत्रीपूर्ण और दिशानिर्देशों और मानकों के अनुरूप बनाने के लिए उन्हें रीवैंप कर रहा है। इसके अलावा आयकर अपीलीय अधिकरण ने संसदीय राजभाषा समिति को आश्वासन दिया है कि वे अपनी वेबसाइट को पूरी तरह से द्विभाषी बनाएंगे। आयकर अपीलीय अधिकरण अपने आयकर अपीलीय अधिकरण के ऑनलाईन डाटा को नेशनल जूडीशियल रेफरेंस सिस्टम (एनआईआरएस) परियोजना के साथ बांटने के आयकर विभाग के अनुरोध से सहमत हो गया है जिसके लिए हमें वेब एप्लीकेशन में कुछ बदलाव करने होंगे।

(ii) तद्नुसार, उपरिलिखित आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, आयकर अपीलीय अधिकरण ने द्विभाषी परियोजना के पुर्नविकास का कार्य शुरू किया है। आयकर अपीलीय अधिकरण ने इस परियोजना में एक नए माड्यूल सिटीजन टू गवर्नमैंट (सी2जी) माड्यूल अर्थात 'ई–फाइलिंग' को भी शामिल किया है जिससे वादकारी अपने घर से ही अधिकरण के समक्ष अपनी अपील और आवेदन ऑनलाईन दाखिल कर सकते हैं। उचित समय पर कागज–विहीन कार्रवाई सुनिश्चित करने का प्रावधान भी परियोजना में शामिल किया गया है।

(iii) इस परियोजना का काम चालू वित्त वर्ष में शुरू हो जाएगा और इस परियोजना के लिए पर्याप्त निधियां रखी गई हैं। आयकर अपीलीय अधिकरण अपने प्लैटिनम जुबली वर्ष (2015) में इस योजना को पूरा करने तथा अपनी नई वेबसाइट और वेब–अनुप्रयोग का उद्घाटन करने के लिए कटिबद्ध है।

IX. आयकर अपीलीय अधिकरण का अपना भवन

9.1 आयकर अपीलीय अधिकरण का अपना कार्यालय भवन हो, इसके लिए अधिकरण ने कार्रवाई शुरू कर दी है और इस दिशा में कदम बढ़ाते हुए आयकर अपीलीय अधिकरण ने पुणे, बंगलूरू और जयपुर में कार्यालय–सह–आवासीय क्वार्टरों के निर्माण के लिए भूमि खरीदी है।

9.2 मंत्रालय ने आयकर अपीलीय अधिकरण, लखनऊ पीठ के लिए लखनऊ में कार्यालय और आवासीय परिसर के निर्माण हेतु भूमि की खरीद के लिए रु0 17,80,61,400 के व्यय के लिए अपने सक्षम प्राधिकारी की सहमति प्रदान की है।

9.3 मंत्रालय ने आयकर अपीलीय अधिकरण, पुणे पीठ द्वारा अकुर्डी, पुणे में ली गई भूमि पर कार्यालय और आवासीय परिसर के निर्माण और मिट्टी की जांच के लिए रु0 17,70,50,675 के व्यय के लिए अपने सक्षम प्राधिकारी की सहमति प्रदान की है।

9.4 मंत्रालय ने बंगलूरू में सर्व सं0 51, बीटीएम लेआउट, तावरेकेरे गांव, बंगलूरू में आयकर अपीलीय अधिकरण, बंगलूरू पीठ के लिए कार्यालय भवन के निर्माण के लिए रु0 15,07,65,092 के व्यय के लिए अपने सक्षम प्राधिकारी की सहमति भी प्रदान की है।

9.5 मंत्रालय ने आयकर अपीलीय अधिकरण, पणजी पीठ के दो सदस्यों के उपयोग के लिए आयकर अपीलीय अधिकरण द्वारा विजन पार्क–II, डी ब्लॉक, मीरामर, टोनका, गोवा में रु. 40,000/– प्रति माह प्रति फ्लैट की दर से दो फ्लैट किराए पर लेने के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है और तदनुसार, आयकर अपीलीय अधिकरण, पणजी के सदस्यों द्वारा उक्त फ्लैट ले लिए गए हैं।

9.6 मंत्रालय ने आयकर अपीलीय अधिकरण, रांची पीठ, रांची के परिसर में नए कार्यालय के लिए आवश्यक परिवर्तन/परिवर्धन करने/बिजली के काम आदि के लिए रु. 57,04,433 के व्यय के लिए सक्षम प्राधिकारी की सहमति प्रदान की है। उक्त कार्य चल रहा है और फरवरी, 2015 के अंत तक पूरा हो जाएगा।

9.7 ओडीशा सरकार ने सीडीए, कटक स्थित 1.601 एकड़ भूमि का एक प्लॉट आयकर अपीलीय अधिकरण, कटक पीठ को कार्यालय का भवन और कर्मचारियों के लिए क्वार्टर बनाने के आवंटित किया है। आयकर अपीलीय अधिकरण, कटक में कार्यालय भवन तथा स्टाफ क्वार्टरों के निर्माण का काम सक्षम प्राधिकारी के समक्ष लीज डीड के निष्पादन होने के बाद शुरू होगा।

9.8 जैसा कि केंदीय लोक निर्माण विभाग, जयपुर ने सूचित किया है, आयकर अपीलीय अधिकरण द्वारा लिए गए भूमि के प्लॉट जी –4, राजामल रेजीडेंसी एरिया, सी– स्कीम, जयपुर में निर्माण कार्य चल रहा है और उक्त कार्य करार के अनुसार सितंबर, 2015 के पहले हफ्ते में पूरा हो जाएगा।

X. सदस्यों के लिए सुविधाएं :

माननीय उच्चतम न्यायालय ने भारत संघ और अन्य बनाम ऑल गुजरात फेडरेशन ऑफ टैक्स कंसल्टेंट्स के मामले में वर्ष 1998 की विशेष अनुमति याचिका (एल) एमओएस 6905/1998 व टीपी (सी) सं0 659 और 672–673 में दिनांक 19.9.2003 के अपने आदेश के तहत सरकार को यह निदेश दिया था कि आयकर अपीलीय अधिकरण के सदस्यों को विभिन्न सुविधाएं प्रदान की जाएं और आयकर अपीलीय अधिकरण द्वारा सदस्यों को उक्त सुविधाएं मुहैया कराने के लिए हर संभव प्रयास किया गया है।

XI. हितकारी निधि

आयकर अपीलीय अधिकरण में एक हितकारी निधि बनाई गई है, जिसमें अधिकारियों और कर्मचारीवृंद के स्वैच्छिक अभिदाय से राशि संगृहीत की गई है। अध्यक्ष, आयकर अपीलीय अधिकरण इसके संरक्षक हैं। अधिकारी और कर्मचारीवृंद इस निधि में स्वैच्छिक रूप से अभिदाय करते हैं तथा निधि के नियमों के अधीन बनाई गई समिति की सिफारिश पर ऐसे कर्मचारियों को, जिन्हें चिकित्सा और अन्य आपात स्थितियों में मदद की जरूरत होती है, आर्थिक सहायता दी जाती है।

XII. सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

यह अधिनियम आयकर अपीलीय अधिकरण द्वारा लागू किया जा रहा है।

XIII. राजभाषा नीति का कार्यान्वयन :

13.1 आयकर अपीलीय अधिकरण के सभी न्यायपीठों में राजभाषा कार्यान्वयन समितियां गठित की गई हैं ताकि राजभाषा विभाग, भारत सरकार द्वारा निर्धारित राजभाषा नीति के उचित कार्यान्वयन पर नजर रखी जा सके और मार्गदर्शन दिया जा सके।

13.2 हिन्दी में पत्र व्यवहार के लिए निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति में हुई प्रगति तथा इसके कार्यान्वयन को संबंधित न्यायपीठ द्वारा मॉनीटर किया जाता है और न्यायपीठों की हिन्दी के प्रगामी प्रयोग संबंधी तिमाही रिपोर्टों की आयकर अपीलीय अधिकरण के मुम्बई स्थित मुख्यालय द्वारा नियमित रूप से जांच की जाती है। राजभाषा विभाग, भारत सरकार की हिन्दी शिक्षण योजना के अधीन पर्याप्त संख्या में कर्मचारियों को नामित करके उन्हें हिन्दी/हिन्दी टंकण/हिन्दी आशुलिपि में प्रशिक्षण दिलाया जाता है।

13.3 न्यायपीठों में राजभाषा नीति के उचित रूप से कार्यान्वयन के लिए और हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने तथा हिन्दी में काम करने में अधिकारियों/कर्मचारियों की झिझक दूर करने के लिए हिन्दी कार्यशालाएं भी आयोजित की जाती हैं।

13.4 राजभाषा अधिनियम, 1963 के उपबंधों के अनुसार, हिन्दी के प्रगामी प्रयोग के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

13.5 इस वर्ष सभी न्यायपीठों में हिंदी की पुस्तकें खरीदने के लिए पर्याप्त निधि मुहैया कराई गई है, जो राजभाषा विभाग, भारत सरकार द्वारा निर्धारित किए गए लक्ष्यों के अनुसार कुल पुस्तकालय अनुदान का 50 प्रतिशत तक है।

13.6 सरकारी कामकाज में राजभाषा हिन्दी के प्रयोग के संबंध में जागरूकता लाने के लिए तथा इसके उत्तरोतर प्रयोग की गति को बढ़ाने के लिए सभी पीठों में हिन्दी दिवस तथा हिन्दी पखवाड़े का आयोजन किया गया।

2.16 विदेशी मुद्रा अपील अधिकरण (ए.टी.एफ.ई.)

विदेशी मुद्रा अपील अधिकरण की स्थापना विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम, 1999 (फेमा) की धारा 18 के अधीन की गई है। विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम की धारा 19 के अधीन, विशेष निदेशक, प्रवर्तन निदेशालय के किसी आदेश या धारा 17 की उपधारा (1) में निर्दिष्ट से भिन्न किसी न्याय निर्णयन प्राधिकारी के किसी आदेश से व्यथित किसी भी व्यक्ति द्वारा या केन्द्रीय सरकार द्वारा ऐसे आदेश के प्राप्त किए जाने की तारीख से 45 दिनों के भीतर या जुर्माने की राशि जमा करने पर इस अपील अधिकरण में अपील की जा सकती है।

वर्ष 2013 में, अधिकरण ने केवल 27 मामलों का निर्णय किया, लेकिन जब से न्यायमूर्ति वी. के. माथुर ने अधिकरण के अध्यक्ष का कार्यभार ग्रहण किया है तब से लगभग 29 मामलों का निर्णय किया

गया है और पूर्व जमा की व्यवस्था, विलम्ब की माफी के आवेदन पत्रों तथा अन्य विविध आवेदनों जैसे अंतरिम प्रकृति के 61 आवेदनों का निपटान किया गया है। अंतिम और अंतरिम आदेशों / निर्णयों को टैक्समैन और मनुपत्र जैसी विधि पत्रिकाओं में भी प्रकाशित किया जा रहा है। कुछ प्रमुख निर्णय पहले ही प्रकाशित किए जा चुके हैं और बचे हुए आदेश / निर्णय मुद्रणाधीन हैं। अधिकरण एफ एन आई सी की सहायता से अपने स्वयं की वेबसाइट के विकास का प्रस्ताव कर रहा है ताकि वादकारी इसका उपयोग कर सकें। पुस्तकालय, कर्मचारियों के विभिन्न पदों के पुनर्गठन तथा वित्तीय शक्तियां प्रदान किए जाने आदि के प्रस्तावों पर कार्रवाई की जा रही है।

अधिकरण का संगठन :

अधिनियम की धारा 20 (1) के अधीन अपील अधिकरण में एक अध्यक्ष और उतने सदस्य होंगे, जितने कि केंद्रीय सरकार उचित समझे। वर्तमान में, एक अध्यक्ष और दो पूर्णकालिक सदस्य कार्य कर रहे हैं।

		दूरभाष सं०
1.	न्यायमूर्ति विनय कुमार माथुर, अध्यक्ष	011–23316359
2.	डॉ० एच. के. मुदगिल, सदस्य	011–23738154
3.	(रिक्त) सदस्य	011–23711710
4.	श्री जगन्नाथ, सहायक विधि सलाहकार: पंजीकार तथा सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत प्रथम अपील प्राधिकारी	011–23714281
5.	श्री राकेश कुमार, निजी सचिव तथा सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी	011–23738154

वर्ष 2014 के दौरान, नई दाखिल अपीलें तथा अपीलों के निपटान, तथा लंबित मामलों की कुल संख्या को दर्शाने वाला विवरण नीचे दिया गया है, जो रजिस्ट्री में उपलब्ध रिकार्ड / सूचना पर आधारित है:–

वर्ष 2013 के अंत में लंबित मामलों की कुल संख्या	वर्ष 2014 के दौरान दायर की गई नई अपीलों की कुल संख्या	वर्ष 2014 के दौरान विभिन्न उच्च न्यायालय द्वारा प्रतिप्रेषित किए गए मामलों की संख्या	अपीलों की कुल संख्या	वर्ष 2014 के दौरान अंतिम रूप से निपटाए गए मामलों की कुल संख्या	वर्ष 2014 के दौरान निपटाए गए अंतरिम आवेदनों / विविध मामलों की संख्या	वर्ष 2014 के अंत में लंबित मामलों की कुल संख्या
870	96	11	977	49	61	977–49 =928

2.17 भारतीय विधि संस्थान (आईएलआई)

प्रस्तावनाः

भारतीय विधि संस्थान देश का एक प्रमुख विधिक शोध संस्थान है। इसकी स्थापना वर्ष 1956 को हुई थी। संस्थान के उद्देश्य हैं – विधि के विज्ञान का विकास करना, विधि को सामाजिक–आर्थिक विकास और आम लोगों की आवश्यकताओं से जोड़ने के लिए विधिक शोध के क्षेत्र में उच्च अध्ययन को बढ़ावा देना, विधि की प्रणालीबद्धता को सुनिश्चित करना, विधि और संबंधित क्षेत्रों में अन्वेषण करना और उसे प्रोत्साहित करना, महत्वपूर्ण विधिक सामग्री का दस्तावेजीकरण करना, विधि शिक्षा प्रणाली में सुधार करना और किए गए अध्ययनों को पुस्तकों के रूप में और पत्रिकाओं में प्रकाशित करना। भारत के माननीय मुख्य न्यायमूर्ति इसके पदेन अध्यक्ष हैं। इस संस्थान को भारत सरकार, मानव संसाधन विकास मंत्रालय की दिनांक 29.10.2004 की अधिसूचना सं. एफ. 9–9/2001– यू.3 के तहत वर्ष 2004 में मानित विश्वविद्यालय का दर्जा दिया गया है।

अकादमिक कार्यक्रमः वर्ष 2004 में मानित विश्वविद्यालय घोषित किए जाने के पश्चात, इस संस्थान ने शोधपरक एलएल.एम कार्यक्रम शुरू किया। एलएल. एम. कार्यक्रम में दाखिला पूर्णतः योग्यता के आधार पर होता है, जो प्रत्येक वर्ष आयोजित एक सामान्य प्रवेश परीक्षा और व्यक्तिगत साक्षात्कार के जरिये होता है। वर्तमान में संस्थान द्वारा निम्नलिखित अकादमिक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं:

कार्यक्रम	अकादमिक सत्र, 2014–2015 में दाखिल छात्र
एलएल.एम.– 1 वर्ष (पूर्णकालिक)	25
एलएल.एम.– 2 वर्ष (पूर्णकालिक)	37
स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम (वैकल्पिक विवाद	191
समाधान, कारपोरेट विधि और प्रबंधन, साइबर विधि	
और बौद्धिक संपत्ति अधिकार विधि)	
विधि में पीएच.डी.	05
छात्रों की कुल संख्या	258

- संस्थान में एक पीएच.डी. कार्यक्रम है, जिसमें इस समय 24 छात्र नामांकित हैं।
- संस्थान बौद्धिक संपत्ति अधिकार और साइबर विधि में तीन माह की अवधि के ई–लर्निंग प्रमाण–पत्र पाठ्यक्रम भी चलाता है। उर्पयुक्त अवधि के दौरान ऑन–लाइन साइबर विधि के बैच सं. 17, 18 और 19 तथा ऑन–लाइन आई.पी.आर. पाठ्यक्रम के बैच सं. 28, 29 और 30 पूरे हुए।

कार्य–निष्पादन व उपलबधियों की रिपोर्ट (दिनांक 1.4.2014 से 31.12.2014 तक)

क. जारी किए गए शोध–प्रकाशन

i. जर्नल ऑफ इंडियन लॉ इंस्टीट्यूट (त्रैमासिक)

भारतीय विधि संस्थान एक तिमाही पत्रिका 'जर्नल ऑफ द इंडियन लॉ इंस्टीट्यूट' (जे0आई0एल0आई0) प्रकाशित करता है। इसमें सामयिक महत्व के विषयों पर शोध आलेख होते हैं। यह अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त जर्नल है।

ii. भारतीय विधि की आवधिक पत्रिकाओं की अनुक्रमणिका

भारतीय विधि संस्थान द्वारा वार्षिक रूप से प्रकाशित विधि की आवधिक पत्रिकाओं की इस अनुक्रमणिका में भारतीय विधि संस्थान के पुस्तकालय में प्राप्त की जा रही विधि और उससे संबंधित क्षेत्रों की आवधिक पत्रिकाओं (ईयर–बुक और अन्य वार्षिक प्रकाशनों सहित) की अनुक्रमणिका प्रकाशित की जाती है।

iii. आई0एल0आई0 न्यूजलैटर (त्रैमासिक)

भारतीय विधि संस्थान त्रैमासिक 'आई0एल0आई0 न्यूजलैटर' प्रकाशित करता है। इसमें तिमाही के दौरान संस्थान द्वारा आयोजित किए गए कार्यक्रमों और आगामी क्रियाकलापों का विवरण होता है। इसमें तिमाही के दौरान उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्णीत प्रमुख मामलों पर आई0एल0आई0 शोध संकाय की टिप्पणियां भी होती हैं।

iv. दस्तावेजों का डिजिटीकरण :

भारतीय विधि संस्थान ने अपने प्रकाशनों और दुर्लभ दस्तावेजों के 2.5 लाख से अधिक पृष्ठों का डिजिटीकरण किया है और वे डीवीडी के रूप में उपलब्ध हैं।

भारतीय विधि संस्थान की गतिविधिया (संगोष्ठियां / सम्मेलन / प्रशिक्षण / कार्यशालाएं / दौरे / विशेष व्याख्यान)

- कारपोरेट शोध परियोजना के लिए अपने कारपोरेट लॉ दौरे पर भारत आए इरेमस स्कूल ऑफ लॉ, इरेमस विश्वविद्यालय, रोटरडम, नीदरलैंड के छात्र दिनांक 03.04.2014 को संस्थान देखने आए।
- दिनांक 04.04.2014 को विमल चंद्र लॉ कालेज, मुर्शिदाबाद के छात्र आए।
- नेपाल के उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश माननीय न्यायमूर्ति श्री कल्याण श्रेष्ठ के नेतृत्व में नेपाल के प्रतिनिधिमंडल ने दिनांक 29.05.2014 को भारतीय विधि संस्थान का दौरा किया।
- दिनांक 14.06.2014 को दिल्ली में एलएल.एम कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए अकादमिक परिषद द्वारा यथा अनुमोदित सामान्य प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया।
- न्यायाधीन मामलों पर विचार व्यक्त करने से बचने की आवश्यकता पर दिनांक 21.06.2014को कटक में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

- भारतीय विधि परियोजना के नवीकरण के बारे में भूटान के मुख्य न्यायमूर्ति माननीय ल्योन्पो सोनम तोब्दए से चर्चा करने के लिए प्रो0(डा0) एस. शिवकुमार ने दिनांक 26.06.2014 को भूटान के उच्चतम न्यायालय का दौरा किया।
- दिनांक 10.08.2014 को पीएच.डी. के लिए अकादमिक परिषद द्वारा यथानुमोदित प्रवेश–परीक्षा आयोजित की गई। पीएच.डी. कार्यक्रम, 2014 में प्रवेश के लिए मेरिट के आधार पर पांच अभ्यर्थियों का चयन किया गया।
- हुगली मोहसिन कालेज, प0 बंगाल के छात्रों ने दिनांक 27.08.2014 को संस्थान का भ्रमण किया।
- संयुक्त राष्ट्र, जिनेवा/न्यूयार्क के शिक्षा के अधिकार के विशेष प्रतिवेदक श्री किशोर सिंह ने दिनांक 02.09.2014 को संस्थान का भ्रमण किया।
- मोदी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, लक्ष्मणगढ़, राजस्थान के छात्रों ने दिनांक 09.09.2014 को संस्थान का भ्रमण किया।
- दुर्गापुर विधि महाविद्यालय, पश्चिम बंगाल के छात्रों ने दिनांक 15.09.2014 को संस्थान का भ्रमण किया।
- दिनांक 19–20 सितम्बर, 2014 को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- दिनांक 01.11.2014 को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा धनशोधन निवारण अधिनियम के अधीन अभियोजन शिकायत विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश माननीय न्यायमूर्ति अनिल आर. दवे ने किया।
- संस्थान ने दिनांक 10.12.2014 को **'मानवाधिकारः सामयिक मुद्दे और चुनौतियां'** विषय पर अपने प्रथम वार्षिक विधि सम्मेलन का आयोजन किया।
- संस्थान ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सहयोग से दिनांक 20–21 दिसम्बर, 2014 को एक सम्मेलन का आयोजन किया।
- भारतीय विधि संस्थान के संकाय सदस्यों/छात्रों के साथ बारह विशेष व्याख्यानों/चर्चाओं का आयोजन किया गया।

परियोजनाएं:

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एन.आई.ए.) गृह मंत्रालय, भारत सरकार ने संस्थान को **'आतंकवाद से संबंधित मामलों** का सार–संग्रह और आदर्श जांच व प्रक्रिया मैनुअल 'तैयार करने की एक परियोजना सौंपी है, जिस पर कार्य चल रहा है।

- **'इलाहाबाद उच्च न्यायालय और कलकत्ता उच्च न्यायालय में लंबित मुकदमों का अर्थ और वर्तमान स्थिति'** विषय पर न्याय विभाग, विधि और न्याय मंत्रालय द्वारा सौंपी गई परियोजना पर कार्य चल रहा है।
- केंद्रीय जांच ब्यूरो अकादमी, गाजियाबाद ने केंद्रीय जांच ब्यूरो और कानून का प्रवर्तन करने

वाली अन्य एजेंसियों के अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल करने के लिए **'विधि के शासन की प्रमुखता'** विषय पर एक माड्यूल विकसित करने की परियोजना सौंपी है।

- भारतीय विधि का पुनर्कथनः भारत के माननीय मुख्य न्यायमूर्ति और भारतीय विधि संस्थान के अध्यक्ष ने प्रत्यक्ष–अप्रत्यक्ष करों, संवैधानिक विधि और दंड विधिकी बाबत **'भारतीय विधि के पुनर्कथन के लिए समितिया'** गठित की हैं।

आगामी गतिविधियां
(दिनांक 1.1.2015 से 31.3.2015 तक)

I. प्रकाशन

उक्त अवधि के दौरान निम्नलिखित अनुसंधान प्रकाशन किए जाने का प्रस्ताव हैः

(i) जर्नल ऑफ इंडियन लॉ इंस्टीट्यूट (तिमाही प्रकाशन)

(ii) आई.एल.आई. न्यूजलैटर विद केस कमेंट्स एंड लीगल जाटिंग्स (तिमाही प्रकाशन)

(iii) भारतीय विधि का वार्षिक सर्वेक्षण –2013 (मुद्रणाधीन)

(iv) "पर्यावरण कानून" पर नई पुस्तक तथा 'ए ट्रीटाइज ऑफ कंजूमर प्रोटेक्शन लॉज' और 'राइट टू बेल' पुस्तकों का संशोधित व अद्यतन संस्करण।

II. प्रशिक्षण कार्यक्रम/संगोष्ठियां/शोध परियोजनाएंः

(i) उपर्युक्त अवधि के दौरान भारतीय विधि संस्थान की वित्त समिति, अकादमिक समिति, पुस्तकालय समिति, वित्त उपयोग समिति और प्रशासनिक समिति की बैठकें होंगी, जिनमें विविध मामलों के निस्तारण की आशा है।

(ii) भारतीय विधि संस्थान के संकाय सदस्यों/छात्रों के साथ चार विशेष व्याख्यानों/परिचर्चाओं के आयोजन की योजना है।

III. परीक्षाएं/प्रवेश :

(i) उपर्युक्त अवधि के दौरान/जून 2015 में एलएल.एम– के 1/2/3 वर्ष की परीक्षाएं सेमेस्टर के अंत में आयोजित की जाएंगी।

(ii) उपर्युक्त अवधि के दौरान/अप्रैल 2015 में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों का अध्ययन पूरा हो जाएगा तथा परीक्षाएं होंगी।

(iii) साइबर कानून तथा बौद्धिक संपत्ति अधिकार के ऑन लाईन पाठ्यक्रम का क्रमशः 20वां तथा 31वां बैच मार्च, 2015 तक पूरा हो जाएगा।

2.18 अंतरराष्ट्रीय वैकल्पिक विवाद समाधान केन्द्र (आईसीएडीआर)

अंतरराष्ट्रीय वैकल्पिक विवाद समाधान केन्द्र सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1860 के अधीन दिनांक 31 मई, 1995 को पंजीकृत हुआ था। यह भारत सरकार के विधि और न्याय मंत्रालय के तत्वावधान में कार्यरत एक स्वायत्त संगठन है जिसका मुख्यालय नई दिल्ली में है और हैदराबाद और बंगलूरू में

इसके क्षेत्रीय केन्द्र हैं। इसकी स्थापना वैकल्पिक विवाद समाधान पद्धतियों को प्रोन्नत करने, उन्हें लोकप्रिय बनाने और उनका प्रचार–प्रसार करने के लिए की गई है ताकि विवादों का शीघ्र समाधान हो सके और न्यायालयों में लंबित मामलों का भार कम हो सके।

2. अंतरराष्ट्रीय वैकल्पिक विवाद समाधान केंद्र (आई सी ए डी आर) द्वारा बनाए गए एवं अपनाए गए नियम और उपनियम

(क) अंरराष्ट्रीय वैकल्पिक विवाद समाधान केंद्र माध्यस्थम नियम, 1996 (फास्ट ट्रैक माध्यस्थम के प्रावधान सहित)

(ख) अंतरराष्ट्रीय वैकल्पिक विवाद समाधान केंद्र सुलह नियम, 1996

(ग) अंतरराष्ट्रीय वैकल्पिक विवाद समाधान केंद्र मिनी ट्रायल नियम, 1996

(घ) नियम और विनियम

(ड) वित्तीय उपनियम

(च) सेवा उप–नियम

(छ) क्षेत्रीय कार्यालयों के लिए उप–नियम

3. माध्यस्थम मामले

(i) नई दिल्ली स्थित केन्द्र को अब तक माध्यस्थम के लिए 48 मामले और सुलह के लिए 4 मामले प्राप्त हुए हैं। माध्यस्थम अधिकरणों ने माध्यस्थम के 39 मामले निपटाए हैं और बाकी 9 मामलों की सुनवाई चल रही है।

(ii) अंतरराष्ट्रीय वैकल्पिक विवाद समाधान केन्द्र को भारत सरकार के विभागों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों से उन मामलों में मध्यस्थों की नियुक्ति हेतु अनेक अनुरोध प्राप्त हो रहे हैं जिनमें भारत सरकार एक पक्षकार है। अंतरराष्ट्रीय वैकल्पिक विवाद समाधान केंद्र भारत सरकार को मध्यस्थों की नियुक्ति के लिए मध्यस्थों के पैनल सुलभ कराता रहा है।

(iii) केंद्र के नई दिल्ली और हैदराबाद स्थित कार्यालयों के माध्यस्थम हालों का मामूली प्रभारों के भुगतान पर सरकारी विभागों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों तथा प्राइवेट पक्षकारों द्वारा माध्यस्थम के मामलों का संचालन करने के लिए उपयोग किया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय वैकल्पिक विवाद समाधान केन्द्र के नए मुख्यालय भवन में अक्टूबर, 2005 से 15 दिसम्बर, 2014 तक विभिन्न मंत्रालयों और अन्य पक्षकारों के मध्यस्थों द्वारा 577 मामलों की सुनवाई की गई है और अंतरराष्ट्रीय वैकल्पिक विवाद समाधान केन्द्र द्वारा नियुक्त मध्यस्थों द्वारा 429 सुनवाइयां की गई हैं। इसी प्रकार, वर्ष 1999 से 15 दिसम्बर, 2014 तक हैदराबाद के क्षेत्रीय कार्यालय में मध्यस्थों द्वारा 710 सुनवाइयां की गई हैं।

4. संगोष्ठियां/कार्यशालाएं/प्रशिक्षण कार्यक्रम/व्याख्यान/डिप्लोमा पाठ्यक्रम

उपरिलिखित अवधि के दौरान, अंतरराष्ट्रीय वैकल्पिक विवाद समाधान केंद्र ने एक अंतरराष्ट्रीय कान्फ्रेंस, मध्यस्थता और वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्र में चार प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा एडीआर (2014) तथा

एफडीआर (2014) में अपने स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों को जारी रखा। अंतरराष्ट्रीय वैकल्पिक विवाद समाधान केंद्र मुख्यालय ने नवंबर, 2014 में अपना एक मासिक न्यूजलेटर भी शुरू किया है।

5. करारः

अंतरराष्ट्रीय वैकल्पिक विवाद समाधान केंद्र ने निम्नलिखित विदेशी संगठनों के साथ सहयोग के करार किए हैंः–

(क) जेनेवा के विश्व बौद्धिक संपत्ति संगठन का आरबिट्रेशन और मीडियेशन केंद्र

(ख) थाई माध्यस्थम संस्थान, बैंकाक

(ग) कोरियन कामर्शियल आरबिट्रेशन बोर्ड, सियोल (कोरिया)

(घ) चार्टर्ड इंस्टीट्यूट ऑफ आरबिट्रेटर्स, लन्दन, और

(ड.) एसोसिएशन आफ आरबिट्रेशन कोर्ट्स ऑफ उजबेकिस्तान

उपर्युक्त करारों में तीन क्षेत्र शामिल हैं, अर्थात सूचना का पारस्परिक आदान–प्रदान, कार्यवाहियों के संचालन में परस्पर सहायता करना तथा प्रशिक्षण व अन्य गतिविधियों के आयोजन में एक दूसरे की सहायता करना।

अंतरराष्ट्रीय वैकल्पिक विवाद समाधान केन्द्र ने निम्नलिखित संगठनों के साथ सहयोग के ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैंः–

क. एडीआर आंदोलन को मजबूत बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय सलाहकार परिषद (आईसीसी) और निर्माण उद्योग विकास परिषद (सीआईडीसी) के साथ सिंगापुर अंतरराष्ट्रीय माध्यस्थम केन्द्र के सहयोग से संयुक्त रूप से कार्य करने के लिए।

ख. भारत सीआईएस वाणिज्य और उद्योग चैम्बर नई दिल्ली के साथ मुख्य रूप से अंतरराष्ट्रीय और घरेलू वाणिज्यिक लेनदेन से उत्पन्न होने वाले विवादों के निपटान के साधन के रूप में माध्यस्थम और मध्यगता को लोकप्रिय बनाने के लिए।

अंतरराष्ट्रीय वैकल्पिक विवाद समाधान केन्द्र ने निम्नलिखित संगठनों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैंः–

(1) वैकल्पिक विवाद समाधान केंद्र, कोचचि, केरल के साथ केरल में एडीआर को प्रोत्साहन देने के लिए और संयुक्त रूप से माध्यस्थम और मध्यगता पर प्रशिक्षण कार्यक्रम / संगोष्ठियां / सम्मेलन आयोजित करने तथा एडीआर पर अनुसंधान अध्ययन करने के लिए।

(2) राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, दिल्ली के साथ संयुक्त रूप से वैकल्पिक विवाद समाधान, परिवार विवाद समाधान में नियमित और निकटस्थ शिक्षा के माध्यम से स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम चलाने तथा माध्यस्थम और मध्यगता में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए।

(3) दामोदरम संजीवैय्या राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (डी एस एन एल यू, विशाखापट्टनम) के साथ। इस समझौता ज्ञापन के अधीन, डी एस एन एल यू अंतरराष्ट्रीय वैकल्पिक विवाद समाधान केन्द्र के सहयोग से विशाखापट्टनम में एडीआर में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम (06 महीने का नियमित पाठ्यक्रम) आयोजित करेगा।

(4) अंतरराष्ट्रीय वैकल्पिक विवाद समाधान केन्द्र ने एडीआर के तरीकों में शिक्षण और प्रशिक्षण तथा अनुसंधान को प्रोत्साहन देने के लिए संयुक्त रूप से नए पाठ्यक्रम का निर्माण करने और एडीआर के क्षेत्र में विभिन्न कार्यशालाएं, संगोष्ठियां, सम्मेलन, प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आदि आयोजित करने के लिए जिंदल ग्लोबल लॉ स्कूल, ओ. पी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी, सोनीपत, हरियाणा, भारत के साथ भी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

महिला कर्मचारियों / अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग / विकलांग कर्मचारियों की संख्या

	मुख्यालय	हैदराबाद	बंगलूरू
कुल कर्मचारी	25	10	3
महिला कर्मचारी	6	1	1
अनु. जाति	4	–	–
अनु. जन.जाति	1	–	–
अ. पि. वर्ग.	3	5	1
विकलांग	–	–	–

महिला कर्मचारी सरकार के नियमानुसार सभी सुविधाएं प्राप्त कर रही हैं।

1.1.2015 से 31.3.2015 के दौरान की संभावित गतिविधियों का पूर्वानुमानः

1 अंतरराष्ट्रीय वैकल्पिक विवाद समाधान केन्द्र मुख्यालय की राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, दिल्ली के साथ मिलकर वैकल्पिक विवाद समाधान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम चलाने और माध्यस्थम व मध्यगता में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने की योजना है।

2 अंतरराष्ट्रीय वैकल्पिक विवाद समाधान केन्द्र के मुख्यालय का माध्यस्थम और मध्यगता में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का प्रस्ताव है।

3 अंतरराष्ट्रीय वैकल्पिक विवाद समाधान केन्द्र के क्षेत्रीय कार्यालय, हैदराबाद की एडीआर में विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम करने तथा एडीआर और एफडीआर में अपने स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम को जारी रखने की योजना है और इसके लिए शीघ्र ही 2015 में उपर्युक्त पाठ्यक्रमों को विज्ञापित किया जाएगा।

4 अंतरराष्ट्रीय वैकल्पिक विववाद समाधान केन्द्र के क्षेत्रीय कार्यालय, बंगलूरू ने इस अवधि के दौरान एडीआर में 03 प्रशिक्षण कार्यक्रम और 01 कार्यशाला आयोजित करने की योजना बनाई है।

2.19 भारतीय बार काउंसिल (बी.सी.आई.)

अधिवक्ता अधिनियम, 1961 के अधीन गठित भारतीय बार काउंसिल को अन्य बातों के साथ–साथ अधिवक्ताओं के लिए व्यावसायिक आचरण व शिष्टाचार के मानदंड निर्धारित करने तथा देश में विधि शिक्षा के मानदंड निर्धारित करने, उन्हें बनाए रखने तथा उनमें सुधार करने की शक्ति प्रदान की गई है। जबकि

राज्य बार काउंसिलें अधिवक्ताओं के तौर पर नामांकन करने के लिए प्राधिकरण हैं, राज्य बार काउंसिलें और भारतीय बार काउंसिल अधिवक्ताओं में अनुशासन का प्रवर्तन करती हैं। भारतीय बार काउंसिल अनुशासनात्मक मामलों में अपीलीय प्राधिकरण के तौर पर कार्य करती है।

भारतीय बार काउंसिल सदस्यों को परिचालित कार्यसूची के अनुसार नियमित अंतरालों पर बैठकें करती है। इन बैठकों में, काउंसिल धारा 26(1) के अधीन उन मामलों में निष्कासन की कार्यवाहियां भी करती है, जिनमें अन्यथा कथन अथवा महत्वपूर्ण तथ्यों को छिपाकर किसी व्यक्ति का नामांकन किया गया होय राज्य बार काउंसिलों से धारा 26(1) के अधीन प्राप्त ऐसे निर्देशों का निपटान भी करती है, जिनमें राज्य बार काउंसिल द्वारा किसी कारणवश नामांकन के आवेदन को रद्द करने का प्रस्ताव किया गया होता है तथा अधिवक्ता अधिनियम, 1961 की धारा 48(क) के अधीन उन मामलों में पुनरीक्षण याचिकाओं की सुनवाई तथा निर्णय भी करती है, जिन मामलों में अधिवक्ताओं के विरूद्ध व्यावसायिक अथवा अन्य कदाचार की शिकायतों को राज्य बार काउंसिल द्वारा सरसरी तौर पर खारिज कर दिया गया होता है।

सामान्यतः भारतीय बार काउंसिल की बैठक तीन महीने में एक बार होती है। दिनांक 01/04/2014 से 31.12.2014 तक भारतीय बार काउंसिल ने अपनी सामान्य परिषद की 10 बैठकों का आयोजन किया। उपर्युक्त बैठकों के दौरान भारतीय बार काउंसिल ने अधिवक्ता अधिनियम, 1961 की धारा 26(2) के अधीन 19 निर्देशों पर विचार किया जिनमें से 07 स्वीकृत, 04 अस्वीकृत, 01 वापिस किए गए तथा 07 अभी तक लंबित हैं।

विधि शिक्षा समिति में 10 सदस्य होते हैं, जिनमें से 5 सदस्य भारतीय बार काउंसिल के सदस्य होते हैं और 5 सदस्य अधिवक्ता अधिनियम, 1961 की धारा 10 (2ख) के अधीन बाहर से सहयोजित किए जाते हैं। रिपोर्ट की अवधि के दौरान, विधि शिक्षा समिति की 6 बैठकें हुईं।

भारतीय बार काउंसिल अपने सदस्यों में से विभिन्न निरीक्षण दल गठित करके निरीक्षण के लिए भेजती है और इन दलों द्वारा प्रस्तुत की गई रिपोर्टों को विधि शिक्षा समिति के समक्ष रखा जाता है और विधि शिक्षा समिति की सिफारिश के अनुसार निर्णय लिए जाते हैं। भारतीय बार काउंसिल ने निरीक्षण रिपोर्ट और विधि शिक्षा समिति की सिफारिशों के आधार पर 92 नए कालेजों की सम्बद्धता का अनुमोदन किया। उपर्युक्त अवधि के दौरान विद्यमान 223 कालेजों की संबद्धता को बढ़ाने का अनुमोदन किया। विधि शिक्षा समिति ने 02 कालेजों को संबद्धता देने से इंकार किया और 14 कालेजों में आवश्यक साधन और बुनियादी सुविधाओं के अभाव जैसी खामियां होने की वजह से उन्हें कारण बताओ नोटिस दिया है कि क्यों न उनकी संबद्धता वापस ले ली जाए।

भारतीय बार काउंसिल की कार्यकारी समिति 2 वर्ष के लिए चुनी जाती है और इसमें 9 सदस्य होते हैं। उपर्युक्त अवधि के दौरान, कार्यकारी समिति की 03 बैठकें हुईं।

भारतीय बार काउंसिल के महत्वपूर्ण कार्यों में से एक अधिवक्ता अधिनियम, 1961 की धारा 49(1)(ग) के साथ पठित धारा 7(1), (ख), (ग) के अधीन अधिवक्ताओं के लिए व्यावसायिक आचरण या शिष्टाचार के मानक निर्धारित करना और अधिवक्ताओं में उनको लागू करना है। काउंसिल की अनुशासनिक समिति की दिनांक 31.12.2014 तक 72 बैठकें हुईं, जिनमें 53 मामलों को निपटाया/ खारिज किया गया।

भारतीय बार काउंसिल ने दिनांक 7 सितंबर, 2014 को तथा नवंबर, 2014 में अखिल भारतीय बार परीक्षा का आयोजन किया।

दिनांक 1.1.2015 से 31.3.2015 के दौरान काउंसिल की 2 बैठकें, विधि शिक्षा समिति की एक बैठक तथा कार्यकारी समिति की 2 बैठकें आयोजित किए जाने की आशा है।

2.20 संवैधानिक एवं संसदीय अध्ययन संस्थान (आईसीपीएस)

संवैधानिक एवं संसदीय अध्ययन संस्थान की स्थापना भारतीय संविधान के कार्यकरण और सर्वांगीण विकास के विशेष संदर्भ में संवैधानिक और संसदीय अध्ययन के लिए और उसे प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से दिनांक 10 दिसंबर, 1965 को की गई थी।

दिनांक 1.4.2014 से 31.12.2014 तक की अवधि की संस्थान की कार्य–निष्पादन रिपोर्ट :

रिपोर्ट की अवधि के दौरान, संस्थान में निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित किए गए :–

डिप्लोमा पाठ्यक्रमः

यह संस्थान संसदीय फैलोशिप कार्यक्रम और दो डिप्लोमा पाठ्यक्रम, एक संवैधानिक विधि में तथा दूसरा संसदीय संस्थाओं और प्रक्रियाओं में चलाता है। संस्थान द्वारा संचालित 3 पाठ्यक्रम स्नातकोत्तर अंशकालिक पाठ्यक्रम हैं और तीनों एक वर्ष के हैं। तीनों पाठ्यक्रमों की कक्षाएं शाम को संस्थान परिसर में लगती हैं। चूंकि संस्थान का अपना कोई संकाय नहीं है, इसलिए तीनों पाठ्यक्रमों के लिए व्याख्यान देने के लिए बाहर से अतिथि व्याख्याता बुलाए जाते हैं।

चालू अकादमिक वर्ष 2014–15 के लिए इन तीन पाठ्यक्रमों के दाखिले जून–जुलाई, 2014 में किए गए, जिनमें कुल 47 छात्रों को नामांकित किया गया। जुलाई, 2014 के अतिम सप्ताह के दौरान छात्रों के हित के लिए आयोजित एक प्रवेश कार्यक्रम के बाद, 02 अगस्त, 2014 से पाठ्यक्रम के लिए कक्षाएं आयोजत की जा रही हैं।

पत्रिकाएंः

संस्थान ने दो त्रैमासिक शोध पत्रिकाएं अर्थात 'जर्नल ऑफ कांस्टिट्यूशनल एंड पार्लियामेंटरी स्टडीज (अंग्रेजी में) और 'लोकतंत्र समीक्षा' (हिंदी में) प्रकाशित की। ये दोनों पत्रिकाएं संस्थान के प्रतिष्ठित और बहु–संदर्भित प्रकाशन हैं, जिनका अंग्रेजी में आईएसएसएनः 0022–0043 और हिंदी में आईएसएसएनः0024–595 एक्स है।

रिपोर्ट की अवधि के दौरान, दोनों पत्रिकाओं के जनवरी–जून 2014 के अंकों को संपादित किया गया है और उन्हें शीघ्र प्रकाशित किया जाएगा। साथ ही, दोनों पत्रिकाओं के जुलाई– दिसंबर के अंकों के संपादन का कार्य भी चल रहा है।

दिनांक 1.1.2015 से 31.3.2015 तक की अवधि की गतिविधियों का पूर्वानुमानः

अनुसंधान और अकादमिक गतिविधियांः

संस्थान की कार्यकारी परिषद ने दिनांक 15 दिसंबर, 2014 को हुई बैठक में श्री एस. एस. अहलुवालिया, संसद सदस्य (लोकसभा) की अध्यक्षता में और संस्थान के नवनामित वरिष्ठ उपाध्यक्ष की उपस्थिति में अनुसंधान एवं शैक्षणिक गतिविधियों सहित संस्थान से संबंधित मुद्दों पर विस्तार से विचार–विमर्श किया। संस्थान की कार्यकारी परिषद की दिनांक 22 दिसम्बर 2014 को हुई अगली बैठक में संस्थान द्वारा आयोजित की जाने वाली अनुसंधान व शैक्षणिक गतिविधियों का एक चार्ट तैयार करने और अन्य विषयों पर चर्चा हुई।

डिप्लोमा पाठ्यक्रम :

चालू अकादमिक सत्र 2014–15 के तीन पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं पाठ्यक्रम पूरा होने के बाद फरवरी–मार्च, 2015 में आयोजित की जाएगी। फैलोशिप कार्यक्रम के छात्रों को शिक्षकों के साथ परामर्श के बाद उनके द्वारा लिए गए एक विषय पर परियोजना रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी, जिसके बाद मौखिक परीक्षा ली जाएगी। दो डिप्लोमा कार्यक्रमों के छात्रों को लिखित परीक्षा के अलावा निबंध पेपर भी प्रस्तुत करना होगा।

पत्रिकाएं :

चालू वित्त वर्ष की शेष अवधि के दौरान, दोनों पत्रिकाओं के जनवरी–जून 2014 के अंक प्रकाशित किए जाएंगे।

इसके अलावा, दोनों पत्रिकाओं के जुलाई–दिसम्बर, 2014 के अंकों को, जिनका इस समय संपादन कार्य चल रहा है, वर्ष 2014–2015 की समाप्ति के पहले प्रकाशित किया जाएगा।

3. परिणाम रूपरेखा दस्तावेज (आरएफडी)

केंद्र सरकार ने प्रत्येक मंत्रालय/विभाग के संबंध में निष्पादन मॉनिटरिंग तथा मूल्यांकन प्रणाली (पीएमईएस) स्थापित करने का निर्णय लिया है। परिणाम रूपरेखा दस्तावेज़ (आरएफडी) एक केन्द्रीय प्रणाली है जिसे पीएमईएस के कार्यान्वयन हेतु डिजाईन किया गया है। मंत्रीमंडल सचिवालय का कार्यनिष्पादन प्रबंधन डिविजन (पीएमडी), आरएफडी की तैयारी तथा कार्यप्रणाली की मॉनिटरिंग करता है। विधि कार्य के लिए आरएफडी तैयार करके इसे अंतिम रूप देकर इसे इस विभाग की वेबसाईट पर डाल दिया गया है। आरएफडी 2014–15 के अनुसार कार्य किए जा रहे हैं ताकि इस विभाग द्वारा उत्कृष्ट निष्पादन का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके।

अध्याय – II
विधायी विभाग

जहां तक भारत सरकार के विधायी कारबार का संबंध है, विधायी विभाग मुख्य रूप से एक सेवा प्रदाता के रूप में कार्य करता है। यह विभाग विभिन्न प्रशासनिक विभागों तथा मंत्रालयों के विधायी प्रस्तावों को सुगम एवं त्वरित रूप से संसाधित करने का कार्य सुनिश्चित करता है।

1. कृत्य

1.1 भारत सरकार का एक सेवा–उन्मुख विभाग होने के नाते विधायी विभाग निम्नलिखित विषयों से संबंधित है:–

(i) सभी विधायी प्रस्तावों के संबंध में मंत्रिमंडल के लिए टिप्पणों की प्रारूपण की दृष्टि से संवीक्षा करना;

(ii) सभी सरकारी विधेयकों को, जिनके अंतर्गत संविधान (संशोधन) विधेयक भी हैं, संसद में पुरःस्थापित करने के लिए उनका प्रारूपण तैयार करना तथा उनकी विधीक्षा करना, हिन्दी में उनका अनुवाद करना और विधेयकों के अंग्रेजी और हिन्दी, दोनों पाठ लोक सभा अथवा राज्य सभा सचिवालय को भेजना; विधेयकों में सरकारी संशोधन का प्रारूप तैयार करना, गैर–सरकारी संशोधनों की संवीक्षा करना और प्रशासनिक मंत्रालयों/विभागों को यह विनिश्चय करने में सहायता देना कि गैर–सरकारी संशोधन स्वीकार किए जाने योग्य हैं या नहीं;

(iii) अधिनियमित किए जाने से पहले विधेयक जिन प्रक्रमों से होकर गुजरता है उन सभी प्रक्रमों पर संसद, संसद की संयुक्त/स्थायी समितियों की सहायता करना। इसके अंतर्गत समितियों के लिए रिपोर्टों तथा पुनरीक्षित विधेयकों की संवीक्षा करना और उन्हें तैयार करने में सहायता देना भी है;

(iv) राष्ट्रपति द्वारा प्रख्यापित किए जाने वाले अध्यादेशों का प्रारूप तैयार करना;

(v) जिन राज्यों में राष्ट्रपति शासन हो, उनके संबंध में राष्ट्रपति के अधिनियमों के रूप में अधिनियमित किए जाने वाले विधान का प्रारूप तैयार करना;

(vi) राष्ट्रपति द्वारा बनाए जाने वाले विनियमों का प्रारूप तैयार करना;

(vii) सांविधानिक आदेशों अर्थात् उन आदेशों का प्रारूप तैयार करना, जिनका संविधान के अधीन जारी किया जाना अपेक्षित है;

(viii) सभी कानूनी नियमों, विनियमों, आदेशों, अधिसूचनाओं, संकल्पों और स्कीमों, आदि की संवीक्षा और विधीक्षा करना तथा हिन्दी में उनका अनुवाद करना;

(ix) समवर्ती क्षेत्र के ऐसे राज्य विधान की संवीक्षा करना, जिसके लिए संविधान के अनुच्छेद 254 के अधीन राष्ट्रपति की अनुमति अपेक्षित है;

(x) संघ राज्य क्षेत्रों के विधान–मंडलों द्वारा अधिनियमित किए जाने वाले विधानों की संवीक्षा करना;

(xi) संसद, राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों के विधान–मंडलों, राष्ट्रपति और उप राष्ट्रपति के पदों के लिए निर्वाचन;

(xii) निर्वाचनों में हुए व्यय का संघ और राज्यों तथा विधान–मंडल वाले संघ राज्यक्षेत्रों के बीच प्रभाजन;

(xiii) भारत निर्वाचन आयोग और निर्वाचन सुधार;

(xiv) लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950; लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951; निर्वाचन आयोग (निर्वाचन आयुक्त सेवा–शर्त और कारबार का संव्यवहार) अधिनियम 1991 का प्रशासन;

(xv) निर्वाचन आयोग (निर्वाचन आयुक्त सेवा–शर्त और कारबार का संव्यवहार) अधिनियम, 1991 के अधीन मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्तों से संबंधित विषय;

(xvi) संसदीय एवं विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन संबंधी मामले;

(xvii) संविधान की सातवीं अनुसूची की समवर्ती सूची के अंतर्गत स्वीय विधियों, संपत्ति अंतरण, संविदाओं, साक्ष्य और सिविल प्रक्रिया आदि से संबंधित विषयों पर विधान;

(xviii) केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकारों, आदि के अधिकारियों को विधायी प्रारूपण में प्रशिक्षण प्रदान करना;

(xix) केन्द्रीय अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी और संविधान की आठवीं अनुसूची में विनिर्दिष्ट अन्य भाषाओं में उनके प्राधिकृत अनुवादों का प्रकाशन करना और विधिक तथा कानूनी दस्तावेजों का भी अनुवाद करना;

(xx) विधि पत्रिकाओं के रूप में सांविधिक, सिविल तथा दांडिक विधियों से संबंधित मामलों में उच्चतम न्यायालय तथा उच्च न्यायालय के चयनित निर्णयों के हिन्दी अनुवाद का प्रकाशन'

1.2 विधायी विभाग के नियन्त्रणाधीन कोई कानूनी या स्वशासी निकाय नहीं हैं इसके अधीन दो अन्य खण्ड भी हैं अर्थात्, राजभाषा खण्ड और विधि साहित्य प्रकाशन, जो विधि के क्षेत्र में हिन्दी और अन्य राजभाषाओं के प्रसार के लिए उत्तरदायी है।

(क) विधायी विभाग का राजभाषा खंड मानक विधि शब्दावली तैयार करने और प्रकाशित करने और राजभाषा अधिनियम, 1963 के अधीन यथाअपेक्षित संसद में पुरःस्थापित किए जाने वाले सभी विधेयकों, सभी केन्द्रीय अधिनियमों, अध्यादेशों, अधीनस्थ विधानों आदि का हिन्दी में अनुवाद करने के लिए उत्तरदायी है। यह खंड प्राधिकृत पाठ (केन्द्रीय विधि) अधिनियम, 1973 के अधीन यथाअपेक्षित संविधान की आठवीं अनुसूची में विनिर्दिष्ट राजभाषाओं में केन्द्रीय अधिनियमों, अध्यादेशों, आदि के अनुवाद की व्यवस्था करने के लिए भी उत्तरदायी है। राजभाषा खंड हिन्दी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं के संवर्धन और प्रसार में लगे विभिन्न रजिस्ट्रीकृत स्वैच्छिक संगठनों और ऐसे संगठनों को, जो सीधे विधिक साहित्य के प्रकाशन और विधि के क्षेत्र में हिन्दी तथा अन्य भाषाओं के प्रसर में लगे हैं, सहायता अनुदान भी जारी करता है।

(ख) विधि साहित्य प्रकाशन प्रमुख रूप से उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के प्रतिवेद्य निर्णयों के प्राधिकृत हिन्दी पाठ प्रकाशित करने से संबद्ध है, जिसका उद्देश्य विधि के क्षेत्र में हिन्दी के प्रगामी प्रयोग का संवर्धन करना है। इस संबंध में विधि साहित्य प्रकाशन हिन्दी में विधि साहित्य के विभिन्न प्रकाशन निकालता है। हिन्दी में उपलब्ध विधि साहित्य के व्यापक प्रचार एवं विक्रय हेतु यह विभिन्न राज्यों में प्रदर्शनियाँ भी लगाता है।

1.3 संगठनात्मक गठन

विधायी विभाग के संगठनात्मक गठन में सचिव, अपर सचिव, संयुक्त सचिव और विधायी परामर्शी, अपर विधायी परामर्शी, उप विधायी परामर्शी, सहायक विधायी परामर्शी तथा अन्य सहायक स्टाफ सम्मिलित हैं। प्रमुख विधानों के संबंध में विधायी प्रारूपण और अधीनस्थ विधान की संवीक्षा और विधीक्षा से संबंधित कार्य विभिन्न विधायी समूहों में वितरित किए गए हैं। प्रत्येक विधायी समूह का प्रधान एक संयुक्त सचिव और विधायी परामर्शी अथवा अपर सचिव होता है जिसकी सहायता विभिन्न स्तरों पर अनेक विधायी परामर्शी करते हैं। विधायी विभाग के सचिव मुख्य संसदीय परामर्शी के रूप में कार्य करते हैं तथा अपर सचिव सभी अधीनस्थ विधानों के प्रभारी हैं। विधायी विभाग का संठनात्मक चार्ट **उपाबंध–IV** पर है।

1.4 विधायन

विधायन, सरकार की नीति को स्पष्ट करने का एक मुख्य साधन है। इस संदर्भ में विधायी विभाग उन उद्देश्यों को पूरा करने में मुख्य भूमिका निभाता है, जिन्हें सरकार विभिन्न विधानों के माध्यम से सुनिश्चित करना चाहती है।

1.5 विधायी विभाग न केवल प्रशासनिक मंत्रालयों और विभागों द्वारा आरंभ किए गए विधानों के प्रारूपण के लिए सेवाकारी विभाग के रूप में कार्य करता है अपितु यह उन विषयों की बाबत, जिनसे वह प्रशासनिक रूप से संबद्ध है, विधान भी बनाता है।

1.6 विधायी विभाग प्रतिवर्ष केन्द्रीय सरकार के वित्तीय प्रस्तावों को प्रभावी बनाने के लिए वित्त विधेयक का प्रारूपण करता है। विधायी विभाग द्वारा यह कार्रवाई वित्त मंत्रालय द्वारा इसके समक्ष लाए गए बजट प्रस्तावों पर की जाती है। सुविधा की दृष्टि से, विभिन्न विषय, जिन पर प्रशासनिक मंत्रालयों/विभागों के आदेश पर विधायी विभाग में विधेयकों के प्रारूप तैयार किए जाते हैं, को व्यापक रूप से निम्नलिखित प्रवर्गों में वर्गीकृत किया जा सकता है:–

(क) सांविधानिक संशोधन;

(ख) आर्थिक और कारपोरेट विधियां;

(ग) सिविल प्रक्रिया और अन्य सामाजिक कल्याणकारी विधान;

(घ) निरर्थक विधियों का निरसन; और

(ड) प्रकीर्ण विधियां।

1.7 1 जनवरी, 2014 से 31 दिसम्बर, 2014 तक की अवधि के दौरान, इस विभाग ने संसद के सदनों में पुर:स्थापन के लिए विधेयकों के प्रारूपण के लिए विभिन्न मंत्रालयों/विभागों के परामर्श से मंत्रिमंडल के लिए विधायी प्रस्तावों वाले 135 टिप्पणों की परीक्षा की। इस अवधि के दौरान कुल 54 विधेयक पुर:स्थापन के लिए संसद के संदनों को अग्रषित किए गए। इस अवधि के दौरान अधिनियमित किए गए अधिनियमों की सूची निम्नलिखित अनुसार है:–

क्रम संख्या	संक्षित नाम
1.	मानव रोक्षम अल्पता विषाणु और अर्जित रोगक्षम अल्पता संलक्षण (निवारण और नियंत्रण) विधेयक, 2014
2.	डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मारक के लिए मुम्बई में कतिपय क्षेत्र का अर्जन विधेयक, 2014
3.	संविधान (अनुसूचित जातियां) आदेश (संशोधन) विधेयक, 2014

4.	आंध्र प्रदेश पुनर्गठन विधेयक, 2014
5.	विनियोग (रेलवे) लेखानुदान विधेयक, 2014
6.	विनियोग (रेल) विधेयक, 2014
7.	दिल्ली उच्च न्यायालय (संशोधन) विधेयक, 2014
8.	दिल्ली होटल (वास–सुविधा नियंत्रण) निरसन विधेयक, 2014
9.	अधिकरण, अपील अधिकरण और अन्य कानूनी प्राधिकरण (सेवा की शर्तें) विधेयक, 2014
10.	वक्फ सम्पत्ति (अप्राधिकृत अधिकारियों की बेदखली) विधेयक, 2014
11.	वित्त विधेयक, 2014
12.	खाद्य सुरक्षा और मानक (संशोधन) विधेयक, 2014
13.	विनियोग विधेयक, 2014
14.	विनियोग (लेखानुदान) विधेयक, 2014
15.	दिल्ली विनियोग (लेखानुदान) विधेयक, 2014
16.	दिल्ली विनियोग विधेयक, 2014
17.	आंध्र प्रदेश पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2014 (प्रथम सत्र में अग्रेषित)
18.	भारतीय दूर–संचार विनियामक प्राधिकरण (संशोधन) विधेयक, 2014
19.	विनियोग (रेल) सं. 2 विधेयक, 2014
20	विनियोग (रेल) सं. 3 विधेयक, 2014
21.	वित्त (सं. 2) विधेयक, 2014
22.	अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) संशोधन विधेयक, 2014
23.	वित्त (सं. 2) विधेयक, 2014
24.	वित्त (सं. 3) विधेयक, 2014
25.	दिल्ली विनियोग (सं. 2) विधेयक, 2014
26.	प्रतिभूति विधि (संशोधन) विधेयक, 2014
27.	रेलवे (संशोधन) विधेयक, 2014
28.	संविधान (अनुसूचित जातियां) आदेश (संशोधन) विधेयक, 2014
29.	शिक्षु (संशोधन) विधेयक, 2014
30.	कारखाना (संशोधन) विधेयक, 2014
31.	निरसन और संशोधन विधेयक, 2014
32.	संविधान (एक सौ इक्कीसवां संशोध) विधेयक, 2014
33.	राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्तियां आयोग विधेयक, 2014
34.	भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान विधेयक, 2014
35.	किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) विधेयक, 2014

36.	केन्द्रीय विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2014
37.	दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना (संशोधन) विधेयक 2014
38.	कपड़ा उपक्रम (राष्ट्रीयकरण) विधि (संशोधन और विधिमान्यकरण) विधेयक, 2014
39.	योजना और वास्तुकला विद्यालय विधेयक, 2014
40.	निरसन और संशोधन (द्वितीय) विधेयक, 2014
41.	संदाय और निपटान प्रणाली (संशोधन) विधेयक, 2014
42.	सरकारी स्थान (अप्राधिकृत अधिभोगियों की बेदखली) संशोधन विधेयक, 2014
43.	कंपनी (संशोधन) विधेयक, 2014
44.	कोयला खान (विशेष उपबंध) विधेयक, 2014
45.	विनियोग (सं. 4) विधेयक, 2014
46.	यान–हरण निवारण विधेयक, 2014
47.	दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र विधि (विशेष उपबंध) संशोधन विधेयक, 2014
48.	प्रादेशिक ग्रामीण बैंक (संशोधन) विधेयक, 2014
49.	मोटर यान (संशोधन) विधेयक, 2014
50.	लोकपाल और लोकायुक्त तथा अन्य संबंधित विधि (संशोधन) विधेयक, 2014
51.	विद्युत (संशोधन) विधेयक, 2014
52.	संविधान (एक सौ बाईसवां संशोधन) विधेयक, 2014
53.	भारतीय न्यास (संशोधन) विधेयक, 2014
54.	नागरिकता (संशोधन) विधेयक, 2014

1.8 01.01.2014 से 31.12.2014 तक की अवधि के दौरान पुरःस्थापित किए गए और संसद के समक्ष लंबित विधेयकों में से एक संविधान संशोधन अधिनियम संहित 41 विधेयक, अधिनियमों में अधिनियमित किए गए हैं जोकि निम्नानुसार हैं :–

अधि नियम संख्या	संक्षित नाम	अनुमति की तारीख
1.	लोकपाल और लोकायुक्त तथा अन्य संबंधित विधि (संशोधन) विधेयक, 2013 (2014 का अधिनियम सं. 1)	01.01.2014
2.	विनियोग (सं. 5) विधेयक, 2013 (2014 का अधिनियम सं. 2)	01.01.2014
3.	विनियोग (रेल) सं. 4 विधेयक, 2013 (2014 का अधिनियम सं. 3)	01.'01.2014
4.	विनियोग (रेलवे) लेखानुदान विधेयक, 2014 (2014 का अधिनियम सं. 4)	24.02.2014
5.	विनियोग (रेलवे) विधेयक, 2014 (2014 का अधिनियम सं. 5)	24.02.2014
6.	आंध्र प्रदेश राज्य पुनर्गठन विधेयक, 2014 (2014 का अधिनियम सं. 6)	01.03.2014

7.	पथ विक्रेता (जीविका संरक्षण और पथ विक्रय विनियमन) विधेयक, 2014 (2014 का अधिनियम सं. 7)	04.03.2014
8.	राज्यपाल (उपलब्धियां, भत्ते और विशेषाधिकार) संशोधन विधेयक, 2014 (2014 का अधिनियम सं. 8)	04.03.2014
9.	राष्ट्रीय तकनीकी, विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (संशोधन) विधेयक, 2014 (2014 का अधिनियम सं. 9)	04.03.2014
10.	रानी लक्ष्मी बाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय विधेयक, 2014 (2014 का अधिनियम सं. 10)	04.03.2014
11.	वित्त विधेयक, 2014 (2014 का अधिनियम सं. 11)	04.03.2014
12.	विनियोग (लेखानुदान) विधेयक, 2014 (2014 का अधिनियम सं. 12)	04.03.2014
13.	विनियोग विधेयक, 2014 (2014 का अधिनियम सं. 13)	04.03.2014
14.	दिल्ली विनियोग (लेखानुदान) विधेयक, 2014 (2014 का अधिनियम सं. 14)	04.03.2014
15.	दिल्ली विनियोग विधेयक, 2014 (2014 का अधिनियम सं. 15)	04.03.2014
16.	स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ (संशोधन) विधेयक, 2014 (2014 का अधिनियम सं. 16)	07.03.2014
17.	सूचना प्रदाता संरक्षण विधेयक, 2014 (2014 का अधिनियम सं. 17)	09.05.2014
18.	राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान विधेयक, 2014 (2014 का अधिनियम सं. 18)	17.07.2014
19.	आंध्र प्रदेश पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2014 (2014 का अधिनियम सं. 19)	17.07.2014
20.	भारतीय दूर–संचार विनियामक प्राधिकरण (संशोधन) विधेयक, 2014 (2014 का अधिनियम सं. 20)	17.07.2014
21.	विनियोग (रेलवे) सं. 2 विधेयक, 2014 (2014 का अधिनियम सं. 21)	28.07.2014
22.	विनियोग (रेलवे) सं. 3 विधेयक, 2014 (2014 का अधिनियम सं. 22)	28.07.2014
23.	विनियोग (सं. 2) विधेयक, 2014 (2014 का अधिनियम सं. 23)	28.07.2014
24.	विनियोग (सं. 3) विधेयक, 2014 (2014 का अधिनियम सं. 24)	28.07.2014
25.	वित्त (सं. 2) विधेयक, 2014 (2014 का अधिनियम सं. 25)	06.08.2014
26.	दिल्ली विनियोग (सं. 2) विधेयक, 2014 (2014 का अधिनियम सं. 26)	07.08.2014
27.	प्रतिभूति विधि (संशोधन) विधेयक, 2014 (2014 का अधिनियम सं. 27)	22.08.2014
28.	दिल्ली विशेष पुलिस स्थापन (संशोधन) विधेयक, 2014 (2014 का अधिनियम सं. 28)	29.11.2014
29.	शिक्षु (संशोधन) विधेयक, 2014 (2014 का अधिनियम सं. 29)	05.12.2014
30.	भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान विधेयक, 2014 (2014 का अधिनियम सं. 30)	08.12.2014
31.	वाणिज्य पोत परिवहन (संशोधन) विधेयक, 2014 (2014 का अधिनियम सं. 31)	09.12.2014

32.	वाणिज्य पोत परिवहन (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2014 (2014 का अधिनियम सं. 32)	09.12.2014
33.	श्रम विधि (विवरणी देने और रजिस्टर रखने से कतिपय स्थापनों को छूट) संशोधन विधेयक, 2014 तथा विविध प्रावधान विधेयक 2014 (2014 का अधिनियम सं. 33)	10.12.2014
34.	संविधान (अनुसूचित जातियां) आदेश (संशोधन) विधेयक, 2014 (2014 का अधिनियम सं. 34)	17.12.2014
35.	केन्द्रीय विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2014 (2014 का अधिनियम सं. 35)	
36.	कपड़ा उपक्रम (राष्ट्रीयकरण) विधि (संशोधन और विधिमान्यकरण) विधेयक, 2014 (2014 का अधिनियम सं. 36)	17.12.2014
37.	योजना और वास्तुकला विद्यालय विधेयक, 2014 (2014 का अधिनियम सं. 37)	18.12.2014
38.	विनियोग (सं. 4) विधेयक, 2014 (2014 का अधिनियम सं. 38)	25.12.2014
39.	दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र विधि (विशेष उपबंध) संशोधन विधेयक, 2014 (2014 का अधिनियम सं. 39)	26.12.2014
40.	राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्तियां आयोग विधेयक, 2014 (2014 का अधिनियम सं. 40)	31.12.2014

2. संविधान संशोधन अधिनियम

1.	संविधान (निन्यानवें संशोधन) अधिनियम, 2014 (राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्तियां आयोग)	31.12.2014

3. अध्यादेश

विधायी विभाग ने नौ अध्यादेशों का प्रारूपण तैयार किया जो 1 जनवरी, 2014 से 31 दिसम्बर, 2014 तक की अवधि के दौरान प्रख्यापित किए गए थे, अर्थात् :–

सं.	संक्षित शीर्षक
1.	अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) संशोधन अध्यादेश, 2014 (2014 का अध्यादेश सं. 1)
2.	प्रतिभूति विधि (संशोधन) अध्यादेश, 2014 (2014 का अध्यादेश सं. 2)
3.	भारतीय दूर–संचार विनियामक प्राधिकरण (संशोधन) अध्यादेश, 2014 (2014 का अध्यादेश सं. 3)
4.	आन्ध्र प्रदेश पुनर्गठन (संशोधन) अध्यादेश, 2014 (2014 का अध्यादेश सं. 4)
5.	कोयला खान (विशेष उपबंध) अध्यादेश, 2014 (2014 का अध्यादेश सं. 5)

6.	कपड़ा उपक्रम (राष्ट्रीयकरण) विधि (संशोधन और विधिमान्यकरण) अध्यादेश, 2014 (2014 का अध्यादेश सं. 6)
7.	कोयला खान (विशेष उपबंध) द्वितीय अध्यादेश, 2014 (2014 का अध्यादेश सं. 7)
8.	बीमा विधि (संशोधन) अध्यादेश, 2014 (2014 का अध्यादेश सं. 8)
9.	भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार (संशोधन), अध्यादेश, 2014 (2014 का अध्यादेश सं. 9)

4. अधीनस्थ विधान

1 जनवरी 2014 से 31 दिसम्बर, 2014 तक की अवधि के दौरान इस विभाग द्वारा 2801 कानूनी नियमों, विनियमों, आदेशो, अधिसूचनाओं की संवीक्षा और विधीक्षा की गई है।

5. निर्वाचन आयोग के कार्य

स्वतंत्रता प्राप्ति से लेकर अब तक भारत का संविधान, निर्वाचन विधियों एवं तंत्र के सिद्धांतों के अनुसार नियमित अंतराल पर निष्पक्ष चुनाव कराए जा रहे हैं। संसद, राज्य विधान मंडलों तथा भारत के राष्ट्रपति तथा उप–राष्ट्रपति के पदों के निर्वाचन कराने की पूरी प्रक्रिया का संचालन, निर्देशन तथा नियंत्रण संविधान द्वारा निर्वाचन आयोग को सौंपा गया है।

5.1 निर्वाचन आयोग एक स्थायी सांविधानिक निकाय है। प्रारम्भ में निर्वाचन आयोग में केवल मुख्य निर्वाचन आयुक्त थे। वर्तमान में यहां एक मुख्य निर्वाचन आयुक्त तथा दो निर्वाचन आयुक्त हैं। पहली बार, दो अतिरिक्त निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति 16 अक्टूबर, 1989 को की गयी थी लेकिन उनका कार्यकाल संक्षिप्त 01 जनवरी, 1990 तक रहा। बाद में, 1 अक्टूबर, 1993 को दो अतिरिक्त निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किए गए। तब से बहुसदस्यीय निर्वाचन आयोग प्रचलन में है।

5.2 मुख्य निर्वाचन आयुक्त तथा निर्वाचन आयुक्त भारत के राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किए जाते हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त तथा अन्य निर्वाचन आयुक्तों (सेवा शर्तें) अधिनियम, 1991 (1991 का 11) के अनुसार उनका कार्यकाल छह वर्ष अथवा 65 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो, है। उनकी हैसियत व वेतन उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों के बराबर होते हैं। उन्हें पद से हटाना भी केवल उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों की भाँति और उन्हीं आधारों पर संभव है।

5.3 राजनीतिक दलों को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 (1951 का 43) की धारा 29 ए के अनुसार निर्वाचन आयोग में पंजीकृत किया जाता है। आवधिक अंतरालों पर संगठनात्मक चुनाव कराने पर बल देकर निर्वाचन आयोग राजनीतिक दलों में आंतरिक दल लोकतंत्र सुनिश्चित करता है। निर्वाचन आयोग के साथ पंजीकृत राजनीतिक दलों के आयोग द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुसार आम चुनावों में उनके कार्यनिष्पादन के आधार पर राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्रदान की जाती है।

5.4 संसद तथा राजय विधान मंडलों के निर्वाचन सुचारू रूप से कराने के लिए निर्वाचन आयोग का अपना स्वतंत्र सचिवालय है। विधायी विभाग, विधि और न्याय मंत्रालय को इसका नोडल मंत्रालय बनाया गया है तथा इसे निर्वाचन आयोग के लिए भारत सरकार की स्वीकृतियां जारी करने का कार्य सौंपा गया है।

5.5 इसके अतिरिक्त वर्ष 1950 में निर्वाचन व्यय के मामले में भारत सरकार द्वारा राज्य सरकारों के साथ परामर्श करके यह निर्णय लिया गया था कि विधानसभा क्षेत्रों में निर्वाचन नामावलियां तैयार करने में होने वाला व्यय केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकारों द्वारा 50:50 के अनुपात में वहन किया जाएगा और लोक सभा तथा राज्य विधान सभा निर्वाचन कराने का व्यय क्रमशः केन्द्र सरकार तथा संबंधित राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा और यदि लोक सभा तथा राज्य विधान सभाओं के निर्वाचन साथ–साथ होते हैं तो व्यय केन्द्र सरकार तथा संबंधित राज्य सरकार द्वार 50 : 50 के अनुपात में वहन किया जाएगा। इस संबंध में प्रक्रिया यह है कि प्रारम्भिक व्यय संबंधित राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाता है तथा लेखा–परीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने पर भारत सरकार के भाग का पुर्नभुगतान संबंधित राज्य सरकारों को कर दिया जाता है।

6. निर्वाचन विधि और निर्वाचन संबंधी सुधार

6.1 विधायी विभाग, संसद, राज्य विधान मंडलों के निर्वाचन कराने और राष्ट्रपति तथा उपराष्ट्रपति के पदों के निर्वाचनों के संचालन से संबंधित निम्नलिखित अधिनियमों से प्रशासनिक रूप से संबद्ध है :–

(i) लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950

(ii) लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951

(iii) राष्ट्रपतीय और उपराष्ट्रपतीय निर्वाचन अधिनियम, 1952

(iv) परिसीमन अधिनियम, 2002

(v) आंध्र प्रदेश विधान परिषद अधिनियम, 2005

(vi) तमिलनाडु विधान परिषद अधिनियम, 2010

6.2 हमारे देश का निर्वाचक तंत्र, जिसे चुनावों का सर्वाधिक मत निर्णायक प्रणाली (फस्ट पास्ट दी पोस्ट) वाला भी कहा जाता है ने पैंसठ वर्ष पूरे कर लिए हैं। हमने इस यात्रा को अत्यंत गौरव एवं सभी क्षेत्रों में अपार सफलता के साथ पूरा किया है। यह लाखों लोगों के निरंतर कठिन परिश्रम तथा निरन्तर प्रयास का परिणाम है, जिन्होंने इस देश के वर्तमान तथा भविष्य को अपने खून–पसीने से संवारा है। निःसन्देह यह यात्रा इतनी सुगम नहीं थी तथा हमने इस अवधि में काफी अस्तव्यस्तता एवं हलचल देखी है। इस अवधि में हमारे देश का राजनीतिक परिदृश्य तथा निर्वाचन प्रक्रिया, युगान्तरकारी बदलावों से गुजरे हैं। प्रत्येक चुनाव के साथ निर्वाचन प्रक्रिया तथा चुनाव प्रबंधन की जटिलताएं बढ़ती जा रही हैं। पिछले कुछ समय से भारतीय राजतंत्र, गठबंधन राजनीति के दौर से गुजर रहा है, जिससे विधायी निकायों की प्रत्येक सीट अत्यधिक मूल्यवान हो गई है।

6.3 निरंतर बदलते परिवेश में, अनेक बार निर्वाचन विधि में सुधार की आवश्यकता प्रतीत हुई है। चुनावों से प्राप्त अनुभवों, चुनाव आयोग की सिफारिशों, राजनीतिक पार्टियों सहित विभिन्न स्त्रोतों तथा सार्वजनिक जीवन में महत्वपूर्ण व्यक्तियों के प्रस्तावों द्वारा तथा विधान मंडलों एवं विभिन्न सार्वजनिक निकायों के विचार–विमर्श से उत्तरोत्तर सरकारों ने समय–समय पर निर्वाचन संबंधी सुधार हेतु अनेक कदम उठाए हैं, फिर भी निर्वाचन संबंधी सुधारों हेतु एक व्यापक पैकेज को लागू करने की आवश्यकता को नकारा नहीं जा सकता।

6.4 वर्तमान में, निर्वाचन सुधारों संबंधी पूर्ण मामला जांच एवं रिपोर्ट हेतु विधि आयोग को सौंप दिया गया है। विधि आयोग की रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात मामले की जांच हितधारकों के साथ परामर्श करके की जाएगी।

7. इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीन (ई.वी.एम.)

7.1 वर्ष 1982 में प्रायोगिक तौर पर शुरू किया गया इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीन का उपयोग दो दशक से भी ज्यादा समय में सार्वदेशिक हो पाया और वर्ष 2004 में लोक सभा के आम चुनावों के दौरान देशभर के सभी मतदान केन्द्रों पर इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीनों का प्रयोग किया गया। इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीनों को, भारत के निर्वाचन आयोग की ओर से संयुक्त रूप से दो सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों अर्थात् इसीआईएल (इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, हैदराबाद) और बीईएल (भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, बेंगलूर) के साथ मिलकर 1989 में विकसित किया गया था।

7.2 वर्ष 1998 से उनका बार–बार प्रयोग एक अभूतपूर्व सफलता सिद्ध हुआ है। प्रथम चरण का आकलन वर्ष 2000 में किया गया था। इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीनों में अतःस्थापित अभिकल्प धारणा एवं सॉफ्टवेयर इन दो कंपनियों द्वारा विकसित किया गया और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली के पूर्व निदेशक प्रो. पी.वी. इन्द्रेसन की अध्यक्षता में गठिन उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समिति द्वारा तकनीकी समर्थन और मूल्यांकन के बाद इसके लिए पेटेंट दाखिल करवा दिया गया है। इस बीच इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीनों की दक्षता को कई चुनावों में जांचा गया है। न्यायिक निर्णयों द्वारा भी चुनावों में इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीनों की दक्षता का समर्थन किया गया है।

7.3 स्वामित्व एकक होने के नाते इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीन कहीं भी आसानी से उपलब्ध होने वाला उत्पाद नहीं है। इसलिए, नई इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीनों का प्रापण न केवल खुले टेंडर द्वारा अव्यावहारिक है बल्कि ऐसा सोचा भी नहीं जा सकता। इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीनें ईसीआईएल तथा बीईएल द्वारा विकसित और निर्मित की गई थीं।

इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीनों के अब तक के प्रापण का विवरण निम्नलिखित अनुसार है।

क्रम सं.	खरीद का वर्ष	कुल इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीन	स्वीकृत धनराशि (रुपयों में)
1.	1989–90	150000	750000000
2.	2000–2001	142631	1499880443
3.	2001–2002	135481	1422900000
4.	2002–2003	190592	2006100000
5.	2003–2004	336045	3530000000
6.	2004–2005	125681	1315400000
7.	2006–2007	250000	2893742332
8.	2008–2009	180000	1900000000
9.	2009–2010	100000 जमा 27000 बैलेट यूनिट	1139294685
10.	2013–14	382876 जमा 251651 बैलेट यूनिट	3116900000
	योग	**1610430** **जमा 409876** **जमा 251651 बैलेट यूनिट**	**19574217460**

वर्ष 2010–11, 2011–12, 2012–13 तथा 2014–15 के दौरान ई वी एम का कोई प्रापण नहीं किया गया।

8. मतदान फोटो पहचान–पत्रों की प्रगति की प्रास्थिति (ई पी आई सी)

8.1 निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता फोटो पहचान–पत्रों का उपयोग धीरे–धीरे निश्चित रूप से निर्वाचन प्रक्रिया को सरल, सहज और तीव्र बना रहा है। निर्वाचन आयोग ने 1993 में निर्वाचनों में जाली मतदान और निर्वाचनों में मतदाताओं के प्रतिरूपण को रोकने के लिए पूरे देश में मतदाताओं को फोटो पहचान–पत्र जारी करने का विनिश्चय किया था। निर्वाचक नामावली, रजिस्ट्रीकृत मतदाताओं को मतदाता फोटो पहचान–पत्र जारी करने का अधार है। निर्वाचक नामावलियों को सामान्यतः प्रत्येक वर्ष अर्हक तारीख के रूप में 1 जनवरी को पुनरीक्षित किया जाता है। ऐसे सभी व्यक्ति, जो उस तारीख को 18 वर्ष या अधिक आयु प्राप्त कर चुके हैं, निर्वाचक नामावली में सम्मिलित किए जाने के पात्र हैं और उसके लिए आवेदन कर सकते हैं। एक बार नामावली में राजिस्ट्रीकृत होने पर, वे मतदाता फोटो पहचान–पत्र प्राप्त करनके के हकदार हो जाएंगे। अतः मतदाता फोटो पहचान–पत्र जारी करने की स्कीम एक सतत् और निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है, जिसके पूरा होने की कोई समय–सीमा नियत नहीं की जा सकती, क्योंकि और अधिक संख्या में व्यक्तियों के 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने पर मताधिकार के लिए पात्र हो जाने के कारण निर्वाचकों का रजिस्ट्रीकरण (नामांकन फाइल करने और निर्वाचन प्रक्रिया पूरी होने की अंतिम तारीख के बीच की संक्षिप्त अवधि को छोड़कर) एक सतत् और निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। साथ ही, आयोग का निरंतर यह प्रयास रहा है कि ऐसे निर्वाचकों को, जो पूर्व के अभियानों में छूट गए हैं उन्हें और नए निर्वाचकों को मतदाता फोटो पहचान–पत्र प्रदान किए जाएं। निर्वाचन आयोग, जो निर्वाचको ंको फोटो पहचान–पत्र जारी किए जाने की स्कीम के कार्यान्वयन का संपूर्ण भारसाधक हैं, नियमित रूप से उसकी प्रगति का प्रबोधन करता है।

8.2 निर्वाचन आयोग का प्रयास यह है कि जहां तक व्यवहार्य हो, मतदाता फोटो पहचान–पत्र योजना के अतंर्गत 100 प्रतिशत कवरेज का लक्ष्य समयबद्ध तरीके से प्राप्त किया जाए। मतदाता फोटो पहचान–पत्र को जारी करने के लिए आयोग ने कोई यित समय सीमा निर्धारित की है। हालांकि उन सभी व्यक्तियों को जल्द से जल्द मतदाता फोटो पहचान–पत्र जारी करने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है जो निर्वाचक नामावली में पहले ही नामांकित हैं, इनमें से कुछ प्रयास निम्नानुसर हैं –

(i) सभी मतदाताओं के मतदाता फोटो पहचान–पत्र बनाने के लिए विशेष फोटोग्राफी अभियान चलाये जाते हैं।

(ii) मतदाताओं को अपने फोटो की प्रतियां देने की अनुमति है जोकि मतदाता फोटो पहचान–पत्र बनाने के लिए स्कैन की जाती है।

(iii) सभी मतदाताओं को फोटो एकत्र करने तथा मतदाता फोटो पहचान–पत्र बनाने के लिए आयोग द्वारा बूथ लेवल अफसरों की नियुक्ति की गई है।

(iv) मतदाताओं के नामांकन पर ध्यान केंद्रित करने तथा ईपीआईसी बनाने के लिए 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस घोषित किया गया है।

(v) मतदाताओं को मतदाता फोटो पहचान–पत्र बनवाने की प्रक्रिया के बारे में निर्वाचको को सूचित करने हेतु विशेष प्रचार अभियान चलाये गए हैं।

(vi) यह निर्देश जारी किए गए हैं कि एक बार जारी किया गया मतदाता फोटो पहचान–पत्र नंबर मतदाता का पता बदल जाने की दशा में भी उसके जीवनपर्यंत वैध रहेगा।

8.3 इस संबंध में देश में मतदाताओं को फोटो पहचान–पत्र जारी करने की प्रगति दर्शाने वाला विवरण उपलब्ध अद्यतन डाटा के अनुसार **उपबंध–V** में दिया गया है।

9. निर्वाचन विधियों को अन्तर्वलित करने वाले न्यायालय मामले

विधायी विभाग, विभिन्न निर्वाचन संबंधी विधियों का प्रशासनिक भारसाधक होने के नाते निर्वाचनों की वैधता तथा निर्वाचन विधियों संबंधी विभिन्न न्यायालय मामलों को भी देखता है। वर्ष 2014 के आरम्भ में निर्वाचन संबंधी विषयों पर उच्चतम न्यायालय तथा विभिन्न उच्च न्यायालयों में 202 मामले लम्बित थे। उक्त वर्ष के दौरान 33 नए मामले प्राप्त हुए थे जिनके संबंध में पैरावार टिप्पणियां, प्रति शपथ–पत्र और समुचित अनुदेश, संबंधित सरकारी काउंसेल को सम्प्रेषत किए गए थे। फाईल किए गए 33 नए मामलों में से 9 और पहले से लम्बित 6 मामलों को इस अवधि के दौरान निपटारा कर दिया गया है। इस समय उच्चतम न्यायालय और विभिनन उच्च न्यायालयों के समक्ष लगभग 220 मामले लम्बित हैं। सभी मामलों की प्रभावी रूप से मानिटरिंग की जा रही है।

10. संसदीय कार्य का संचालन

वर्ष 2014 के दौरान, विधायी विभाग, जिसे विधि एवं न्याय मंत्रालय के संसदीय कार्य के समन्वयन/संचालन का कार्य दिया गया है, ने निम्नानुसार कार्य का निपटान किया है:

क्रम सं.	कारबार का मद	विधि एवं न्याय मंत्रालय के आंकड़े
1.	लोक सभा प्रश्न	249
2.	राज्य सभा प्रश्न	158
3.	लोक सभा में प्राइवेट सदस्यों के विधेयक	20
4.	राज्य सभा में प्राइवेट सदस्यों के विधेयक	9
5.	प्राइवेट सदस्यों के संकल्प	6
6.	लोक सभा में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव	2
7.	राज्य सभा में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव	2
8.	लोक सभा में अल्पावधि चर्चा	3
9.	शून्यकाल के दौरान उठाए गए मामले	11
10.	लोक सभा में नियम 377 के अन्तर्गत उठाए गए मामले	6
11.	राज्य सभा में विशेष उल्लेख	13

11. परामर्श समिति

विधि और न्याय मंत्रालय से संबद्ध संसद सदस्यों की परामर्श समिति को दिनांक 16 सितम्बर, 2009 को 15 सदस्यों के साथ माननीय विधि और न्याय मंत्री की अध्यक्षता में गठित किया गया था। वर्ष 2014

के दौरान, इस मंत्रालय से संबद्ध परामर्श समिति की एक बैठक 15.12.2014 को हुई।

12. समवर्ती क्षेत्र में विधान

12.1 भारत सरकार (कार्य–आबंटन) नियम, 1961 के अनुसार संविधान की सातवीं अनुसूची की (समवर्ती सूची) सूची 3 के अंतर्गत आने वाले निम्नलिखित विषयों की बाबत विधायी प्रस्तावों पर कार्रवाई करने से संबंधित कार्य इस विभाग को आबंटित किए गए हैं:–

(क) विवाह और विवाह–विच्छेद; शिशु और अप्राप्तवय; बिल; निर्वसीयतता और उत्तराधिकार; अविभक्त कुटुम्ब और विभाजन;

(ख) कृषि भूमि से भिन्न संपत्ति अंतरण (बेनामी संव्यवहारों को छोड़कर), विलेखों और दस्तावेजों का रजिस्ट्रीकरण;

(ग) संविदाएं, किन्तु कृषि भूमि से संबंधित संविदाओं को छोड़कर;

(घ) अनुयोज्य दोष;

(ड) शोधन अक्षमता और दिवाला;

(च) न्यास और न्यासी, महाप्रशासक और शासकीय न्यासी;

(छ) साक्ष्य और सपथ;

(ज) सिविल प्रक्रिया जिसमें परिसीमा और माध्यस्थम शामिल है;

(झ) पूर्त एवं धार्मिक विन्यास तथा धार्मिक संस्थान।

12.2 भारत के विधि आयोग की रिपोर्टें

विधायी विभाग, इस समय स्वीय विधियों और संविधान की सातवीं अनुसूची की सूची III (समवर्ती सूची) में वर्णित अन्य विषयों पर, जिनसे यह विभाग प्रशासनिक रूप से संबद्ध है, भारत के विधि आयोग की कुछ रिपोर्टों को मानीटर एवं जांच कर रहा है। आयोग की संस्तुतियों की केन्द्र सरकार से संबंधित मंत्रालयों/विभागों/राज्य सरकारों/संघ क्षेत्र प्रशासनों के साथ परामर्श करके जांच की जा रही है।

12.3 लाभ के पद पर संसद की संयुक्त समिति

14वीं लोक सभा के दौरान लाभ के पद की संवैधानिक और विधिक स्थिति का परीक्षण करने के साथ–साथ संविधान के अनुच्छेदों 102 (1) (क) और 191 (क) के प्रयोजन से 'लाभ का पद' अभिव्यक्ति के सम्बन्ध में व्यापक परिभाषा सुझाने हेतु संसद के सदनों की एक संयुक्त समिति गठित की गई थी। समिति द्वारा यथेष्ट विचार–विमर्श करने और हितधारकों एवं राज्य सरकारों से साक्ष्य जुटाने के बाद 'लाभ का पद' अभिव्यक्ति की व्यापक परिभाषा प्रस्तुत करते हुए संविधान में संशोधन की संस्तुति की गई है। तद्नुसार 'लाभ का पद की संवैधानिक तथा विधिक स्थिति का परीक्षण करने के लिए संयुक्त समिति की रिपोर्ट पर कार्रवाई', विषय पर मंत्रिमंडल के लिए ड्राफ्ट नोट तथा साथ ही लाभ का पद अभिव्यक्ति को परिभाषित करने के लिए भारत के संविधान में संशोधन करने के लिए एक ड्राफ्ट विधेयक इस विभाग में तैयार किया गया है तथा सभी मंत्रालयों/विभागों के साथ–साथ राज्य सरकारों/संघ राज्य प्रशासनों को उनके मत/टिप्पणी हेतु परिचालित किया गया है। कुछ मंत्रालयों/विभागों तथा राज्य सरकारों से टिप्पणी अभी प्रतीक्षित है।

12.4 स्वीय विधियों और अन्य विषयों से संबंधित याचिकाएं और अन्य न्यायालय मामले

विधायी विभाग, स्वीय विधियों और संविधान की सातवीं अनुसूची की सूची III से संबंधित मामलों, जैसे भारतीय संविदा अधिनियम 1872, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872, भारतीय न्यास अधिनियम 1882, संपत्ति अंतरण अधिनियम 1882, विभाजन अधिनियम 1893, सिविल प्रक्रिया संहिता 1908, परिसीमा अधिनियम 1963 आदि के साथ लाभ का पद सहित, का प्रशासनिक प्रभारी होने के नाते सर्वोच्च न्यायालय और विभिन्न उच्च न्यायालय में विभिन्न याचिकाओं और अन्य अदालती मामले देखता है। 1 जनवरी 2014 से 31 दिसंबर, 2014 के दौरान आठ नए मामले प्राप्त हुए हैं। पैरावार टिप्पणियां, प्रति शपथपत्र और उचित अनुदेश, जैसा भी मामला हो, तैयार करके सरकारी वकील को दिए गए।

12.5 विवाह विधि (संशोधन) विधेयक, 2010

असुधार्य विवाह भंग को तलाक का आधार बनाने के लिए हिन्दु विवाह अधिनियम, 1955 तथा विशेष विवाह अधिनियम, 1954 में संशोधन का प्रस्ताव करने वाले विवाह विधि (संशोधन) विधेयक, 2010 को 4 अगस्त, 2010 को राज्यसभा में पेश किया गया था तथा 26 अगस्त, 2013 को राज्य सभा द्वारा पारित कर दिया गया। नोटिस भेजे जाने के बावजूद, लोक सभा में यह विधेयक विचार हेतु तथा पारित किए जाने के लिए पेश नहीं किया जा सका, पन्द्रहवीं लोक सभा भंग हो गई थी जिस कारण से विधेयक व्यपगत हो गया था।

2. उक्त विधेयक के विरूद्ध दिए गए अनेक अभिवेदनों को देखते हुए, हिन्दु विवाह अधिनियम, 1955 तथा विशेष विवाह अधिनियम 1954 में संशोधन का प्रस्ताव परीक्षणाधीन है।

12.6 जन्म एवं मृत्यु रजिस्ट्रीकरण (संशोधन) विधेयक, 2012

जन्म एवं मृत्यु रजिस्ट्रीकरण (संशोधन) विधेयक, 2012, विवाहों के पंजीकरण को अनिवार्य करने के लिए बनाया गया था, जिस पर 7 मई, 2012 को राज्यसभा में विचार किया गया और 13 अगस्त, 2013 को राज्य सभा द्वारा पारित कर दिया गया। नोटिस भेजे जाने के बावजूद, संसद के शीतकालीन सत्र में, जोकि 21 फरवरी, 2014 को समाप्त हो गया था, लोक सभा में यह विधेयक विचार हेतु तथा पारित किए जाने के लिए पेश नहीं किया जा सका, पंद्रहवीं लोक सभा भंग हो गई थी जिस कारण से विधेयक व्यपगत हो गया था।

इस समय, संबंधित मंत्रालयों/विभागों के परामर्श से इस विभाग में इस मामले की जांच की जा रही है।

12.7 राज्य विधायी प्रस्ताव

राज्य सरकारों द्वारा प्रायोजित उपरोक्त विषयों से संबंधित ऐसे विधायी प्रस्ताव जिसके लिए संविधान के अनुच्छेद 254 के खण्ड (2) के उपबंधों के आधार पर, राष्ट्रपति की अनुमति अपेक्षित है, उनकी भी इस विभाग के द्वारा संवीक्षा की गई। 1 जनवरी, 2014 से 31 दिसम्बर, 2014 तक की अवधि के दौरान, राज्य विधेयकों/अध्यादेशों से संबंधित चौंतीस संदर्भों का परीक्षण किया गया था।

13 विधायी प्रारूपण और अनुसंधान संस्थान (आई.एल.डी.आर.)

विधायी प्रारूपण एक विशिष्ट कार्य है जिसमें प्रारूपण कौशल एवं विशेषज्ञता शामिल है। विधि प्रारूपण में ऐसे कौशल को बढ़ाने के लिए सतत एवं निरंतर प्रयासों की आवश्यकता होती है। मौजूदा उपलब्ध व्यक्तियों में विधायी प्रारूपण में योग्यता और कौशल विकसित करने के लिए प्रशिक्षण और

अभिमुखीकरण की आवश्यकता है। देश में प्रशिक्षित विधायी प्रारूपकारों की उपलब्धता में वृद्धि करने की दृष्टि से जनवरी, 1989 में विधि एवं न्याय मंत्रालय के विधायी विभाग के एक खंड के रूप में विधायी प्रारूपण और अनुसंधान संस्थान की स्थापना की गई थी। अपनी स्थापना के आरंभ से यह संस्थान विधायी प्रारूपण में सैद्धांतिक और व्यावहारिक प्रशिक्षण दे रहा है। डॉ. संजय सिंह, सचिव, विधायी विभाग, आई. एल.डी.आर. के पाठ्यक्रम निदेशक हैं जो संस्थान के नियंत्रक अधिकारी के रूप में भी कार्यरत हैं। आई. एल.डी.आर. द्वारा निम्नलिखित पाठ्यक्रम आयाजित किए जाते हैं:

(i) केंद्रीय/राज्य सरकारों/संघ राज्य प्रशासनों के मध्यम स्तर के अधिकारियों के लिए विधायी प्रारूपण में तीन महीने की अवधि का बुनियादी पाठ्यक्रम;

(ii) केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों/संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालयों तथा केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के मध्यम स्तर के अधिकारियों के लिए दो सप्ताह की अवधि का मूल्यांकन पाठ्यक्रम।

रिपोर्ट की अवधि के दौरान, आई.एल.डी.आर. ने एक बुनियादी पाठ्यक्रम तथा दो मूल्यांकन पाठ्यक्रम अर्थात विधायी प्रारूपण में छब्बीसवां बुनियादी पाठ्यक्रम तथा विधायी प्रारूपण में सत्रहवें एवं अठ्ठारहवें मूल्यांकन पाठ्यक्रम का आयोजन किया है।

13.2 विधायी प्रारूपण में छब्बीसवां बुनियादी पाठ्यक्रम

राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों द्वारा तैनात अधिकारियों के लाभ हेतु 25 जुलाई, 2014 से 24 अक्तूबर, 2014 के दौरान विधायी प्रारूपण में छब्बीसवां बुनियादी पाठ्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें चौदह प्रशिक्षु अधिकारियों (केरल, गोवा, महाराष्ट्र, कर्नाटक, मध्य प्रदेश तथा चंडीगढ़ प्रशासन से दो–दो अधिकारी) ने भाग लिया तथा पाठ्यक्रम पूर्ण किया।

13.3 सत्रहवां मूल्यांकन पाठ्यक्रम

16 जून, 2014 से 30 जून, 2014 के दौरान सत्रहवें मूल्यांकन पाठ्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों, अधीनस्थ कार्यालयों, संबद्ध कार्यालयों तथा अन्य संगठनों के नौ प्रशिक्षु अधिकारियों ने भाग लिया।

13.4 अठ्ठारहवां मूल्यांकन पाठ्यक्रम

19 जनवरी से 2 फरवरी, 2015 के दौरान अठ्ठारहवें मूल्यांकन पाठ्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें केंद्र सरकार के विभिन्न प्रशासनिक मंत्रालयों/केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों आदि के उनतालीस अधिकारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

13.5 हिंदी में विधायी प्रारूपण पाठ्यक्रम

विभिन्न राज्य सरकारों/संघ शासित क्षेत्रों, जहां विधायी प्रारूपण का कार्य हिंदी में किया जाता है, के अधिकारियों की सुविधा के लिए 10 नवंबर, 2014 से 10 दिसंबर, 2014 तक एक विशेष विधायी प्रारूपण पाठ्यक्रम का आयोजन किया गया। कुल सात अधिकारियों ने इसमें भाग लिया तथा इस पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा किया। यहां यह उल्लेखनीय है कि विधायी प्रारूपण पाठ्यक्रम का आयोजन ऐसे समय पर किया गया जब आई एल डी आर ने देश में अपनी स्थापना तथा विधायी परामर्शी समुदाय के उल्लेखनीय सेवा प्रदाता के रूप में 25 वर्ष पूरे कर लिए हैं।

इस विभाग के अधिकारियों के लाभ के लिये 27.10.2014 को आंतरिक प्रशिक्षण दिया गया। यह

पाठ्यक्रम सभी भा.वि.से. के अधिकारियों, अधीक्षकों (विधि) तथा सहायकों (विधि) के लाभ के लिए शुरू किया गया जिसे विधायन के सटीक प्रारूपण के लिए विधायी प्रारूपण में उनकी निपुणता बढ़ाने के लिए रूपांकित किया गया।

13.6 परिणाम रूपरेखा दस्तावेज

केंद्र सरकार ने प्रत्येक मंत्रालय/विभाग के संबंध में निष्पादन मॉनिटरिंग तथा मूल्यांकन प्रणाली (पीएमईएस) स्थापित करने का निर्णय लिया है। परिणाम रूपरेखा दस्तावेज़ (आरएफडी) एक केन्द्रीय प्रणीली है जिसे पीएमईएस के कार्यान्वयन हेतु डिजाईनल किया गया है। मंत्रीमंडल सचिवालय का कार्यनिष्पादन प्रबंधन डिविजन (पीएमडी), आरएफडी की तैयारी तथा कार्यप्रणली की मॉनिटरिंग करता है। विधायी विभाग के लिए आरएफडी तैयार करके इसे अंतिम रूप देकर इसे इस विभाग के वेबसाईट पर डाल दिया गया है। आरएफडी 2014–15 के अनुसार कार्य किए जा रहे हैं ताकि इस विभाग द्वारा उत्कृष्ट निष्पादन का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके।

13.7 आई.एल.डी.आर. – एक आई.एस.ओ. 9001:2008 प्रमाणित संस्थान

आर.एफ.डी. 2014–15 में विभाग द्वारा की गई प्रतिबद्धता के एक भाग के रूप में, आई.एल.डी.आर. आई.एस.ओ. प्रमाण लेने के लिए एक कार्य योजना तैयार की गई। परिणामतः, एक गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली (क्यू.एम.एस.) विकसित की गई तथा आइ.एल.डी.आर. में रखी गई। तत्पश्चात्, आंतरिक तथा बाह्य ऑडिट किया गया और अंततः, आइ.एल.डी.आर. को उसमें क्यू.एम.एस. के कार्य के मूल्यांकन के आधार पर आई. एस.ओ. 9001:2008 प्रमाणन प्रदान किया गया। प्रमाणन के संबंध में प्रथम निरीक्षण लेखापरीक्षा 26 नवंबर, 2014 को प्रमाणन निकाय द्वारा की गई। लेखापरीक्षा का उद्देश्य प्रमाणन के लिए तय मानदंडों के साथ आइ.एल.डी.आर. की गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली के अनुपालन को सुनिश्चित करना थ।

13.8 आई.एल.डी.आर. की रजत जयंती

आई.एल.डी.आर. के रजत जयंती समारोह का उद्घाटन 19 फरवरी, 2015 को विधि एवं न्याय मंत्री श्री डी.वी. सदानंद गौड़ा द्वारा किया गया। उन्होंने आई.एल.डी.आर. को नई ऊचाइयों पर ले जाने की आवश्यक्ता पर बल दिया क्योंकि विधायी प्रारूपण में प्रशिक्षण देने वाला यह देश भर में एकमात्र संस्थान है। उन्होंने यह भी आश्वायन दिया कि इसे राष्ट्रीय महत्व का संस्थान बनाने हेतु विभाग द्वारा सभी प्रयास किए जाएंगे।

13.9 विधायन इत्यादि के क्षेत्र में कम्प्यूटर तकनीक तथा इंटरनेट और निकनेट पर भारत संहिता

विभाग के पास मंत्रालय की वेबसाइट पर इंडिया कोड में निहित केन्द्रीय अधिनियमों की पुनः प्राप्ति का इंडिया कोड सूचना सिस्टम (आईएनसीओडीआईएस) कार्यक्रम हैं यह एक वेब समर्थित डाटाबेस है। जिसमें अखिल भारतीय अनुप्रयोग के अनिरसित केन्द्रीय अधिनियमों को रखा गया है। यह पूर्ण रूप से टेक्स्ट सर्च की सुविधा प्रदान करता हैं तथा इसमें वर्ष 1834 से अब तक के सारे केन्द्रीय अधिनियम उपलब्ध हैं। यह विभाग राष्ट्रीय सूचना केन्द्र द्वारा विकसित किए गए इस पुनःप्राप्ति कार्यक्रम का संसद के अधिनियमों की पुनःप्राप्ति के लिए इस्तेमाल कर रहा है। इस कार्यक्रम द्वारा मुख्य तथा अधीनस्थ विधायन के प्रारूपण एवं विधीक्षा में विधायी परामर्शियों को भी मदद मिल रही है। संसद के अधिनियमों को अद्यतन करने का कार्य इस विभाग द्वाररा किया जाता है तथा यह निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है यह विभाग

इंडिया कोड संबंधी संपूर्ण डाटा के परिशुद्ध पाठ के लिए सरकार के संबंधित प्रशासनिक मंत्रालयों/विभागों के साथ समन्वय कर रहा है। कथित पुनः प्राप्ति प्रणाली के साथ–साथ मुख्य पृष्ठ (होम पेज) जिसे समय–समय पर अद्यतन किया जाता है, इंटरनेट पर www.indiacode.inc.in उपलब्ध है। संसद में पेश नवीनतम अधिनियमों तथा प्रख्यापित अध्यादेशाके को भी इस वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

राष्ट्रीय सूचना केन्द्र इनकोडिस के अलावा विविध सपोर्ट सुविधाएं जैसे, इंडिया कोड इंफॅर्मेशन सिस्टम का नियमित अपडेशन तथा रख–रखाव, व्यापक डीडीओ पे–रोल सिस्टम, ई–मेल आदि प्रदान करता है। सभी अप्रबंधनीय नेटवर्क डेवाईस को प्रबंधनीय स्विचों में बदल कर विभाग के लोकल एरिया नेटवर्क (एलएएन) की पुनः संरचना की गई है जिससे नेटवर्क की सुरक्षा और गति में वृद्धि हुई है। सारे नेटवर्क के आधार को पहले ही फाईवर ऑप्टिक केबल में बदला जा चुका हैं मुख्य सचिवालय के सभी अनुभागों, अवर सचिव स्तर तथा इससे उच्चतर अधिकारियों तथा मुख्य अधिकारियों के वैयिक्तिक सहायकों को कम्प्यूटर उपलब्ध कराए गए हैं और उन्हें एलएएन से जोड़ा गया है। प्रबंधनीय नेटवर्क डिवाईसिस द्वारा राजभाषा खंड मेंएलएएन स्थापित किया गया है। विधि साहित्य प्रकाशन में एल.ए.एन. स्थापित करने का प्रस्ताव प्रक्रियाधीन है।

वेबपेज को अधिक आकर्षक रूप में पुर्नरचित तथा प्रसारित किया गया है ताकि इसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, कार्य, संरचना, किए गए कार्य, संचालित किए गए पाठ्यक्रम, महत्वपूर्ण कार्यक्रम और घोषताएं, महत्वपूर्ण लिंक आदि प्रतिबिंबित हों तथा साथ ही दी गई सेवाओं को भी अभिव्यक्ति हो।

14. सूचना का अधिकार संबंधी आवेदन

इस विभाग ने, विभाग की शासकीय वेवसाई पर 'सूचना का अधिकार' शीर्षक के अधीन पृथक वेबपेज आरंभ किया है और इस विभाग से संबंधित अधिकतम सूचना को सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के उपबंधों के अनुरूप उसमें प्रसारित किया है जिससे कि उक्त अधिनियम के अधीन प्रकल्पित सूचना के स्वतः प्रकटन का उद्देश्य पूरा किया जा सके। इसके अतिरिक्त, इस विभाग के अपीलीय प्रधाधिकारी और केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी के ई–मेल संपर्क पते राष्ट्रीय सूचना केन्द्र प्रकोष्ठ के साथ समन्वय से सृजित किए गए हैं ताकि इस विभाग की वेबसाइट का उपयोग उक्त अधिनियम के उपबंधों का उपयोग करने में जनता के लिए और अधिक अनुकूल बनाया जा सके। अपीलीय प्राधिकारी का ई–मेल सम्पर्क पता aa.rtilegis@nic.in है और केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी का संपर्क पता cpio.rti.legis@nic.in है।

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के विभिन्न प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए आवेदकों से प्राप्त आवेदनों की समुचित जांच की जाती है तथा विधायी विभाग की संबंधित प्रशासनिक यूनिट से उपलब्ध सूचना प्राप्त कर इसे आवेदक को प्रदान किया जाता है। साथ ही जिन आवेदनों की विषय–वस्तु केन्द्र सरकार के अन्य मंत्रालयों/विभागों से संबंधित होती है उन्हें उक्त अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के अनुसार संबंधित मंत्रालय/विभाग में शीघ्र ही हस्तांतरित कर दिया जाता है। इसके अलावा, प्रथम अपील के मामले में इसकी अपीलीय प्राधिकारी द्वारा निष्पक्षता से जांच की जाती है तथा विहित समस–सीमा के भीतर इसका निपटान कर दिया जाता है। 2014–15; 1 अप्रैल, 2014 से 31 दिसम्बर, 2014 के दौरान उक्त अधिनियम के अंतर्गत सूचना प्राप्त करने के लिए सात सौ सात से 31 दिसंबर, 2014 के दौरान उक्त अधिनियम के अंतर्गत सूचना प्राप्त करने के लिए सात सौ सात (707) आवेदन प्राप्त हुए थे, जिन्हें सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के प्रावधानों तथा इसके अंतर्गत बने नियमों के अनुसार आवेदकों को उचित उत्तर देते हुए उनका शीघ्र निपटान किया गया था। 1 अप्रैल, 2014 से 31 दिसंबर, 2014 की अवधि के

दौरान अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष दायर सभी छप्पन प्रथम अपीलों का उनके गुण–दोषों के आधार पर निपटान कर दिया गया है। आरटीआई आवेदन का निपटान करते हुए दिसंबर, 2014 तक आवेदन शुल्क तथा फोटोकॉपी शुल्क के रूप में इस विभाग ने 5655/–रु. अर्जित किए हैं।

15. शुद्धि अनुभाग

15.1 केन्द्र तथा राज्यों की संहिताओ का रख–रखाव

शुद्धि अनुभाग विधि एवं न्याय मंत्रालय के अधिकारियों के प्रयोग हेतु भारत का संविधान उसके अधीन जारी किए गए आदेशों, निर्वाचन विधि निदेशिका, केन्द्रीय अध्यादेशों, विनियमों, राष्ट्रपति अधिनियमों और राज्यों के अधिनियमों का रख–रखाव करता है। बजट सत्र, मानसून सत्र, शीतकालीन सत्र 2014 के दौरान पारित और प्रवृत्त किए गए संशोधनकारी अधिनियमों द्वारा किए गए संशोधनों को इंडिया कोड के जिल्दों में समाविष्ट कर दिया गया है। यह एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। 13 राज्यों अर्थात् आंध्र प्रदेश, असम, गोवा, हरियाणा, केरल, महाराष्ट्र, पंजाब, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, तेलंगाना, जम्मू–कश्मीर तथा दिल्ली से राज्यों के अधिनियम इस विभाग को प्राप्त हो गया हैं इस विभाग का शुद्धि अनुभाग इंडिया कोड की मास्टर कॉपी का रख–रखाव करता है, जिसमें प्रभारी मंत्री, विधि एवं न्याय मंत्रालय के अधिकारियों, (विधि कार्य विभाग तथा विधायी विभाग) तथा भारत सरकार के विधि अधिकारियों द्वारा संदर्भ हेतु अखिल भारतीय अनुप्रयोग के लिए अनिरसित केन्द्रीय अधिनियम शामिल होते हैं। ये बहुमूल्य संदर्भ पुस्तकें होती हैं तथा केन्द्र सरकार द्वारा अधिनियमों के संशोधित संस्करण प्रकाशित करने के लिए भी इनका प्रयोग किया जाता है। वर्ष 2014 तक के संशोधन अधिनियमों सहित केन्द्रीय अधिनियमों को इंडिया कोड की मास्टर कॉपी में अपडेट कर दिया गया है तथा केन्द्रीय अधिनियमों की सूची (वर्णक्रमानुसर तथा कालक्रमानुसार) को भी निकनेट तथा इंटरनेट पर उपलब्ध करा दिया गया है। इंडिया कोड की वेबसाई का पता है http://indiacode.nic.in

15.2 वर्ष 2014 के दौरान शुद्धि अनुभाग में संसद के इकतालीस अधिनियमों की गजट प्रतियां प्राप्त हुई जिनमें एक संवैधानिक संशोधन अधिनियम, वित्तीय अधिनियम तथा निम्नलिखित दस नए प्रमुख अधिनियम है, जिनके नाम हैः–

1. लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम, 2013 (2014 का 1)
2. आंध्र प्रदेश राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 2014 (2014 का 6)
3. पथ विक्रेता (जीविका संरक्षण और पथ विक्रय विनियमन) अधिनियम, 2014 (2014 का 7)
4. राष्ट्रीय तकनीकी, विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान अधिनियम, 2014 (2014 का 9)
5. रानी लक्ष्मी बाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय अधिनियम, 2014, (2014 का 10)
6. सूचना प्रदाता संरक्षण अधिनियम, 2011 (2014 का 17)
7. राष्ट्रीय डिजाईन संस्थान अधिनियम, 2014 (2014 का 18)
8. भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान अधिनियम, 2014 (2014 का 30)
9. योजना और वास्तुकला विद्यालय विधेयक, 2014 (2014 का 37)
10. राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्तियां आयोग अधिनियम, 2014 (2014 का 40)

15.3 रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान इस विभाग के कुल 14 संशोधन अधिनियमों की गजट प्रतियां प्राप्त हुई जिसके नाम हैं:–

1. राज्यपाल (उपलब्धियां, भत्ते और विशेषाधिकार) संशोधन अधिनियम, 2014 (2014 का 8)
2. स्वापक ओषद्यि और मनः प्रभावी पदार्थ (संशोधन) अधिनियम, 2014 (2014 का 16)
3. आंध्र प्रदेश पुनर्गठन (संशोधन) अधिनियम, 2014 (2014 का 19)
4. भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (संशोधन) अधिनियम, 2014 (2014 का 20)
5. प्रतिभूति विधि (संशोधन) अधिनियम, 2014 (2014 का 27)
6. दिल्ली विशेष पुलिस स्थापन (संशोधन) अधिनियम, 2014 (2014 का 28)
7. शिक्षु (संशोधन) अधिनियम, 2014 (2014 का 29)
8. वाणिज्य पोत परिवहन (संशोधन) अधिनियम, 2014 (2014 का 31)
9. वाणिज्य पोत परिवहन (द्वितीय संशोधन) अधिनियम, 2014 (2014 का 32)
10. श्रम विधि (विवरणी देने और रजिस्टर रखने से कतिपय स्थापनों को छूट) (संशोधन) अधिनियम, 2014 (2014 का 38)
11. संविधान (अनुसूचित जातियां) आदेश (संशोधन) अधिनियम, 2014 (2014 का 34)
12. केन्द्रीय विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 2014 (2014 का 35)
13. कपड़ा उपक्रम (राष्ट्रीयकरण) विधि (संशोधन और विधिमान्यकरण) अधिनियम, 2014 (2014 का 36)
14. दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र विधि विशेष उपबंध अधिनियम, 2014 (2014 का 39)

16. राजपत्र अधिसूचनाएं

अक्टूबर 2014 तक शुद्धि अनुभाग में प्राप्त सभी, भारत की राजपत्र अधिसूचनाओं को संबंधित फोल्डरों से क्रमबद्ध कर लिया गया है और इनकी प्रविष्टियां संबंधित रजिस्टरों में दर्ज कर दी गई हैं।

17 राज्य अधिनियम

वर्ष 2014 के दौरान कुल 219 राज्य अधिनियम और 70 अध्यादेश विभिन्न राज्यों से प्राप्त हुए सभी अधिनियमों और अध्यादेशों को संबंधित रजिस्टरों और फोल्डरों में दर्ज कर लिया गया है।

18. मुद्रण अनुभाग

18.1 विधायी विभाग के मुद्रण अनुभाग (मुद्रण–I और मुद्रण–II) विधायन की प्रक्रिया के विभिनन प्रक्रमों पर मुद्रण का कार्य करने से संबंधित हैं। इन दोनों अनुभागों के कार्यों में विधेयकों की पांडुलिपियों (जिसमें विषय–वस्तु और उपाबंध, जहां–जहां अपेक्षित हैं, को तैयार करना सम्मिलित है), अध्यादेशों, विनियमों, अनुकूलन आदेशों, भारत के संविधान के अधीन जारी किए गए आदेशों, परिसीमन आदेशों और अन्य कानूनी विलेखों को मुद्रणालय भेजने से पहले उनका संपादन करना शामिल है। विधेयकों को प्रूफ आदि की बहुत प्रक्रमों पर जांच की जाती है और अनुमोदन के पश्चात् वे विधायी–1 अनुभाग को भेज दिए जाते हैं जो उन्हें लोक सभा/राज्य सभा सचिवालयों को 'लोक सभा/राज्य सभा पुरःस्थापित किए जाने के

लिए' प्रक्रम हेतु मुद्रण के लिए अग्रेषित करता है। ऐसे विधेयकों को, जिन्हें अल्प–सूचना पुरःस्थापित किया जाना अपेक्षित होता है, मुद्रण अनुभागों द्वारा लोक सभा और राज्य सभा सचिवालय की ओर मुद्रित किया जाता है।

18.2 विधेयकों की मुद्रित प्रतियां, विभिन्न प्रक्रमों पर जांची जाती हैं जैसे यथा पुरःस्थाति 'पुरःस्थापित किए जाने वाले' प्रक्रम, लोक सभा/राज्य सभा द्वारा यथा पारित' प्रक्रम, दोनों सदनों से यथा पारित' प्रक्रम, 'अनुमति प्रति' प्रक्रम 'हस्ताक्षर प्रति' प्रक्रम और अंत में राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के पश्चात्, अधिनियम को तैयार किया जाता है और उसे भारत के राजपत्र में प्रकाशित करने की कार्रवाई की जाती है। उसके ठीक पश्चात् जनता में विक्रय करने के लिए ए–4 प्रक्रम की प्रति उसी रूप से पुनः प्रकाशन करने के लिए तैयार और संपादित की जाती ह। ए–4 आकार के अधिनियमों के प्रूफों को पुनःसंवीक्षित किया जाता है और अंतिम मुद्रण के लिए मुद्रणालय को लौटाने से पूर्व अनुमोदित किया जाता है और अधिनियम की मुद्रित प्रति की अशुद्धियों के लिए जांच की जाती है और विक्रय के लिए जारी की जाती है।

18.3 विभाग की आवश्यकता के अनुसार भारत का संविधान और निर्वाचन विधि निर्देशिका, भारत संहिता, संसद के अधिनियमों, केन्द्रीय अधिनियमों के अद्यतन द्विभाषी संस्करण, आदि जैसे विभिनन अन्य प्रकाशनों के संपादन और प्रूफ की जांच भी इस विभाग के मुद्रण अनुभागों द्वारा की जाती है।

18.4 1 जनवरी, 2014 से 31 दिसम्बर, 2014 की अवधि के दौरान विधायी विभाग के मुद्रण–I तथा मुद्रण–II अनुभाग द्वारा निम्नलिखित कार्य किए गयेः–

(क) कुछ महत्वपूर्ण अधिनियमों, जैसे लोकपाल तथा लोकायुक्त अधिनियम, 2013 (2014 का 1), आंध्र प्रदेश राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 2014 (2014 का 6), स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ (संशोधन) अधिनियम, 2014 (2014 का 16), सूचना प्रदाता संरक्षण अधिनियम, 2014 (2014 का 17), राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान अधिनियम, 2014 (2014 का 18), भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान अधिनियम, 2014 (2.14 का 30), योजना और वास्तुकला विद्यालय अधिनियम, 2014 (2014 का 37) का प्रक्रमण और अधिनियमन।

(ख) 104 विधेयकों, 9 अध्यादेश तथा 1 संवैधानिक आदेश की पांडुलिपियों, प्रफों और संवीक्षा प्रतियों का संपादन किया गया और जांच की गई;

(ग) भारत के राजपत्र में प्रकाशन के अनुरूप वर्ष 2013 के दौरान संसद के 40 अधिनियमों तथा संविधान (निन्यानवेवां संशोधन) अधिनियम, 2014 का संपादन तथा जांच की गई।

(घ) 41 केन्द्रीय अधिनियमों की पाण्डुलिपियों को जन साधारण में विक्रय के लिए ए–4 आकार में प्रकाशन हेतु इसकी जांच की गई तथा संपादन किया गया और 41 में से 38 केन्द्रीय अधिनियमों को मुद्रण के लिए मुद्रणालय में भेजा गया। 3 केन्द्रीय अधिनियम प्रक्रियाधीन हैं।

(ड) वर्ष 2014 के लिए 7 केन्द्रीय अधिनियमों के प्रफों और मुद्रित प्रतियों की जांच की गई और जांची गई प्रतियों को जन साधारण में विक्रय के लिए जारी करने हेतु मुद्रणालय में भेजा गया।

(च) केन्द्रीय अधिनियमों के 19 डिग्लॉट संशोधित संस्करणों के प्रूफों की जांच की गई।

(छ) 3 डिग्लॉट संशोधित संस्करणें की मुद्रित प्रतियों की जांच प्रक्रियाधीन है।

(ज) संसद (निरर्हता निवारण) अधिनियम, 1959 (1959 का 10) की जांच की गई।

(झ) निर्वाचन विधियों की नियमावली के खण्ड I तथा खण्ड II की कम्प्यूटर प्रिंटआउट तथा मुद्रित प्रतियों की जांच की गई।

(ञ) भारत का संविधान की कम्प्यूटर प्रिंटआउट तथा मुद्रित प्रतियों की जांच की गई।

(त) इंडिया कोड खण्ड XXXI की जांच की गई।

(थ) वर्ष 2010 के लिए संसद के अधिनियमों की कम्प्यूटर प्रिंटआउट प्रतियों की जांच की गई।

(द) वर्ष 2011 के लिए संसद के अधिनियमों की कम्प्यूटर प्रिंटआउट प्रतियों की जांच प्रक्रियाधीन है।

19. साधारण कानूनी नियम एवं आदेश अनुभाग (जी.एस.आर.ओ.)

अधीनस्थ विधायन पर संसदीय समिति की संतुतियों के अनुपालन में अधिनस्थ विधायन को अद्यतन रखने और जनता को उसे त्वरित गति से उपलब्ध करवाने की एक योजना बनाई गई थी। किसी अधिनियमन के अधीन अधीनस्थ विधायन, विधायी विभाग से विधिक्षा करवाने की एक योजना बनाई गई थी। किसी अधिनियमन के अधीन अधीनस्थ विधायन, विधायी विभाग से विधिक्षा करवाने के उपरान्त उस मंत्रालय या विभाग के द्वारा जारी किया जाता है जो उस अधिनियम से प्रशासनिक रूप से सम्बन्धित होता है। उक्त योजना के अन्तर्गत, प्रशासनिक मंत्रालयों से यह अपेक्षित है कि वे उनके द्वारा जारी किए गए नियमों, आदेशों और अधिसूचनाओं की अद्यतन प्रतियों वाले फोल्डरों का रख–रखाव करें। केन्द्रीय अधिनियमों के संशोधित संस्करण विधायी विभाग द्वारा प्रकाशित किए जाते हैं और अधिनियम के अन्तर्गत अधीनस्थ विधायन सम्बन्धित प्रशासनिक मंत्रालय या विभाग द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

अधीनस्थ विधायन पर राज्य सभा समिति ने अपनी 135वीं रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से यह संस्तुति की थी कि मंत्रालय, अपनी ई–गवर्नेन्स पहल के हिस्से के रूप में, सभी अधीनस्थ विधायन अधीमानतः द्विभाषी रूप में अपनी वेबसाइट पर रखें। समिति ने यह भी संतुति की थी कि सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय सभी मंत्रालयों के प्रयोग हुेत एक इन्टरनेट अन्तरापृष्ठीय सहित एक मानक एप्लीकेशन सॉफ्टवयेर विकसित करेगा जो सम्बन्धित मंत्रालय के प्रशासनाधीन प्रधान अधिनियमों से संबद्ध अधीनस्थ विधायन का तलाशने योग्य डेटाबेस उपलब्ध करवाएगा।

विधायी विभाग के साधारण कानूनी नियम एवं आदेश अनुभाग (सा.का.नि.आ.अनुभाग) ने वर्ष 2014 के दौरान विभिन्न मंत्रालयों/विभागों के द्वारा जारी किए गए अधीनस्थ विधायन संबंधी भाग–II खण्ड–3, उपखण्ड (i) तथ (ii) के अधीन दोनों साधारण तथा असाधरण अधिसूचनाओं के बारे में विभिनन अधिसूचनाओं की गजट प्रतियां जनवरी, 2013 तक छांट ली हैं तथा जिल्द के लिए तैयार कर ली है।

अधीनस्थ विधायनों के अन्तर्गत विभिन्न गजट अधिसूचनाओं की प्रविष्टियाँ, भाग–II खण्ड–3, उप खंड (ii) असाधारण अधिसूचनाओं के बारे में वर्णानुक्रम रजिस्टरों में कर दी गई है।

विभिन्न मंत्रालयों/विभागों की भाग–II खण्ड 4, उप खण्ड (i) और (ii) (साधारण और असाधारण) और भाग–II खण्ड 4 (साधारण और असाधारण) की वर्ष अगस्त, 2011 से दिसंबर, 2012 के लिए प्राप्त अधिसूचनाओं की गजट प्रतियां छांटी ली गई हैं और साधारण और असाधारण से संबंधित भाग–II, खण्ड 3, उप खण्ड (i) तथा (ii) से सम्बन्धित प्रविष्टियां रजिस्टरों में यथा समय कर दी जाएंगी। सा.का.नि.आ. अनुभाग भारत के राजपत्रा के अधीन विभिन्न मंत्रालयों के द्वारा जारी साधारण कानूनी नियमों और आदेशों के बारे में वर्णानुक्रम रजिस्टरों के रख–रखाव का कार्य करता है और शासकीय प्रयोजन के लिए उन्हें पुस्तक रूप में संकलित भी करता है। इन वर्णनुक्रम रजिस्टरों में जनवरी, 2012 तक की प्रविष्टियां पूरी कर ली गई हैं।

20 एकल वित्त और बजट एवं लेखा अनुभाग

20.1 एकल वित्त और बजट एवं लेखा अनुभाग विधि एवं न्याय मंत्रालय के तीनों विभागों नामतः विधि कार्य विभाग, विधायी विभाग तथा न्याय विभाग और विभिन्न स्वशसी निकायों–आई सी ए डी आर, आई सी पी एस, बी सी आई, आई टी ए टी, नालसा, उच्चतम न्यायालय विधिक संघ इत्यादि सहित विधि और न्याय मंत्रालय के बजट अनुमान और संशोधित अनुमान तैयार करने से संबंधित कार्य करने के लिए उत्तरदायी है। इसके अतिरिक्त, बजट को अंति रूप देने, बजट–पूर्व विचार–विमर्श, लेखा अनुदान और अनुपूरक/अतिरिक्त निधियों की मांगों को प्राप्त किए जाने संबंधी कार्य देने, बजट–पूर्व विचार–विमर्श, `लखा अनुदान और अनुपूरक/अतिरिक्त निधियों की मांगों को प्राप्त किए जाने संबंधी कार्य भी इस अनुभाग द्वारा किया जाता है। भारत निर्वाचन आयोग और उच्चतम न्यायालय सहित सम्पूर्ण मंत्रालय के लिए विस्तृत अनुदान मांगों को तैयार करने से संबंधित कार्य भी बजट तथा लेखा अनुभाग द्वारा निष्पादित किया जाता है। यह अनुभाग, विधि और न्याय मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट और परिणाम बजट को तैयार करने और मुद्रित करवाने के लिए भी उतरदायी है। इसके अतिरिक्त, यह अनुभाग उन प्रस्तावों जिनमें वित्तीय पहलू अन्तर्वलित है और जहां वित्त मंत्रालय की विशिष्ट राय लेना अपेक्षित हे, से संबंधित कार्य भी करता है। विधि और न्याय मंत्रालय के लिए अनुदान मांगों पर संसदीय स्थायी समिति से संबंधित कार्य का समन्वय भी इसी अनुभाग द्वारा किया जाता है।

20.2 अपर्युक्त कार्यों के अतिरिक्त मुख्य शीर्ष 2015 के अन्तर्गत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों (विधान मण्डल वाले) के निर्वाचन संबंधी व्यय के संबंध में निधियों को अनंतिम रूप से निर्गत करने से संबंधित कार्य करना भी इसी अनुभाग का उत्तरदायित्व है। यह अनुभाग निम्नलिखित श्रेणियों के अन्तर्गत निधियों को निर्गत करता है।

20.3 निर्वाचन कार्यालय : यह निर्वाचन स्टाफ के वेतन सहित दिन प्रतिदिन के स्थापना संबंधी व्यय से संबंधित है। इस व्यय को भारत सरकार और राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों (विधानमण्डल वाले) के बीच 50:50 के अनुपात में वहन किया जाता है।

20.4 निर्वाचक नामावली को तैयार करना और उसका मुद्रण : यह भारत निर्वाचन आयोग के निदेशन पर राज्य सरकारों/संघ शासित प्रदेशों (विधानमण्डल वाले) द्वारा किए गए निर्वाचक नामावलियों के कम्प्यूटरीकरण पर उपगत व्यय को छोड़कर निर्वाचक नामावलियों के मुद्रण से संबंधित है।

20.5 लोकसभा के निर्वाचनों के आयोजन हेतु प्रभार : चुनाव जब स्वतंत्र रूप से आयोजित किए जाते हैं तो सम्पूर्ण व्यय संघ सरकार द्वारा वहन किया जाता है किन्तु जब यह राज्य विधान मण्डल चुनावों के साथ आयोजित किए जाते हैं तो खर्च को दोनों के द्वारा समान अनुपात में वहन किया जाता है।

20.6 संसद (राज्य सभा) के निर्वाचनों के आयोजन हेतु प्रभार : सम्पूर्ण व्यय संघ सरकार द्वारा वहन किया जाता है।

20.7 मतदाताओं को फोटा पहचान–पत्र जारी करना – यह व्यय भारत सरकार तथा राज्य/संघ राज्य क्षेत्र (विधान मण्डल वाले) सरकारों के बीच 50:50 के अनुपात में वहन किया जाता है और यह एक आवर्ती व्यय है।

20.8 इलैक्ट्रॉनिक मतदान मशीन (ईवीएम) पर व्यय और राष्ट्रपतीय तथा उप–राष्ट्रपतीय निर्वाचन पर व्यय : सम्पूर्ण व्यय संघ सरकार द्वारा वहन किया जाता है।

21. प्रकाशन अनुभाग

यह अनुभाग समय–समय पर केन्द्रीय अधिनियमों और भारत का संविधान, निर्वाचन विधि निर्देशिका, भारत का संविधान के अधीन जारी किए गए आदेशों, कानूनी परिभाषाओं की अनुक्रमणिका आदि जैसे अन्य महत्वपूर्ण प्रकाशनों के उपांतरित संस्करण निकालता रहता है।

भारत का संविधान (पॉकेट साइज़, डिग्लॉट संस्करण, 2014) का मुद्रण किया जा चुका है। निर्वाचन विधि निर्देशिका (डिग्लॉट संस्करण, 2014 खण्ड। और खण्ड।।) का मुद्रण किया जा चुका है।

वर्ष 2010 के लिए संसद के अधिनियमों के वार्षिक खण्ड को पुस्तिका के रूप में मुद्रण के लिए भेजा जा चुका है। वर्ष 2011 के लिए संसद के अधिनियमों के वार्षिक खण्ड को पुस्तिका के रूप में मुद्रण के लिए भेजे जाने की प्रक्रिया अंतिम स्तर पर है। वर्ष 2012 तथा 2013 के लिए संसद के अधिनियमों के वार्षिक खण्ड का पुस्तिका के रूप में संकलन प्रक्रियाधीन है।

वर्ष 1971 से 1985 तक के सभी केन्द्रीय अधिनियमों को, डिग्लॉट रूप से भारत संहिता के पुनरीक्षित संस्करण में प्रकाशित किए जाने के लिए संकलित कर दिया गया है। 5 केंद्रीय अधिनियमों के संशोधित संस्करणों की हस्तलिपि, जिसमें नवीन संशोधन भी यथावत सम्मलित हैं, को तैयार और उनकी जांच की गई है, तथा डिग्लॉट संस्करण के लिए राजभाषा खण्ड को भेज दी गई है।

22. राजभाषा अनुभाग

22.1 विधायी विभाग का राजभाषा अनुभाग, भारत संघ की राजभाषा नीति, राजभाषा अधिनियम, 1963 और राजभाषा नियम, 1976 के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए प्रशासनिक रूप से उत्तरदायी है। यह अनुभाग अंग्रेजी से हिन्दी तथा व्युत्क्रमतः अनुवादी कार्य करने सहित, भारत संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए हिन्दी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ाने के लिए भी उत्तरदायी है।

22.2 राजभाषा नीति के संबंध में सांविधानिक और अन्य उपबंधों का कार्यान्वयन

विधायी विभाग ने 1 जनवरी 2014 से 31 दिसम्बर 2014 तक की अवधि के दौरान राजभाषा नीति के समस्त पक्षों के कार्यान्वयन के लिए निम्नलिखित प्रयास किए हैं:–

राजभाषा नियम, 1976 के उपबंधों के अनुसार, वर्तमान में 'क', 'ख', तथा 'ग' क्षेत्र को क्रमशः 90, 83 तथा 60 प्रतिशत से अधिक पत्र हिन्दी में भेज जा रहे हैं। राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम में अनुबद्ध लक्ष्यों को प्राप्त करने के संबंध में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। हिन्दी में प्राप्त पत्रों, आवेदनों, अभ्यावेदनों आदि के उत्तर हिन्दी में ही भेजे जाते हैं। सभी संकल्प, सामान्य आदेश, नियम, अधिसूचनाएं, प्रशासनिक रिपोर्टें व अन्य रिपोर्टें और संसद के समक्ष प्रस्तुत किए जाने वाले सभी दस्तावेज, संविदाएं, नोटिस आदि राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 3 की उपधारा (3) के अनुसार द्विभाषी रूप में जारी किए जाते हैं।

राजभाषा नियम, 1976 के नियम 10 के उप–नियम (4) के अनुसरण में 29 अप्रैल, 1979 को विधायी विभाग को अधिसूचित किया गया है। हिन्दी में प्रवीण अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रारूप आदि हिन्दी में ही प्रस्तुत करने के निदेश दिए गए हैं। इसी प्रयोजन के लिए राजभाषा नियम, 1976 के नियम 8 के उप–नियम (4) के अधीन अपना अधिकतम कार्य केवल हिन्दी में करने के लिए 31 अनुभागों में से 17 अनुभागों को विनिर्दिष्ट किया गया है।

22.3 राजभाषा हिन्दी के प्रगामी प्रयोग हेतु तिमाही प्रगति रिपोर्ट

हिन्दी की तिमाही प्रगति रिपोर्टें नियमित रूप से राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय को भेजी जा रही हैं इन रिपोर्टों के माध्यम से हिन्दी प्रशिक्षण के संबंध में कर्मचारियों की स्थिति और हिन्दी में उनके संपूर्ण कार्य को परिलक्षित किया जाता है और यह सुनिश्चित किया जाता है कि गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग द्वारा जारी किए गए वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार हिन्दी में पत्राचार टिप्पण और प्रारूपण करने में वृद्धि हो।

22.4 राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें:

इस विभाग में संयुक्त सचिव और विधायी परामर्शी (राजभाषा खण्ड) तथा राजभाषा प्रभारी की अध्यक्षता में एक राजभाषा कार्यान्वयन समिति गठित की हुई है। शासकीय प्रयोजनों में हिन्दी के प्रगामी प्रयोग के निर्धारण के लिए इस समिति की बैठकें नियमित रूप से तीन मास में बार आयोजित की जाती है। इन बैठकों की कार्यसूची और कार्यवृत्त राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय को भेजे जाते हैं। कार्यवृत्त को विभाग के सभी अधिकारियों और अनुभागों में भी अनुपालन के लिए परिचालित किया जाता है। राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठकें **क्रमशः 26 मार्च, 2014 (पहली), 16 जून, 2014 (दूसरी), 04 सितंबर, 2014 (तीसरी) और 16 दिसंबर 2014 (चौथी)** को आयोजित की गई थी। यह समिति हिन्दी के प्रगामी प्रयोग के संबंध में समस्याओं की पहचान करने और उनका सामाधान ढूंढ़ने के लिए प्रभावी उपाय प्रस्तुत करती है। समिति की बैठकों में राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा संघ का राजकीय कार्य हिन्दी में करने के लिए जारी किए गए वार्षिक कार्यक्रम पर भी विचार–विमर्श किया जाता है और उसमें विहित लक्ष्यों को प्राप्त करने के प्रयास किए जाते हैं। समिति की इन बैठकों में भारत संघ की राजभाषा नीति उसमें विहित लक्ष्यों को प्राप्त केने के प्रयास किए जाते हैं। समिति की इन बैठकों में भारत संघ की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन से संबंधित आदेशों, परिपत्रों, निर्देशों, अधिसूचनाओं, संकल्पों, संस्तुतियों आदि पर भी चर्चा की जाती है।

22.5 हिन्दी सलाहकार समिति

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा जारी किए गए दिशानिर्देशों के अनुसार माननीय विधि और न्याय मंत्री महोदय की अध्यक्षता में हिन्दी सलाहकार समिति का 4 अगस्त, 1967 को गठन किया गया था। यह समिति विधायी विभाग और विधि कार्य विभाग के लिए संयुक्त रूप से गठित की गई है। इस समिति में, संसदीय कार्य मंत्रालय और संसदीय राजभाषा समिति द्वारा नामनिर्देशिती माननीय संसद संदस्य, केन्द्रीय सचिवालय हिन्दी परिषद के नामनिदेशिती, प्रमुख अखिल भारतीय हिन्दी स्वैच्छिक संगठनों के प्रतिनिधि और विधि एवं न्याय मंत्रालय और राजभाषा विभाग के सचिव, अपर सचिव तथा ऊपर वर्णित विभागों के संबंधित संयुक्त सचिव समिति के शासकीय सदस्यों के रूप में सम्मिलित होते हैं।

16वीं लोक सभा के गठन के बाद माननीय विधि और न्याय मंत्री के अनुमोदन से समिति के गठन की प्रक्रिया पहले ही आरंभ की जा चुकी है। सभी संबंधित विभागों/संगठनों/संस्थानों से गैर सरकारी सदस्यों के नामांकन हेतु प्रस्ताव प्राप्त होते ही समिति का शीघ्र पुनर्गठन कर लिया जाएगा तथा निर्धारित नियमों/दिशानिर्देशों के अनुसार समय–समय पर बैठकें की जाएंगी।

22.6 हिन्दी प्रशिक्षण

यह विभाग हिन्दी शिक्षण योजना, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा संचालित हिन्दी के विभिन्न प्रशिक्षण पाठयक्रमों के लिए अपने अधिकारियों/ कर्मचारियों को नामित करता है। हिन्दी भाषा के यह

पाठ्यक्रम, प्रबोध, प्रवीण और प्राज्ञ हैं। हिन्दी टंकण और हिन्दी आशुलिपि के लिए भी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम है। हिन्दी के इन पाठ्यक्रमों के लिए नामांकन एक निरंतर प्रक्रिया है क्योंकि अधिकारियों/कर्मचारियों की भर्ती, पदोन्नति तथा स्थानांतरण होता रहता है।

22.7 हिंदी पखवाडे का आयोजन

इस विभाग में 9 सितम्बर से 23 सितम्बर, 2014 तक एक 'हिन्दी पखवाडे' का आयोजन किया गया था। इस अवधि के दौरान विभिन्न हिन्दी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थीं। और अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में इन कार्यक्रमों में भाग लिया। इनमें से दो प्रतियोगिताएं हिंदीतर कार्मिकों के लिए पृथक रूप से आयोजित की गई थीं। इन प्रतियोगिताओं के लिए क्रमशः 2000/–रुपये, 1500/– रुपये, 1000/– रुपए के प्रथम, द्वितीय, तृतीय और प्रोत्साहन पुरस्कार थे। दिनांक 24 सितंबर, 2014 को आयोजित किए गए पुरस्कार वितरण समारोह में विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को कुल 55,500/– रुपये के 71 नकद पुरस्कार वितरित किए गए।

22.8 हिन्दी में कार्य करने के लिए प्रोत्साहन योजनाएं

इस विभाग में हिन्दी के प्रगामी प्रयोग के लिए तीन प्रोत्साहन योजनाएं चल रही हैं। पहली योजना हिन्दी में मूल टिप्पण और प्रारूपण के लिए है जिसके अधीन वर्ष के दौरान दस कर्मचारियों ने पुरस्कार जीते। दूसरी योजना अंग्रेजी के उन आशुलिपिकों/टंककों के लिए हैं जो हिन्दी आशुलेखन/टंकण का भी कार्य करते हैं। तीसरी योजना उन अधिकारियों के लिए हैं जो अंग्रेजी के साथ–साथ हिन्दी में भी श्रुतलेख देते हैं। पहली तथा दूसरी प्रोत्साहन योजना के लिए क्रमशः 10,600/– रुपए तथा 1,920/– रुपए के नकद पुरस्कार कर्मचारियों को दिए गए थे। इन योजनाओं के अलावा हिन्दी शिक्षण योजना के अधीन आयोजित हिन्दी भाषा, हिन्दी आशुलेखन और हिन्दी टंकण के हिन्दी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम उत्तीर्ण करने के पश्चात अधिकारियों/कर्मचारियों को नकद पुरस्कार और अग्रिम वेतनवृद्धि प्रदान की जाती है।

22.9 संसदीय राजभाषा समिति

संसदीय राजभाषा समिति का गठन सन् 1976 में केन्द्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों व उनके कार्यालयों में राजभाषा हिन्दी के प्रगामी प्रयोग के संबंध में अनुवीक्षण करने व सुझाव देने के दृष्टिकोण से किया गया था। जहां तक विधायी विभाग का सम्बन्ध हैं, इस समिति की सिफारिशों के आधार पर, राजभाषा विभाग द्वारा जारी किए गए आदेशों को विभाग में कार्यान्वित किया जा रहा है।

पत्राचार, कर्मचारियों आदि से सम्बन्धित ब्यौरे **उपबंध–VI** हैं।

23. राजभाषा खंड

23.1 कृत्य

राजभाषा खंड, विधायी विभाग के अधीन राजभाषा (विधायी) आयोग का उत्तरवर्ती संगठन है। इसे निम्नलिखित कृत्य सौंपे गए हैं:–

(i) सभी राजभाषाओं में, यथासंभव उपयोग के लिए मानक विधि शब्दावली की तैयारी और उनका प्रकाशन;

(ii) राष्ट्रपति द्वारा प्रख्यापित सभी केन्द्रीय अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों के हिन्दी में प्राधिकृत की तैयारी;

(iii) राष्ट्रपति द्वारा प्रख्यापित किसी केन्द्रीय अधिनियम या किसी अध्यादेश या विनियम के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा बनाए गए सभी नियमों, विनियमों और आदेशों के हिन्दी में प्राधिकृत पाठ की तैयारी;

(iv) राष्ट्रपति द्वारा प्रख्यापित सभी केन्द्रीय अधिनियमों और अध्यादेशों और विनियमों का राज्यों की अपनी–अपनी राजभाषा में प्राधिकृत पाठ की तैयारी तथा किसी राज्य में यदि ऐसे अधिनियमों या अध्यादेशों का पाठ हिन्दी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में है, तो पारित किए गए सभी अधिनियमों और प्रख्यापित अध्यादेशों के हिन्दी में अनुवाद की व्यवस्था;

(v) विभिन्न विभागों के विलेखों, विधि दस्तावेजों जैसे संविदा, करार, पट्टों, बंधपत्र, गिरवी आदि का हिन्दी अनुवाद;

(vi) राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 3 (3) के अधीन यथा अपेक्षित सभी कानूनी अधिसूचनाओं का हिन्दी अनुवाद;

(vii) राष्ट्रपतीय नियम के अधीन राज्यों की सरकारों द्वारा जारी किए गए कानूनी नियमों का हिन्दी अनुवाद;

(viii) संसद के सभी प्रश्न/उत्तर, आश्वासन आदि का हिन्दी अनुवाद जो विधि और न्याय मंत्रालय से संबंधित है;

(ix) हिन्दी भाषी राज्यों के अधिकारियों को हिन्दी में विधायी प्रारूपण में प्रशिक्षण;

(x) विधिक शैली ओर हिन्दी के मानक खंडों के मॉडल और उनके प्रकाशन की एकरूपता के मूल्यांकन को प्रभावी रूप से सुनिश्चित करने के लिए हिन्दी भाषी राज्यों की समन्वयन समिति से संबंधित कार्य;

(xi) विधि और न्याय मंत्रालय की हिन्दी सलाहकार समिति से संबंधित कार्य;

(xii) विधि के क्षेत्र में राजभाषा के संवर्धन के लिए स्वैच्छिक संगठनों के अनुदान देने से संबंधित कार्य;

(xiii) केन्द्रीय अधिनियमों (विधायी इतिहास सहित) के द्विभाषी (डिलॉट) संस्करणों का प्रकाशन और उनका प्रचार;

(xiv) हिन्दी और द्विभाषी (डिग्लॉट) प्रारूप में इंडिया कोड (भारत संहिता) की तैयारी और अनुरक्षण; तथा

(xv) भारत के संविधान का क्षेत्रीय भाषाओं के संस्करणों का प्रकाशन और उनका विमोचन

23.2 विधि शब्दावली

वर्ष 1961 के राजभाषा (विधायी) आयोग की शुरूआत होने से अब तक विधि शब्दावली के छह सस्करण प्रकाशित हो चुके हैं तथा प्रत्येक क्रमवर्ती संस्करण आकार में बड़ा है। विधि शब्दावली के प्रथम संस्करण (1970) में 20,000 प्रविष्टियां थीं, जबकि नवीनतम छठे संस्करण (2001) में, जो आठ भागों में विस्तृत है, में लगभग 63,000 प्रविष्टियां हैं। राजभाषा खंड द्वारा प्रकाशित विधि शब्दावली को, जो एक अत्यंत महत्वपूर्ण और गौरवशाली प्रकाशन है, विधि क्षेत्र के सभी व्यक्तियों और विद्वानों से व्यापक प्रशंसा प्राप्त हुई

है। विधि शब्दावली का सातवां संस्करण प्रकाशित हो गया है तथा जारी किए जाने हेतु तैयार है। संस्करण निकालने का कार्य प्रक्रियाधीन है। जिसे निकट भविष्य में प्रकाशित किए जाने की संभावना है।

23.3 भारत का संविधान

हिन्दी (संघ की राजभाषा) में भारत के संविधान के प्राधिकृत पाठ के आतिरिक्त, 15 अन्य प्रादेशिक भाषाओं अर्थात् असमिया, बांग्ला, गुजराती, कन्नड़, मलयालम, मराठी, उड़िया, पंजाबी, संस्कृत, तमिल, तेलगु, उर्दू, सिंधी, नेपाली और कोंकणी से संविधान के प्राधिकृत पाठ प्रकाशित किए गए हैं।

23.4 भारत संहिता

सभी केन्द्रीय अधिनियमों का संकलन कर लिया गया है और उपयोगी खण्डों के रूप में भारत संहिता के नाम से प्रकाशित कर दी गई है। भारत संहिता का अंतिम संस्करण 1959 में आठ जिल्दों में प्रकाशित करवाया गया था। भारत संहिता (इंडिया कोड संशोधित संस्करण) का कालक्रमानुसार द्विभाषी रूप (डिग्लॉट) में प्रकाशित करने हेतु कार्यवाही पहले ही आरम्भ की जा चुकी है।

संहिता की प्रमुख विशेषताओं में से एक विशेषता यह है कि प्रमुख विधेयकों के संलग्नक में दिए गए उद्देश्यों और कारणों का विवरण प्रत्येक अधिनियम के अन्त में भी जोड़ा गया है और भारत संहिता के संशोधित संस्करण में भी समाविष्ठ किया गया है। भारत संहिता के संशोधित संस्करण के खण्ड 1 से XXXI तक प्रकाशित किए जा चुके हैं और भारत संहिता की जिल्द XXXII और XXXIII की हस्तलिपि मुद्रण हेतु भेज दी गई है।

23.5 केन्द्रीय अधिनियमों के प्राधिकृत पाठों को तैयार करना और उनका प्रकाशन

रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान, राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 5 (1) (क) के अधीन 25 अधिनियमों का हिन्दी में प्राधिकृत पाठ राजपत्र में प्रकाशित किया जा चुका है। ऐसे अधिनियमों की 1963 से लेकर अब तक कुल संख्या 2347 हो गई है।

23.6 केन्द्रीय अधिनियमों के डिग्लॉट संस्करणों का प्रकाशन

ऐसे केन्द्रीय अधिनियम, जिनकी जनता में मांग बढ़ने की संभावना है, राजभाषा खंड द्वारा द्विभाषी (डिग्लॉट) रूप में प्रकाशित किए जाते हैं। जब किसी अधिनियम विशेष की जनता में मांग होती है तो उसे जनसाधारण में बिक्री के लिए द्विभाषी (हिन्दी तथा अंग्रेजी) रूप में प्रकाशित किया जाता है। ऐसे अधिनियमों की कुल संख्या अब 401 है।

23.7 विधेयकों, अध्यादेशों आदि के प्राधिकृत हिन्दी अनुवाद

राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 5 की उपधारा (2) यह अपेक्षा करती है कि संसद के किसी भी सदन में पुरःस्थापित किए जाने वाले सभी विधेयकों या उनके संबंध में लाए जाने वाले संशोधनों के साथ उनकी हिन्दी अनुवाद भी संलग्न होगा। रिपोर्ट की अवधि के दौरान, 92 विधेयकों के हिन्दी अनुवाद, अंग्रेजी पाठ के इस संसद के सदनों को भेजे गए थे। इसके अतिरिक्त, 6 अध्यादेशों, 7 मंत्रिमंडल टिप्पणों तथा 15 अधिनियमों के हिन्दी अनुवाद भी तैयार किए गए थे।

23.8 साधारण कानूनी नियम और आदेश (सा.का.नि.आ.)

राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 3 की उपधारा (3) केन्द्रीय सरकार के द्विभाषी कार्य के लिए आधार अधिकथित करती है। उस उपधारा के खंड (1) के अधीन, केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी किए गए या

बनाए गए सभी संकल्प, साधारण आदेश, नियम, अधिसूचनाएं आदि हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में होनी चाहिएं रिपोर्ट की अवधि के दौरान, 14132 पृष्ठों के ऐसे कानूनी नियम/ अधिसूचनाएं, आदि केन्द्रीय सरकार के विभिन्न विभागों के लिए तैयार की गईं थीं।

23.9 नियमों, विनियमों, आदेशों, आदि के प्राधिकृत पाठों को तैयारा करना और उनका प्रकाशन

राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 5 की उपधारा (1) का खंड (ख) यह अपेक्षा करता है कि संविधान के अधीन या किसी केन्द्रीय अधिनियम के अधीन जारी किए किसी आदेश, नियम, विनियम या उपविधि का राजपत्र में राष्ट्रपति के प्राधिकार से प्रकाशित हिन्दी अनुवाद, हिन्दी में उसका प्राधिकृत पाठ समझा जाएगा। कुछ नियम, विनियम, आदेश आदि अनुवाद के विभिनन प्रक्रमों पर हैं। रिपोर्ट की अवधि के दौरान, भर्ती नियमों के 3239 पृष्ठों का हिन्दी अनुवाद किया गया है, सात विनियमों के प्राधिकृत पाठ का प्रकाशन उक्त अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (1)(ख) के अधीन किया गया है।

23.10 केन्द्रीय अधिनियमों आदि का रख–रखाव

राजभाषा खण्ड का संशोधन अनुभाग, इण्डिया कोड के साथ ही इंडिया कोड (डिग्लॉट) और संहिता के रूप में रखी गई केन्द्रीय विधानों की मूल प्रतियों के अनुरक्षण और अद्यतन रखने का कार्य करता है। यह अनुभाग भारत का संविधान, निर्वाचन विधि निर्देशिका और अन्य महत्वपूर्ण मैनुअलों का राजभाषा खंड के अधिकारियों के संदर्भ के लिए अद्यतन रखता है। यह अनुभाग, केन्द्रीय अधिनियमों की पूर्वोक्त मुख्य प्रतियों में संसद् द्वारा पारित संशोधन अधिनियम द्वारा किए गए संशोधनों को करने के लिए उत्तरदायी है।

इसके अतिरिक्त, केन्द्रीय अधिनियमों की पांडुलिपियों को डिग्लॉट रूप में तैयार कर उन्हें मुद्रित कर दिया गया है तथा राजभाषा खण्ड द्वारा 14 डिग्लॉट संस्करणों तथा 4 गजट प्रतियां प्रकाशित की गई हैं जिन्हें राज्य सरकारों तथा उच्च न्यायालयों को भेजा गया है।

वर्ष के दौरान, इस अनुभाग ने 2 डिग्लॉट संस्करणों की पांडुलिपियां तैयार की

उपर्युक्त के अतिरिक्त, इस अनुभाग में:

(क) 17 अद्यतन केन्द्रीय अधिनियमों (डिग्लॉट संस्करण) की तथा 2 गजट प्रतियां विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद के लिए विभिन्न राज्य सरकारों को भेजीः तथा

(ख) हिन्दी भाषी राज्यों को कन्द्रीय अधिनियमों के हिन्दी पाठ वाली गजट प्रतियां, अपने–अपने राज्य के राजपत्रों में पुनः प्रकाशन के लिए भेजी।

(ग) इस वर्ष, केन्द्रीय अधिनियमों की वर्णक्रम और काल क्रम (डिग्लॉट) में विवरणिका और भारत का संविधान (डिग्लॉट) तैयार किए गए और प्रकाशित किए गए।

23.11 विधेयकों, अधिनियमों, अध्यादेशों, द्विभाषी (डिग्लॉट) संस्करणों, आदि की पांडुलिपियों का संपादन और उनका प्रकाशन

राजभाषा खंड का मुद्रण अनुभाग मुख्यतः भारत के संविधान के अधीन जारी विधेयकों, अध्यादेशों, विनियमों, राष्ट्रपति के अधिनियमों आदि, और परिषद निर्वाचन–क्षेत्रों का परिसीमन आदेश, आदि की पांडुलियों के संपादन और प्रूफों की जांच का कार्य करता है। ऐसे विधेयकों को भी, जिन्हें अल्प–सूचना पर

पुरःस्थापित किया जाना अपेक्षित होता है, संसद के सदनों की ओर से मुद्रित किया जाता है। भारत के संविधान, निर्वाचन विधि निर्देशिका, इंडिया कोड के पुनरीक्षित संस्करण, केन्द्रीय अधिनियमों, कानूनी नियमों और आदेशों के उपांतरित द्विभाषी (डिग्लॉट) संस्करण, वार्षिक रिपोर्टों, आदि के प्रकाशनों के संपादन और प्रूफों की जांच का कार्य भी इस अनुभाग में किया जाता है। यह अनुभाग केन्द्रीय अधिनियमों, अध्यादेशों, विनियमों, राष्ट्रपति के अधिनियमों आदि के मुद्रण तथा प्रकाशन और विक्रय के लिए उनके पश्चात्वर्ती द्विभाषी (डिग्लॉट) रूप में पुनः मुद्रणों के लिए भी उत्तरदायी है।

राजभाषा खंड का मुद्रण अनुभाग प्रकाशन अनुभाग के कर्त्तव्यों का भी निर्वहन कर रहा है। रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान, इस अनुभाग द्वारा 25 अधिनियम प्राधिकृत किए गए और 11 अध्यादेशों का प्रकाशन कराया गया। इसके अतिरिक्त, 6 डिग्लॉट और 1 आदेश परिषद निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन (उत्तर प्रदेश) संशोधन आदेश, 2014 का भी प्रकाशन किया गया।

साथ ही, भारत का संविधान (25 मार्च, 2014 के अनुसार) के डिग्लॉट फॉर्म के पॉकेट संस्करण, जिसमें संसद द्वारा अभी तक किए गए सभी संशोधन और संविधान (अठ्ठानवेवां संशोधन) अधिनियम, 2012 सम्मलित हैं, का उन्नयन किया गया है तथा इसे इस मंत्रालय की वेबसाइट पर भी डाला गया है।

23.12 मानक विधिक दस्तावेजों को तैयार करना और उनका प्रकाशन

राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 3 (3) (iii) यह अपेक्षा करती है कि केन्द्रीय सरकार या उसके किसी मंत्रालय, विभाग या कार्यालय द्वारा उसकी ओर से किए गए या जारी किए गए करारों, संविदाओं, पट्टों, बंधपत्रों, निविदाओं आदि के लिए हिन्दी–अंग्रेजी दोनों भाषाएं प्रयोग की जांए। उक्त अधिनियम की अपेक्षाओं के अनुपालन के क्रम में राजभाषा खंड केन्द्रीय सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के लिए आठ जिल्दों में उनके अनुवाद में एकरूपता प्राप्त करने की दृष्टि से ऐसे दस्तावेजों के हिन्दी पाठ तैयार कर चुका है। रिपोर्ट की अवधि के दौरान, इस मंत्रालय के 2281 पृष्ठों के संसदीय प्रश्नोत्तरों/आश्वासनों का हिन्दी पाठ भी तैयार किया गया।

23.13 विधि क्षेत्र में भारतीय भाषाओं को स्थापित करना

राजभाषा खंड भारत का संविधान को आठवीं अनुसूची में प्रतिष्ठापित केन्द्रीय अंधिनियामों के हिन्दी अनुवाद तैयार करने और अन्य प्रादेशिक भाषाओं में उनका अनुवाद कराने के कार्य को भी निरंतर कर रहा है जहां तक प्रादेशिक भाषा का संबंध है यह कार्य विभिन्न राज्य सरकारों के सहयोग से किया जा रहा है।

राजभाषा खंड, प्राधिकृत पाठ (केन्द्रीय विधि) अधिनियम, 1973 (1973 का 50) की धारा 2 के अधीन यथापारिकल्पित प्रोदशिक भाषाओं में केंद्रीय अधिनियमों के प्राधिकृत पाठ भी प्रकाशित करता है। रिपोर्ट की अवधि के दौरान, कार्य समूह (प्रादेशिक भाषा) द्वारा 10 केंद्रीय अधिनियमों के अनुवाद का अनुमोदन किया गया और 14 केंद्रीय अधिनियमों (गुजराती–5, तेलुगू–5 और उर्दू–4) को राष्ट्रपति के प्राधिकार के अधीन इस प्रादेशिक भाषाओं में तथा 25 केंद्रीय अधिनियमों को हिन्दी में प्राधिकृत पाठ के रूप में अधिप्रामाणित किया गया। साथ ही, हिंदी के अतिरिक्त, 15 अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में भारत का संविधान का प्राधिकृत पाठ निकाला गया है, ये हैं, असमिया, बंगला, गुजराती, कन्नड़, मलयालम, मराठी, उडिया, पंजाबी, संस्कृत, तमिल, तेलगु, उर्दू, सिंधी, नेपाली तथा कोंकणी।

23.14 केंद्रीय अधिनियमों, विधि शब्दावली, आदि का व्यापक वितरण

केन्द्रीय अधिनियमों के हिन्दी पाठों की राजपत्रित प्रतियां, उनके अधिप्रमाणित किए जाने और भारत

के राजपत्र में प्रकाशित किए जाने के पश्चात सभी हिंदी भाषी राज्यों को भेज दी गई हैं साथ ही इन्हें गुजरात और महाराष्ट्र राज्यों की सरकारों तथा इन राज्यों के उच्च न्यायालयों को भी भेजा गया था। इसके अतिरिक्त, ये प्रतियां भारत सरकार के संबंधित मंत्रालयों और विभागों, अंडमान और निकोबार द्वीप प्रशासन, नागरी प्रचारिणी सभा, संसद पुस्तकालय और अन्य पुस्तकालयों को भी भेज दी गई थीं। केन्द्रीय अधिनियमों की द्विभाषी रूप में प्रतियां सभी राज्यों (हिन्दी और हिंदीतर भाषी राज्य दोनों), भारत के उच्चतम न्यायालय, संसद पुस्तकालय और सभी उच्च न्यायालयों को नियमित रूप से भेजी जाती हैं।

23.15 हिन्दी सलाहकार समिति से संबंधित कार्य

इस मंत्रालय की ग्यारहवीं हिन्दी सलाहकार समिति, जिसका कार्यकाल जुलाई, 2013 में समाप्त हो गया था, का पुनर्गठन अगस्त, 2013 माह में संकलप संख्या ई. 4 (1)/2009–रा.भा. (वि.वि.), दिनांक 7 अगस्त, 2013 के द्वारा 15वीं लोकसभा के शेष कार्यकाल तक के लिए किया गया है। जिसमें लोक सभा और राज्य सभा के सदस्य तथा लगभग ग्यारह शासकीय सदस्य और आमंत्रित सदस्य हैं। समिति का कार्य केन्द्र सरकार को निम्नलिखित विषयों पर सलाह देना है:'

(i) केन्द्रीय अधिनियमों और सांविधिक नियमों का हिन्दी रूप तैयार करना;

(ii) सामान्य विधि शब्दावली का विकास;

(iii) विधि महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में विधि की शिक्षा हिन्दी में देने के लिए मानक विधि पुस्तकों को हिन्दी में तैयार करना;

(iv) विधि जर्नलों और प्रतिवेदनों का हिन्दी में प्रकाशन;

(v) उपर्युक्त मदों में से किसी भी विषय से आनुषंगिक और सम्बन्धित विषय;

(vi) शासकीय प्रयोजन के लिए विधि के क्षेत्र में हिन्दी के प्रचार और प्रसार के लिए तरीके सुझाना।

23.16 स्वैच्छिक संगठनों को सहायता अनुदान

विधि के क्षेत्र में हिंदी और अन्य प्रादेशिक भाषाओं के प्रसार और विकास के लिए संघ और राज्यों की राजभाषाओं के संवर्धन के लिए एक स्कीम है। इस स्कीम के अधीन स्वैच्छिक संगठनों और संस्थानों को वित्तीय सहायता दी जाती है। वर्ष 1985 से, राजभाषा खंड उन स्वैच्छिक संगठनों को वित्तीय सहायता देने के लिए इस स्कीम को लागू कर रहा है, जो विधि और अन्य प्रादेशिक भाषाओं में साहित्य, जोकि प्रस्तावित टिप्पणियों, आलेखों, विधिक विषयों पर पुस्तकों, विधि जर्नलों, विधि संग्रह तथा अन्य प्रकाशन जो हिन्दी तथा राज्यों की अन्य क्षेत्रीय भाषाओं की समृद्धि, प्रचार तथा विकास में सहायक के रूप में हों, के विकास तथा प्रचार की गतिविधियों में शामिल है। न्यायमूर्ति श्री एच आर मल्होत्रा (सेवानिवृत्त) की अध्यक्षता में गठित समिति ने वर्ष 2013–14 के लिए 9 स्वैच्छिक संगठनों को रु 2,99,500/– की राशि की वित्तीय सहायता अनुमोदित की है।

23.17 राजभाषा के प्रमागी प्रयोग के लिए किए गए विशेष उपाय

राजभाषा खंड का यू आर एल http://lawmin.nic.in/olwing है। विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में अनुदित संसद के महत्वपूर्ण अधिनियम विभिन्न भाषाओं में राजभाषा खण्ड के होम पेज पर संबंधित भाषाओं के अंतर्गत डाले गए हैं। भर्ती नियमों/अधिसूचनाओं आदि की सॉफ्टकॉपी उपलब्ध कराने हेतु राजभाषा खण्ड

ने यूनिकोड फॉन्ट का प्रयोग प्रारम्भ किया है।

भारत का संविधान, भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता तथा निर्वाचन विधि निर्देशिका को पहले ही नेट पर उपलब्ध कराया जा चुका है। इस बेवसाइट को, अधिनियमों की एक सूची तथा नियमों और विनियमों की सूची में रखकर और समृद्ध बनाया गया है।

रिपोर्ट की अवधि के दौरान, राजभाषा खंड के विधेयक अनुभाग, अनुवाद 1 अनुभाग, अनुवाद 2 अनुभाग, विधायी 1 अनुभाग, विधायी 2 अनुभाग, मुद्रण अनुभाग, संशोधन अनुभाग, प्रशासन अनुभाग, रोकड़ अनुभाग और पुस्ताकयल को पूर्णतः कम्प्यूटरीकृत कर दिया गया है। रिपोर्ट की अवधि के दौरान कुछ महत्वपूर्ण विधेयकों की कैमरा रैडी प्रतियां तैयार की गई थीं। राजभाषा खंड के समूह 'क' अधिकारियों के नामों, पतों और संपर्क नम्बरों की एक सूची भी नेट पर डाली गई है।

विधि के क्षेत्र में राजभाषाओं के विकास में लगे हुए स्वैच्छिक संगठनों को सहायता की योजना को भी हिन्दी तथा अंग्रेजी दोनों में इंटरनेट पर रखा गया है।

24. विधि साहित्य प्रकाशन

वर्ष 1958 में, संसदीय राजभाषा समिति ने सिफारिश की थी कि भारत के उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के महत्वपूर्ण निर्णयों के प्राधिकृत अनुवाद को प्रकाशित करने के लिए व्यवस्था की जाए और यह कार्य विधि विभाग के पर्यवेक्षणाधीन एक केन्द्रीय कार्यालय को सौंपा जाए। तत्पश्चात् हिन्दी सलाहकार समिति की सिफारिशों पर वर्ष 1968 में विधि के क्षेत्र में हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विधायी विभाग में एक पत्रिका खंड स्थापित किया गया था। इस खंड को बाद में 'विधि साहित्य प्रकाशन' नाम दिया गया था।

24.1 आरंभ में भारत के उच्चतम न्यायालय के सभी उल्लेखनीय निर्णयों, जो रिपोर्ट किए जाने योग्य के रूप में चिहिन्त किए गए थे, का मासिक प्रकाशन अप्रैल, 1968 में आरंभ किया गया था और इसे 'उच्चतम न्यायालय निर्णय पत्रिका' नाम दिया गया था। उच्च न्यायालयों के निर्णयों को समाविष्टि करने वाला दूसरा मासिक प्रकाशन, जनवारी, 1969 में आरंभ किया गया था और इसे ''उच्च न्यायालय निर्णय पत्रिका' नाम दिया गया था। वर्ष 1987 में, 'उच्च न्यायालय निर्णय पत्रिका' को दो निर्णय पत्रिकाओं, अर्थात् 'उच्च न्यायालय सिविल निर्णय पत्रिका' और 'उच्च न्यायालय दांडिक निर्णय पत्रिका' में विभाजित कर दिया गया था। बाद में, उच्चतम न्यायालय के रिपोर्ट किए जाने योग्य निर्णयों में लगातार वृद्धि होने और विधयी विभाग में अपेक्षित संपादकीय कर्मचारिवृन्द की कमी होने के कारण, उच्चतम न्यायालय निर्णय पत्रिका में केवल उच्चतम न्यायालय के रिपोर्ट किए जाने योग्य चयनित निर्णय होते हैं। उच्च न्यायालय सिविल निर्णय पत्रिका तथा उच्च न्यायालय दांडिक निर्णय पत्रिका में भी सिविल और दांडिक मामलों के केवल महत्वपूर्ण और चयनित निर्णय होते हैं।

24.2 विधि साहित्य प्रकाशन निम्नलिखित कार्य भी करता है:–

(क) शैक्षणिक और अन्य क्षेत्रों में तथा निर्देश पुस्तकों के रूप में उपयोग के लिए विधि के क्षेत्र में हिन्दी में पाठय पुस्तकों का प्रकाशन;

(ख) हिन्दी में विधिक उच्च साहित्य का अनुवाद और प्रकाशन;

(ग) विधि के क्षेत्र में हिन्दी में सर्वोत्तम प्रकाशनों के लिए विभिन्न पुरस्कारों का दिया जाना;

(घ) विधि साहित्य प्रकाशन के हिन्दी प्रकाशनों और विधायी विभाग के एक दूसरे खंड अर्थात् राजभाषा खंड, विधि और न्याय मंत्रालय के द्विभाषी संस्करणों आदि का विक्रय; और

(ड) भारत के विभिनन स्थानों में, विशिष्टयता हिन्दी भाषी राज्यों में हिन्दी में विधिक साहित्य को लोकप्रिय बनाने और उनमें सुधार करने के लिए सम्मेलन, संगोष्ठियां और पुस्तक प्रदर्शनियां आयोजित करना।

24.3 इसके अतिरिक्त, विधि के विद्यार्थियों, विधि के प्राध्यापकों, अधिवक्ताओं और न्यायिक अधिकारियों के उपयोग के लिए हिन्दी सुविख्यात विधि विशेषज्ञों द्वारा लिखित विधि की मानक पुस्तकें भी प्रकाशित की जा रहीं हैं। प्राइवेट सेक्टर में मूल रूप से हिन्दी में विधि पुस्तकें लिखने वाले लेखकों को प्रोत्साहित करने के लिए विधि के क्षेत्र में हिन्दी में लिखी गई सर्वोत्तम पुस्तकों पर प्रतिवर्ष पुरस्कार भी दिए जाते हैं।

24.4 विधि के क्षेत्र में हिन्दी के प्रचार और प्रसार के लिए समय–समय पर हिन्दी भाषी और साथ ही गैर–हिन्दी भाषी राज्यों के विधि महाविद्यालयों, उच्च न्यायालय, जिला न्यायालयों आदि में संगोष्ठियां आयोजित की जाती हैं। विधि साहित्य प्रकाशन अपने और राजभाषा खंड के प्रकाशनों की, जिनमें केन्द्रीय अधिनियमों के द्विभाषी (हिन्दी–अंग्रेजी) संस्करण भी हैं, विभिन्न हिन्दी भाषी/हिन्दीतर भाषी राज्यों में प्रदर्शनियां लगाता है और इन प्राकशनों के विक्रय का कार्य भी करता है।

24.5 ''विधि साहित्य समाचार'' नामक एक त्रैमासिक जर्नल भी प्रकाशित किया जा रहा है, जिसमें विधि के क्षेत्र में विभिन्न कार्यकलापों और विधि साहित्य प्रकाशन के प्रकाशनों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जाती है। इसे दिसंबर, 2014 तक अद्यतन किया गया है। एक ''प्रकाशन सूची'' भी, जिसमें विधि साहित्य प्रकाशन के पास विक्रय के लिए उपलब्ध प्रकाशनों की जानकारी होती है, ग्राहकों को समय–समय पर उपलब्ध करवाई जाती है।

24.6 **निर्णय पत्रिकाओं का प्रकाशन** : रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान, संपादन/अनुवाद के स्तर पर ''उच्चतम न्यायालय निर्णय पत्रिका'' नवंबर 2014 तक अद्यतन कर दी गई है और ''उच्च न्यायालय सिविल निर्णय पत्रिका'' जुलाई, 2014 तक अद्यतन कर दी गई है तथा ''उच्च न्यायालय दांडिक निर्णय पत्रिका'' सितंबर, 2014 तक अद्यतन कर दी गई है।

(ख) वर्ष 2014 के लिए पत्रिकाओं के नियमित ग्राहकों की स्थिति :

पत्रिका का नाम	ग्राहकों की संख्या
उच्चतम न्यायालय निर्णय पत्रिका	161
उच्च न्यायालय सिविल निर्णय पत्रिका	149
उच्च न्यायालय दांडिक निर्णय पत्रिका	149

24.7 **पुरस्कार प्रदान करना** : हिन्दी भाषा में विधि पुस्तकों के लेखन, अनुवाद और प्रकाशन तथा हिन्दी में लिखी गई और प्रकाशित ऐसी पुस्तकों पर, जिनका उपयोग विधि की पाठ्य पुस्तकों के रूप में या निर्देश पुस्तकों के रूप में किया जाता है, पुरस्कार देने की स्कीम के अंतर्गत, विधि की मूल पांच शाखाओं में प्रतिवर्ष 5,00,000/– रु. (पांच लाख रुपए) के पुरस्कार दिए जाते हैं। इस स्कीम में, प्रथम पुरस्कार 50,000/– रु. (पचास हजार रुपए), द्वितीय पुरस्कार 30,000/– रु. (तीस हजार रुपए), तथा तृतीय पुरस्कार 20,000/– रु. (बीस हजार रुपए) दिए जाते हैं, जो विभाग की मूल्यांकन समिति द्वारा की गई सिफारिशों पर आधारित होते हैं। मूल्यांकन समिति की 31 जनवरी, 2014 को हुई बैठक में हिंदी में विधि

की 16 पुस्तकों पर 4,40,000/– रु. (चार लाख चालीस हजार रुपए मात्र) के पुरस्कार प्रदान किए गए।

24.8 **पुस्तकों का प्रकाशन** : विधि साहित्य प्रकाशन द्वारा अब तक हिन्दी में 34 मानक विधि पुस्तकों का प्रकाशन किया जा चुका है।

24.9 **संगोष्ठियां, प्रदर्शनियां और पुस्तकों आदि का विक्रय** : वर्ष 2014 में (जनवरी से दिसंबर तक) जयपुर, जोधपुर के जिला न्यायालयों, राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर तथा न्यायपीठ, जयपुर; विश्व पुस्तक मेला, नई दिल्ली; जिला न्यायालय, गाज़ियाबाद; बुलंदशहर, तीसहज़ारी, पटियाला हाउस, द्वारका, रोहिणी, कड़कड़डूमा तथा दिल्ली उच्च न्यायालय में प्रदर्शनी सह विक्रय काउंटर लगाए गए। इन प्रदर्शनियों में काफी संख्या में पुस्तकों तथा केंद्रीय अधिनियमों का विक्रय हुआ।

1 जनवरी 2013 से 31 दिसम्बर, 2014 की अवधि के दौरान विधि साहित्य प्रकाशन का 62,99,221/– रुपये (बासठ लाख निन्यानवें हजार दो सो इक्कीस रुपए) का सकल विक्रय हुआ।

25. अधिकारियों/प्रतिनिधिमण्डल के विदेश दौरे : विधायी विभाग

1. विधायी विभाग में उप विधायी परामर्शी, श्रीमति वीना कोठावले, तथा श्रीमति अकाली वी.कोंगे ने 26 मई, 2014 से 31 मई 2014 तक कोलंबो, श्रीलंका में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय मानवतावादी विधि (आई एच एल) पर 24वें दक्षिणी एशियाई शिक्षण सत्र (एस ए टी एस) में भाग लेने के लिए वहां का दौरा किया ।

2. विधायी विभाग में उप विधायी परामर्शी, श्री रामीसेट्टी श्रीनिवास ने 6 से 7 जनवरी, 2015 तक वियना, ऑस्ट्रिया में आयोजित भारत–यू.एस. कॉंट्रैक्ट ग्रुप की द्वितीय बैठक में भाग लेने के लिए वहां का दौरा किया ।

26. सेवा पदों में अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, भूतपूर्व सैनिकों तथा निःशक्त जनों हेतु आरक्षण

विधायी विभाग के तीन प्रशासनिक खण्डों अर्थात विधायी विभाग (मुख्य), राजभाषा खण्ड तथा विधि साहित्य प्रकाशन की संबंधित इकाइयों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, भूतपूर्व सैनिकों तथा निःशक्तजनों/पदों के संबंध में आरक्षण संबंधी सरकार के अनुदेशों/आदेशों के कार्यान्वयन पर नज़र रखने के लिए निदेशक स्तर का एक अधिकारी संपर्क अधिकारी के रूप में कार्यरत है ।

विधायी विभाग (मुख्य), राजभाषा खण्ड तथा विधि साहित्य प्रकाशन में कर्मचारियों की कुल संख्या तथा उनमें से अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, भूतपूर्व सैनिकों, निःशक्तजनों तथा महिला कर्मचारियों की संख्या (10.01.2015 के अनुसार) दर्शाने वाली विवरणी संलग्न है। **(उपाबंध–VII)**

अध्याय 3
न्याय विभाग

1. संगठन एवं कार्य

न्याय विभाग विधि एवं न्याय मंत्रालय का एक भाग है। सचिव (न्याय) इसके अध्यक्ष है। संगठन की अवसंरचना में तीन संयुक्त सचिव, पांच निदेशक/उप–सचिव और सात अवर सचिव शामिल हैं। न्याय विभाग की स्वीकृत कार्मिक शक्ति 71 है जिसमें से 20 पद रिक्त पड़े हैं। पदासीन वर्तमान 51 अधिकारियों में से 5 महिला अधिकारी/कर्मचारी (02 महिला परामर्शदाता सहित) इस विभाग में कार्यरत हैं। कार्यरत कर्मचारियों की इस कमी को सेवानिवृत्त सरकारी अधिकारियों/कर्मचारियों को परामर्शदाता के रूप में नियुक्त करके पूरा किया जा रहा है। वर्तमान में, न्याय विभाग में 11 परामर्शदाता कार्य कर रहे हैं। न्याय विभाग के कार्य में भारत के मुख्य न्यायाधीश, भारत के उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति, त्यागपत्र और पद से हटाया जाना तथा उनके सेवा संबंधी मामले शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, यह विभाग अधीनस्थ न्यायालयों की अवसंरचना विकास से संबंधित महत्वपूर्ण योजनाओं के साथ–साथ न्यायालयों के कम्प्यूटरीकरण के कार्य को भी कार्यान्वित करता है। न्याय विभाग का संगठनात्मक चार्ट **अनुलग्नक –VIII** पर है।

2. भारत सरकार (कार्य आबंटन नियमावली–1961 समय–समय पर यथासंशोधित) के अनुसार, न्याय विभाग द्वारा देखे/संभाले जा रहे विषयों में अन्य बातों के साथ–साथ, निम्नलिखित शामिल हैं:–

i. भारत के मुख्य न्यायाधीश, भारत के उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति, त्यागपत्र और पद से हटाया जाना उनके वेतन, अनुपस्थिति की अनुमति के संबंध में अधिकार (छुट्टी भत्ता सहित), पेंशन और यात्रा भत्ते।

ii. उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और न्यायाधीशों की नियुक्ति, त्यागपत्र और पद से हटाया जाना उनके वेतन, अनुपस्थिति की अनुमति के संबंध में अधिकार (छुट्टी भत्ता सहित), पेंशन और यात्रा भत्ते

iii. संघ राज्य क्षेत्रों में न्यायिक आयुक्तों एवं न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति।

iv. उच्चतम न्यायालय का गठन एवं संगठन (क्षेत्राधिकार एवं शक्तियों को छोड़कर) (परन्तु ऐसे न्यायालयों की अवमानना सहित) और उनमें लिया जाने वाला शुल्क।

v. उच्च न्यायालयों और न्यायिक आयुक्तों के न्यायालयों का गठन एवं संगठन सिवाय इन न्यायालयों के अधिकारियों/कर्मचारियों से संबंधित प्रावधानों के।

vi. संघ राज्य क्षेत्रों में न्याय का प्रशासन और न्यायालयों का गठन एवं संगठन तथा इन न्यायालयों में लिया जाने वाला शुल्क।

vii. संघ राज्य क्षेत्रों में न्यायालय शुल्क एवं स्टाम्प शुल्क।

viii. अखिल भारतीय न्यायिक सेवा का संगठन।

ix. जिला न्यायाधीशों एवं संघ राज्य क्षेत्रों के उच्चतर न्यायिक सेवा के अन्य सदस्यों की सेवा शर्तें।

x. उच्च न्यायालय के क्षेत्राधिकार का संघ राज्य क्षेत्र में विस्तार अथवा उच्च न्यायालय के क्षेत्राधिकार से किसी संघ राज्य क्षेत्र को बाहर रखना।

xi. गरीबों को विधिक सहायता।

xii. न्याय का प्रशासन।

xiii. न्याय प्रदायगी तक पहुंच एवं विधिक सुधार।

2. न्यायाधीशों की नियुक्तिः

क. भारत का उच्चतम न्यायालय

उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों की संख्या (भारत के मुख्य न्यायाधीश सहित) 31 है। दिनांक 01.04.2014 से 31.12.2014 तक की अवधि के दौरान भारत के उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की 7 नियुक्तियां की गई थीं। दिनांक 01.01.2015 की स्थिति के अनुसार, यहां 28 न्यायाधीश पदासीन हैं और न्यायाधीशों की 3 रिक्तियां भरे जाने के लिए शेष हैं।

श्री न्यायमूर्ति आर.एम. लोढ़ा को भारत के मुख्य न्यायाधीश के रूप में दिनांक 27.04.2014 को नियुक्त किया गया था और वे अधिवर्षिता की आयु प्राप्त कर लेने पर दिनांक 27.09.2014 को सेवानिवृत्त हो गए। श्री न्यायमूर्ति एच.एल. दत्तू ने दिनांक 28.09.2014 से भारत के मुख्य न्यायाधीश के पद का कार्यभार संभाल लिया।

ख. उच्च न्यायालय

उच्च न्यायालयों की न्यायाधीशों की कुल 984 स्वीकृत संख्या में से दिनांक 01.01.2015 की स्थिति के अनुसार, 639 न्यायाधीश पदासीन हैं और न्यायाधीशों की 345 रिक्तियां भरे जाने के लिए शेष हैं।

दिनांक 01.04.2014 से 31.12.2014 तक की अवधि के दौरान, अधिवर्षिता, उच्चतम न्यायालय में पदोन्नति की वजह से उच्च न्यायालयों में 59 रिक्तियां हो गई थीं। उच्च न्यायालयों की न्यायाधीशों की संख्या भी 906 से बढ़कर 984 हो गई है।

दिनांक 01.04.2014 से 31.12.2014 तक विभिन्न उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों/अतिरिक्त न्यायाधीशों की 48 नई नियुक्तियां की गई थीं। इसके अतिरिक्त, 59 अतिरिक्त न्यायाधीशों की नियुक्तियां स्थाई न्यायाधीश के रूप में की गई थीं और 3 अतिरिक्त न्यायाधीशों के कार्यकाल को आगे बढ़ाया गया था।

ग. उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की संख्या को बढ़ाना

दिनांक 07.04.2013 को आयोजित मुख्य न्यायाधीशों और मुख्य मंत्रियों के संयुक्त सम्मेलन के अनुसरण में, न्यायाधीशों की संख्या 25ः तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया था। तदनुसार, इस पर भारत के मुख्य न्यायाधीश का सैद्धांतिक अनुमोदन लिया गया था और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की वर्तमान 906 की संख्या को बढ़ाकर 1112 करने का प्रयास प्रक्रियाधीन है।

राज्य सरकारों/संबंधित उच्च न्यायालयों की सहमति प्राप्त होने के साथ–साथ भारत के मुख्य न्यायाधीश के अनुमोदन के पश्चात, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, जम्मू एवं कश्मीर, मध्य प्रदेश, पंजाब और हरियाणा के उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की संख्या 01.07.2014 से बढ़ा दी गई है और कर्नाटक, उड़ीसा, राजस्थान और उत्तराखंड के उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की संख्या दिनांक 14.10.2014 से बढ़ा दी गई है।

उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की संख्या 906 से बढ़कर 984 हो गई है। शेष उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या को उन उच्च न्यायालयों/राज्य सरकारों से सहमति मिलने के पश्चात और बढ़ाया जाएगा। तथापि, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के संबंध में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने उस उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की बढ़ी हुई संख्या को समायोजित करने में आ रही बाधाओं तथा अवसंरचनाओं के बारे में बताया था। वर्तमान रिक्तियों और अवसरंचनात्मक बाधाओं को ध्यान में रखते हुए, भारत के मुख्य न्यायाधीश के अनुमोदन से यह निर्णय लिया गया है कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाने का प्रस्ताव, सृजित किए जाने हेतु प्रस्तावित न्यायाधीशों के अतिरिक्त पदों को समायोजित करने के लिए हर दृष्टि से अपेक्षित अवसंरचना उपलब्ध हो जाने तक स्थगित रखा जाए।

घ. विधानः

उच्चतर न्यायपालिका में न्यायाधीशों की नियुक्ति संबंधी वर्तमान प्रणाली को बदलने के लिए 'संविधान (एकसौ इक्कीसवां संशोधन) विधेयक, 2014' और 'राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग विधेयक, 2014' नामक दो विधेयक लोक सभा द्वारा दिनांक 13.08.2014 को और राज्य सभा द्वारा दिनांक 14.08.2014 को पारित किए गए थे।

इन विधेयकों में उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) की स्थापना करने हेतु संविधान में संशोधन लाने का प्रावधान है। अपेक्षित संख्या में राज्य विधान सभाओं की द्वारा संविधान संशोधन विधेयक का अनुसमर्थन किए जाने के पश्चात, इन विधेयकों पर राष्ट्रपति की सहमति प्राप्त हो चुकी है। संविधान (निन्यानबेवां संशोधन) अधिनियम के रूप में अधिनियमित 'संविधान (एक सौ इक्कीसवां संशोधन) विधेयक, 2014' और राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग अधिनियम, 2014 को 31 दिसम्बर, 2014 को राजपत्र में प्रकाशित किया जा चुका है। सरकार अब राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग की स्थापना करने जा रही है।

3. राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी (एन जे ए)

राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी, (एनजेए) भोपाल सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के अंतर्गत पंजीकृत एक स्वायत्त निकाय है जो न्याय विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन है। यह देश के न्यायाधीशों/न्यायिक अधिकारियों को न्यायिक प्रशिक्षण प्रदान करने और उच्चतम न्यायालय में कार्यरत अनुसचिवीय अधिकारियों के प्रशिक्षण हेतु आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने, राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों में न्यायालय प्रबंधन और न्याय प्रशासन का अध्ययन करने, न्यायलय प्रबंधन तथा प्रशासन से संबंधित मामलों में सम्मेलनों, संगोष्ठियों, व्याख्यानों का आयोजन तथा अनुसंधान करने के लिए एक प्रमुख निकाय है। अकादमी के मामलों का प्रबंधन एक शासी परिषद द्वारा किया जाता है जिसकी अध्यक्षता भारत के मुख्य न्यायाधीश करते हैं। यह अकादमी भारत सरकार द्वारा पूर्णतः वित्तपोषित है।

इस वर्ष के दौरान अकादमी को वर्ष 2014–15 के 1074 लाख रु. के बजटीय प्रावधान में से 325 लाख रु. (पहली किश्त) और 350 लाख रु. (दूसरी किश्त) का अनुदान जारी किया गया है। अकादमी से अब तक 325 लाख रु. के संबंध में उपयोग प्रमाण–पत्र (यूसी) प्राप्त हो गए हैं।

वर्ष 2012–13 के लिए अकादमी की वार्षिक रिपोर्ट और लेखापरीक्षित लेखों की जांच की गई थी और उन्हें शीतकालीन सत्र के दौरान संसद के दोनों सदनों के पटल पर रखा गया था। वर्ष 2013–14 के लिए अकादमी की वार्षिक रिपोर्ट और लेखापरीक्षित लेखों को संसद के दोनों सदनों के पटल पर रखने की प्रक्रिया चल रही है।

4. कुटुम्ब न्यायालय

कुटुम्ब न्यायालय अधिनियम, 1984 का अधिनियमन विवाह, पारिवारिक मामलों और इनसे संबंधित मामलों से जुड़े विवादों में सुलहनामा को बढ़ावा देने तथा इनका त्वरित निपटान सुनिश्चित करने की दृष्टि से कुटुम्ब न्यायालयों की स्थापना का प्रावधान करने के लिए किया गया है।

केन्द्र सरकार योजनागत स्कीम के अंतर्गत कुटुम्ब न्यायालय के भवनों के निर्माण के लिए एकबारगी अनुदान के रूप में राज्य सरकारों को 10 लाख रु. प्रति न्यायालय तथा योजनेत्तर के तहत आवर्ती लागत के रूप में 5 लाख रु. वार्षिक वित्तीय सहायता प्रदान करती है। केन्द्र सरकार ने राज्य सरकारों को प्रत्येक जिले में कम से कम एक कुटुम्ब न्यायालय की स्थापना करने के बारे में समय–समय पर पत्र लिखा है।

वर्ष 2014–15 के लिए इस योजना हेतु योजनेत्तर के अंतर्गत 5.00 करोड़ रु. का प्रावधान किया गया था। इसमें से, उत्तर प्रदेश सरकार को 3.75 करोड़ रु. का अनुदान जारी किया गया है तथा छत्तीसगढ़ सरकार को 1.00 करोड़ रु. का अनुदान जारी किया गया है। राज्य सरकारों से प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार, देश में इस समय 410 कुटुम्ब न्यायालय कार्य कर रहे हैं। कार्य कर रहे कुटुम्ब न्यायालयों की संख्या को दर्शाने वाला एक विवरण **अनुलग्नक–IX** के रूप में संलग्न है:–

5. तेरहवां वित्त आयोग (टी एफ सी) अवार्ड

तेरहवें वित्त आयोग (टी एफ सी) ने न्याय प्रदायगी में सुधार लाने के उद्देश्य से वर्ष 2010–15 की अवधि के लिए अपने अवार्ड में 5,000 करोड़ रुपए के अनुदान की सिफारिश की थी। इस अनुदान का लक्ष्य न्यायिक परिणामों में सुधार लाने के लिए सहायता उपलब्ध कराना है और यह निम्नलिखित पहलों के लिए आबंटित किया गया है–

योजनाएं	**(करोड़ रु. में)**
प्रातःकालीन/सांयकालीन/पाली न्यायालय का संचालन	2500
एडीआर केन्द्र	600
माध्यस्थों/सुलहकारों का प्रशिक्षण	150
लोक अदालतें	100
विधिक सहायता	200
न्यायिक अधिकारियों का प्रशिक्षण	250
राज्य न्यायिक अकादमियां	300
लोक अभियोजकों का प्रशिक्षण	150
न्यायालय प्रबंधक	300
विरासतीय न्यायालय भवनों का रख–रखाव	450
कुल	5000

तेरहवें वित्त आयोग अनुदान के तहत 'न्याय प्रदायगी में सुधार लाने' के क्षेत्र के लिए उपर्युक्त घटकों हेतु 30.11.2014 तक राज्यों को 1947.05 करोड़ रु. का अनुदान जारी किया गया है। राज्यों को जारी अनुदान तथा राज्यों द्वारा अनुदान के उपयोग को **अनुलग्नक–X** पर देखा जा सकता है। विभिन्न राज्यों से प्राप्त सूचना के आधार पर वास्तविक प्रगति की स्थिति **अनुलग्नक–XI** पर है।

इसके अतिरिक्त, सरकार ने न्यायपालिका के लिए तेरहवें वित्त आयोग अवार्ड में प्रातः/सांयकालीन/पाली अदालतों के लिए आबंटित धनराशि (500 करोड़ रु. प्रति वर्ष) में से ब ज मोहन लाल मामले में उच्चतम न्यायालय के निर्णय के अनुसरण में, राज्य न्यायिक सेवाओं में सृजित किए जाने वाले 10 प्रतिशत अतिरिक्त न्यायाधीशों के पदों के वेतनों पर होने वाले व्यय को पूरा करने के लिए 31.03.2015 तक समरूप आधार पर 80 करोड़ प्रति वर्ष तक की धनराशि उपलब्ध कराने का अनुमोदन प्रदान किया है। राज्य सरकारों से अधीनस्थ न्यायपालिका में सृजित किए जा रहे इन अतिरिक्त न्यायाधीशों के पदो का उपयोग फास्ट ट्रैक न्यायालयों की स्थापना करने हेतु किए जाने का भी अनुरोध किया गया है।

6. ई– न्यायालय एकीकृत मिशन मोड परियोजना कम्प्यूटरीकरण

क. ई–न्यायालय चरण–I :

ई–न्यायालय एकीकृत मिशन मोड परियोजना देश के उच्च न्यायालयों और जिलाध्अधीनस्था न्यायालयों में कार्यान्वित की जा रही राष्ट्रीय ई–शासन परियोजनाओं में से एक है। इस परियोजना की संकल्पना भारत के उच्चतम न्यायालय की ई–समिति द्वारा ''भारतीय न्यायपालिका में सूचना एवं संचार प्रोद्यौगिकी के कार्यान्व्यन हेतु राष्ट्रीय नीति एवं कार्ययोजना–2005'' के आधार पर की गई थी। ई–समिति का गठन वर्ष 2004 में भारत के मुख्य न्यायाधीश के रूप में मुख्य संरक्षक–सह–तदर्थ अध्यक्ष के अधीन न्यायपालिका को आई सी टी सुविधाओं से सुसज्जित करने हेतु एक कार्य योजना तैयार करने के लिये किया गया था।

सरकार ने 935 करोड़ रुपए के कुल बजट से मार्च 2014 तक परियोजना के तहत 14,249 जिला एवं अधीनस्थ न्यायालयों के कम्प्यूटरीकरण का अनुमोदन प्रदान किया। ई–न्यायालय परियोजना का उद्देश्य देश में जिला एवं अधीनस्थ न्यायालयों का समान रूप से कम्प्यूटरीकरण करके और न्याय प्रणाली को आई सी टी से सुसज्जित करने को बढ़ावा देकर वादकारियों, वकीलों और न्यायपालिका को अभिनिर्धारित सेवाएं मुहैया कराना है।

परियोजना को नीतिगत निर्देश और मार्ग दर्शन देने के लिए न्याय विभाग के सचिव की अध्यक्षता में एक अधिकार प्राप्त समिति का गठन किया गया है। इस परियोजना को राष्ट्रीय सूचना केन्द्र(एन आई सी) द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है। न्याय विभाग, ई समिति के प्रतिनिधियों और एन आई सी को शामिल करके बनी एक परियोजना निगरानी समिति परियोजना की प्रगति की निगरानी करने के लिए मासिक आधार पर बैठकें करती है। प्रत्येक उच्च न्यायालय में गठित एक संचालन समिति अपने संबंधित उच्च न्यायालय में परियोजना के कार्यान्वयन की पर्यवेक्षण करती है।

कम्प्यूटरीकरण किए जाने वाले 14,249 न्यायालयों में से दिनांक 31 दिसम्बर, 2014 की स्थिति के अनुसार, 93 प्रतिशत से अधिक कार्यकलापों को पूरा कर लिया गया है। परियोजना के मुख्य घटकों के संबंध में 30

नवंबर 2014 की स्थिति के अनुसार कार्यान्वयन की स्थिति नीचे दी गई है:–

क्रम सं.	मॉड्यूल	30 नवंबर 2014 की स्थिति	पूर्णता %
1	वित्तपोषित स्थल	14249	100.00
2	तैयार स्थल	14249	100.00
3	लगाए गए हार्डवेयर	13436	94.29
4	लगाए गए लैन (एल ए एन)	13606	95.49
5	डाले गए सॉफ्टवेयर	13323	93.50

उपर्युक्त के अलावा, उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों की आई सी टी अवसंरचना का उन्नयन भी किया गया है। नवंबर 2014 तक परियोजना की अन्य गतिविधियों की प्रगति नीचे दी गई है:–

I. **न्यायिक अधिकारियों को लैपटॉप** : 14,309 अधिकारियों को लैपटॉप उपलब्ध कराए गए।

II. **सॉफ्टवेयर** : एक यूनीफाइड नेशनल कोड एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर–केस इंफोर्मेशन सिस्टम (सी आई एस) सॉफ्टवेयर विकसित किया गया है और इसे सभी कम्प्यूटरीकृत न्यायालय में लगाने के लिए उपलब्ध कराया गया है। पिछले मामलों से संबंधित आंकड़ों की प्रविष्टि शुरू की गई है और 3 करोड़ से अधिक मामलों के आंकड़े ऑनलाइन उपलब्ध हैं।

III. **न्यायिक सेवा केन्द्र** : न्यायिक सेवा केन्द्र(जे एस सी) की स्थापना सभी कम्प्यूटरीकृत न्यायालयों में की गई है जो वादकारियोंध्वकीलों द्वारा याचिकाएं और आवेदन दायर करने तथा चल रहे मामलों की जानकारी तथा आदेशों एवं निर्णयों इत्यादि की प्रतियां प्राप्त करने के संबंध में एक सिंगल विंडो के रूप में कार्य करता है।

IV. **संपर्कता (कनेक्टिविटी)** : 2581 न्यायालय परिसरों में वी पी एन ओ बी बी कनेक्टिविटी और 598 जिला न्यायालय परिसरों में अतिरिक्त लीज लाईन कनेक्टिविटी उपलब्ध कराई गई है।

V. **प्रबन्धन में परिवर्तन एवं प्रशिक्षण** : प्रबंधन में परिवर्तन लाने के एक भाग के रूप में 14,000 न्यायिक अधिकारियों को यूबुन्टु–लाईनक्स ओ एस में प्रशिक्षण दिया गया है और 4,000 से अधिक न्यायालयी स्टाफ को सी आई एस सॉफ्टवेयर में प्रशिक्षण दिया गया है।

VI. **री–इंजीनियरिंग प्रकिया** : ई–समिति ने री–इंजीनियरिंग (पी आर) कार्यों की प्रक्रिया आरंभ की है। विद्यमान नियमों, प्रक्रियाओं, कार्यप्रणालियों और फार्मों के संबंध में अध्ययन करने और उनके सरलीकरण का सुझाव देने के लिए सभी उच्च न्यायालयों में पी आर समितियां गठित की गई हैं। 22 उच्च न्यायालयों से री–इंजीनियरिंग प्रक्रिया की रिपोर्टें प्राप्त हो गई हैं और भारत के विधि आयोग द्वारा उनका विश्लेषण किया जा रहा है।

VII. **न्यायालयों और जेलें में वीडियो कान्फ्रेंसिंग (वी सी) सुविधा**: देश में 5 जिलों तथा समरूप जेलों में वीडियो कान्फ्रेंसिंग सुविधा पर एक प्रायोगिक कार्य सफलता पूर्वक पूरा कर लिया गया है। इस प्रायोगिक परियोजना के अनुभव के आधार पर पूरे देश में 995 अतिरिक्त स्थानों पर वी सी सुविधा को चालू किया जा रहा है।

VIII. **राष्ट्रीय न्यायिक डाटा ग्रिडः** ई–न्यायालय परियोजना के तहत कम्प्यूटरीकृत सभी जिला और अधीनस्थ न्यायालयों को राष्ट्रीय न्यायिक डाटा ग्रिड (एन जे डी जी) के साथ जोड़ा गया है, जो पूरे देश में मामलों से संबंधित रिकॉर्डों का एक सामान्य संग्रह केन्द्र है। एन जे डी जी में निर्णित मामलों के आंकड़ों की प्रविष्टि का कार्य शुरू किया जा रहा है और लंबित मामलों से संबंधित आंकड़ों को नियमित आधार पर अद्यतन किया जा रहा है। 31 अक्तूबर 2014 की स्थिति के अनुसार, 24 उच्च न्यायालयों में से 21 के क्षेत्राधिकार के तहत आने वाले जिला और अधीनस्थ न्यायालयों से संबंधित 3.92 करोड़ से अधिक मामलों तथा 60 लाख से अधिक आदेशों/निर्णयों के आंकड़ों को एन जे डी जी में अपलोड किया गया है।

IX. **सेवा प्रदायगी** : राष्ट्रीय ई–न्यायालय पोर्टल (http://www-ecourts-gov-in) क्रियाशील हो चुका है। यह पोर्टल वादकारियों को मामलों के पंजीकरण, वादसूची, मामला स्थिति, दैनिक आदेशों और अंतिम निर्णयों के ब्यौरों जैसी सेवाएं उपलब्ध कराता है। वर्तमान में, वादकार लोग 11,000 से अधिक न्यायालयों में 3 करोड़ से अधिक लंबित और निर्णीत मामलों के संबंध में मामला स्थिति संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

ई–न्यायालय चरण–। परियोजना के उपर्युक्त घटक के लिए 935 करोड़ रुपए की अनुमोदित लागत में से एन आई सी द्वारा दिनांक 31.12.2014 तक 603.89 करोड़ रुपए खर्च किये जा चुके हैं। शेष कार्यकलापों को पूरा करने के लिए, सी सी ई ए ने परियोजना की विस्तार अवधि को 31 मार्च 2015 तक एक वर्ष के लिए 935 करोड़ रुपए की मूल अनुमोदित लागत के भीतर जारी रखने का अनुमोदन प्रदान किया है।

ख. ई–न्यायालय चरण–IIः

उच्चतम न्यायालय की ई–समिति ने जनवरी, 2014 में ई–न्यायालय परियोजना के चरण–II के लिए नीति एवं कार्ययोजना दस्तावेज (इसके पश्चात ''नीति दस्तावेज'') अनुमोदित किया है। उच्चतम न्यायालय की ई–समिति द्वारा देश के सभी उच्च न्यायालयों के परामर्श से तैयार तथा भारत के मुख्य न्यायाधीश द्वारा अनुमोदित नीति दस्तावेज में (i) नये न्यायालयों, जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों (डीएलएसए) और ताल्लुका विधिक सेवा समितियों (टीएलएससी) कार्यालयों, विद्यमान न्यायालयों में अतिरिक्त हार्डवेयर, एसजेए में कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रयोगशाला (ii) सम्पर्कता सुधार, क्लाउड संगणन, अंतर–संचालनीय दाण्डिक न्याय प्रणाली (आईसीजेएस) तैयारी (iii) न्यायालय परिसरों में केन्द्रीयकृत फाइलिंग सेंटर और टच स्क्रीन एवं प्रिंटर युक्त क्योस्क (iv) डिजीटाइजेशन दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली, लर्निंग मेनेजमेंट टूल्स संबंर्धित परिवर्तन प्रबंधन एवं न्यायिक ज्ञान प्रबंधन प्रणाली, और (v) ई–फाइलिंग ई–पेमेंट गेटवे और मोबाइल अनुप्रयोग, लिटिगेंट्स चार्टर इत्यादि के व्यापक उद्देश्यों के साथ न्यायालयों की आईसीटी सुविधा को और बढ़ाने की संकल्पना की गई है।

12वीं पंचवर्षीय योजना में परियोजना के चरण–II के लिए भी प्रावधान हैं। तदनुसार, न्याय विभाग, ई–समिति द्वारा जनवरी, 2014 में अनुमोदित नीति दस्तावेज के आधार पर ई–न्यायालय चरण–II परियोजना तैयार कर रही है।

परियोजना के चरण–II में शुरू किये जाने के लिए प्रस्तावित सभी पहलों और उपायों के समेकन और आयोजनागत घटकों के स्थापित होने से सेवा चार्टर के अंतर्गत वादकारियों के लिए बहुमंचीय सेवाएं उपलब्ध होंगी। इन सेवाओं में, अन्य बातों के साथ–साथ, मामला पंजीकरण, मामला सूची, दैनिक मामला

स्थिति और अंतिम आदेशधनिर्णयों का अपलोड करना शामिल है जिनका प्रावधान चरण–I में किया गया है। इसके अतिरिक्त, ई–मेल तथा हैंड हेल्ड डिवाइसिस वाले सर्वरों के जरिए मामलों की ई फाईलिंग, न्यायालय शुल्क का ई भुगतान, प्रक्रिया सेवा, निर्णयों की डिजिटल रूप में हस्ताक्षरित प्रतियां प्राप्त करना जैसी कुछ एक सेवाएं चरण–II में जोड़ी जानी है। सेवाएं का चार्टर परियोजना के चरण–II को वादकार सेवा केन्द्र के तौर पर यथासंभव गाइडिंग बेस लाइन के रूप में सेवाएं प्रदान करेगा। वकीलगण एस एम एस, ई मेल के माध्यम से और वेबसाईट पर दैनिक वादसूची देख सकेंगे। न्यायालयों के कम्प्यूटरीकरण के प्राथमिक लाभों में से एक लाभ ''कार्य निपटान प्रबंधन का स्वचलन'' (ऑटोमेशन ऑफ वर्कफ्लो मैनेजमेंट) होगा। इससे न्यायालय कार्यसूची (डॉकेट) में मौजूद मामलों पर ज्यादा से ज्यादा नियंत्रण रख पाने में सक्षम होंगे। इस प्रकार, परियोजना के अंतर्गत परिकल्पित सेवाएं न्यायपालिका, वादकार और वकीलों सहित सभी स्टेकहोल्डरों की सेवाओं को पूरा कर पाएंगी। आई सी टी सुसज्जता से न्यायालयों का कार्य संचालन श्रेष्ठतम और पारदर्शी होगा जिसका न्याय प्रदायगी प्रणाली पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इसमें यह परिकल्पना की गई है कि ज्यों–ज्यों परियोजना में प्रगति होगी और प्रौद्योगिकी का विकास होगा त्यों–त्यों सेवा चार्टर में आवश्यक परिवर्धन किए जाएंगे।

ई–न्यायालय परियोजना के चरण–II के अंतर्गत 2764.90 करोड़ रुपए के कुल बजट के साथ तीन वर्ष की परियोजना अवधि के भीतर निम्नलिखित लक्ष्यों को प्राप्त करने का प्रस्ताव है:

i. लगभग 5751 नए न्यायालयों का कम्प्यूटरीकरण।

ii. मौजूदा 14,249 कम्प्यूटरीकृत न्यायालयों का अतिरिक्त हार्डवेयर युक्त आई सी टी सज्जा से संवर्धन।

iii. वेन (डब्ल्यूएएन) के माध्यम से देश के सभी न्यायालयों को राष्ट्रीय न्यायिक डाटा ग्रिड से जोड़ना और प्रस्तावित अंतर–संचालनीय (इंटरऑपरेवल) दांडिक न्याय प्रणाली के साथ एकीकरण हेतु अतिरिक्त सम्पर्कता।

iv. प्रत्येक न्यायालय परिसर में केन्द्रीकृत फाइलिंग केन्द्र और टच स्क्रीन आधारित क्योसक जैसी नागरिक सुवधिाएं स्थापित करना।

v. चरण–I के अंतर्गत शामिल न किए गए न्यायिक अधिकारियों को लेपटॉपों, प्रिंटरों, यू पी एस और कनेक्टिविटी देने और चरण–I के अंतर्गत न्यायिक अधिकारियों को उपलब्ध कराए गए पुराने हार्डवेयर को बदलने का प्रावधान।

vi. शेष 2500 न्यायालय परिसरों और 800 शेष जिलों में वीडियो कान्फ्रेंसिंग सुविधा शुरू करना।

vii. एसजेए, डीएलएसए और टीएलएससी का कम्प्यूटरीकरण।

viii डिजिटाइजेशन, दस्तावेज प्रबंधन, न्यायिक ज्ञान प्रबंधन और लर्निंग मैनेजमेंट के माध्यम से एक सशक्त न्यायालय प्रबंधन प्रणाली का सृजन करना।

ix. न्यायालय परिसरों में (सामूहिक) नेटवर्क और सौर्य उर्जा संसाधन लगाना।

x. परिवर्तन प्रबंधन के माध्यम से न्यायालयों में बेहतर निष्पादन कार्य को सुविधाजनक बनाना और हैंडहैल्ड डिवाइसिस के माध्यम से रि–इंजीनियरिंग प्रक्रिया और प्रक्रियागत सेवा प्रदायगी में सुधार।

xi. ई–फाइलिंग, ई–पेमेंट और मोबाइल अप्लीकेशनों के प्रयोग के माध्यम से आईसीटी सुविधा का संवर्धन

xii. नागरिक केन्द्रित सेवा प्रदायगी।

7. न्याय प्रदायगी एवं विधिक सुधारों संबंधी राष्ट्रीय मिशनः

न्याय प्रदायगी एवं विधिक सुधारों संबंधी राष्ट्रीय मिशन की स्थापना अगस्त, 2011 में इस प्रणाली में विलंब और बकाया मामलों को कम करके तथा अवसंरचनात्मक बदलाव के जरिए जवाबदेही को बढ़ाने और निष्पादन मानकों और क्षमताओं की स्थापना करके न्याय तक पहुंच बढ़ाने के दोहरे उद्देश्यों के साथ की गई थी। यह मिशन न्यायिक प्रशासन में बकाया मामलों एवं लंबितता को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने के लिए समन्वित दृष्टिकोण अपनाता रहा है जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ कम्प्यूटरीकरण सहित न्यायालयों के लिए बेहतर अवसंरचना, अधीनस्थ न्यायपालिका में कार्मिक शक्ति को बढ़ाना, ज्यादा मुकदमों वाले क्षेत्रों में नीतिगत एवं विधायी सुधार, मामलों के त्वरित निपटान के लिए न्यायालयी प्रक्रिया की री–इंजीनियरिंग और मानव संसाधन विकास पर बल देना शामिल हैं। राष्ट्रीय मिशन की समय–सीमा 5 वर्ष की है।

(i) **राष्ट्रीय मिशन की कार्ययोजनाः** राष्ट्रीय मिशन की कार्ययोजना के अंतर्गत चलाई जा रही पहलों में, अन्य बातों के साथ–साथ, निम्नलिखित गतिविधियां शामिल हैं :

(क) नीति और विधायी परिवर्तन – सरकारी मुकदमों को कम करने के लिए राज्य मुकदमा नीतियां तैयार करना एवं उनका कार्यान्वयन, न्यायिक प्रभाव आकलन, परक्राम्य लिखत अधिनियम, मोटर वाहन अधिनियम और पंचाट एवं समझौता अधिनियम, विधिक शिक्षा सुधार।

(ख) न्यायालय प्रक्रियाओं की री–इंजीनियरिंग, विवाद समाधान के वैकल्पिक तरीकों का संवर्धन, बाधाओं की पहचान तथा आई सी टी उपकरणों के प्रयोग के माध्यम से न्यायालय कार्यवाहियों का स्वचलन।

(ग) न्यायपालिका के लिए कार्मिक शक्ति एवं अवसंरचनात्मक सुविधाओं में सुधार लाना।

(घ) मानव संसाधन विकास पर बल – राज्य न्यायिक अकादमियों और राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी को सुदृढ़ बनाना, न्यायालय कर्मचारियों का प्रशिक्षण और न्यायालय प्रबंधकों की नियुक्ति।

(ड.) न्यायिक सुधारों पर कार्य अनुसंधान एवं अध्ययन।

इस मिशन ने अपने उद्देश्यों को पूरा करने की दिशा में प्रत्येक नीतिगत क्षेत्र में अनेक कदम उठाए हैं। सभी राज्यों ने सरकारी मुकदमों को कम करने की दृष्टि से अपनी मुकदमा नीतियां तैयार की हैं। राज्य एजेंसियों द्वारा मुकदमों की भरमार को नियंत्रित करने के संबंध में राज्य सरकारों से राज्य मुकदमा नीतियों के प्रभावों का आकलन करने का अनुरोध किया गया है।

पराक्रम्य लिखत अधिनियम में आवश्यक संशोधनों और चौक बाउंस होने के मामलों से संबंधित बढ़ते हुए मुकदमों को नियंत्रित करने के लिए अन्य नीतिगत एवं प्रशासनिक उपायों का सुझाव देने के लिए एक अंतर–मंत्रालयी समूह (आई एम जी) का गठन किया गया था। आई एम जी में चौक बाउंस मामलों की संख्या को कम करने के लिए प्रक्रियात्मक एवं विधायी परिवर्तनों सहित अनेक उपायों का सुझाव दिया है।

मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत चालान मामलों से उत्पन्न होने वाले मुकदमों और मोटर दुर्घटना दावों के मामलों को सीमित करने के लिए, सड़क परिवहन एवं राज्यमार्ग मंत्रालय से इस कानून में

आवश्यक परिवर्तन करने का अनुरोध किया गया है। ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन के नियमों के लिए जुर्माना के भुगतान की प्रणाली और मोटर वाहन दुर्घटना के कारण उत्पन्न होने वाले दावों के सुलहनामा को सरल बनाने के लिए सड़क परिवहन एवं सुरक्षा संबंधी एक नया विधान तैयार होने की स्थिति में है।

न्याय विभाग, वित्त मंत्रालय द्वारा 25.00 करोड़ रुपए की कुल लागत से न्यायिक सुधारों पर कार्य अनुसंधान एवं अध्ययन संबंधी एक कार्य योजना कार्यान्वयन हेतु अनुमोदित की गई है। इस योजना के उद्देश्यों में, अन्य बातों के साथ–साथ, न्याय प्रदायगी एवं विधिक सुधारों संबंधी राष्ट्रीय मिशन द्वारा अपनाए जा रहे न्याय के संवितरण से संबंधित मुद्दों पर अनुसंधान कार्य को बढ़ावा दिया जाना शामिल है।

न्यायिक सुधारों का एक महत्वपूर्ण पहलू मामलों के यथाशीघ्र निपटान के लिए न्यायालयी कार्यवाहियों और न्यायालय प्रक्रियाओं की री–इंजीनियरिंग से संबंधित है। भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा राष्ट्रीय न्याय प्रबंधन प्रणाली (एन सी एम एस) संबंधी एक व्यापक योजना तैयार और अधिसूचित की गई है। एन सी एम एस के तहत न्यायालय उत्कृष्टता का एक राष्ट्रीय ढांचा (एन एफ सी ई) तैयार किया जा रहा है जो गुणवत्ता, उत्तरदायित्व और समय–सीमा के अंदर न्याय उपलब्ध कराने संबंधी मुद्दों का समाधान करने हेतु न्यायालयों के लिए निष्पादन के मापक मानदंड निर्धारित करेगा।

दाण्डिक मामलों में समय पर न्याय प्रदायगी संबंधी प्रक्रियात्मक सुधार करना, न्याय प्रदायगी एवं विधिक सुधारों संबंधी राष्ट्रीय मिशन के महत्वपूर्ण पहलुओं में से एक है। विधि आयोग से दाण्डिक न्याय प्रणाली के सुधार पर एक व्यापक रिपोर्ट तैयार करने का अनुरोध किया गया है जिसके पश्चात गृह मंत्रालय दाण्डिक मामलों के त्वरित निपटान संबंधी प्रक्रियात्मक कानूनों में संशोधन करने के लिए विधायी उपाय शुरू कर सकता है।

विवाद समाधान के वैकल्पिक तरीकों को बढ़ावा देने के लिए जिला और ताल्लुका स्तरों पर न्यायालय परिसरों में माध्यस्थम केन्द्रों की स्थापना की जा रही है। सरकारी एजेंसियों को सरकारी संविदाओं में पंचाट एवं माध्स्थम खंड शामिल करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। माध्यस्थम कानून में पायी गई अनेक अनियमितताओं को देखते हुए, विधि आयोग को माध्यस्थम एवं सुलहनामा अधिनियम 1996 के प्रावधानों की समीक्षा करने का कार्य सौंपा गया था। आयोग ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है जिसमें मौजूदा कानून को ज्यादा प्रभावी बनाने के संबंध में संशोधनों के प्रस्ताव निहित हैं।

जिला और अधीनस्थ न्यायालयों में न्यायिक अधिकारियों/न्यायाधीशों की कमी होना, न्यायालयों में मामलों के एकत्र होने और लंबितता के प्रमुख कारणों में से एक है। राष्ट्रीय मिशन में राज्य सरकारों और उच्च न्यायालयों के साथ इस मामले को नियमित रूप से उठाया है। स्टेकहोल्डरों के ठोस प्रयासों के फलस्वरूप, जिला और अधीनस्थ न्यायालयों में न्यायिक अधिकारियों/न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या वर्ष 2012 के अंत में मौजूद 17,715 से बढ़कर वर्ष 2013 में 19,518 हो गई है। यह मिशन मौजूदा रिक्तियों को भरने के लिए उच्च न्यायालयों के साथ इस मामले को उठा रहा है।

II. न्यायिक अवसंरचना

अधीनस्थ न्यायपालिका के लिए अवसंरचना के विकास का प्राथमिक उत्तरदायित्व राज्य सरकार का होता है। केन्द्र सरकार न्यायिक अवसंरचना का विकास संबंधी केन्द्र प्रायोजित योजना (सी एस एस) के अंतर्गत वितीय सहायता जारी करके राज्य सरकारों के संसाधनों का संवर्धन करती है। यह योजना 1993–94 से अस्तित्व में है और इसे 1911 में संशोधित किया गया था। इसमें न्यायिक अधिकारियों के लिए न्यायालय भवनों और रिहायशी आवासों का निर्माण करना शामिल है। वर्ष 2011 तक, केन्द्र और राज्य

सरकारें इस स्कीम के तहत बराबर का अंशदान देती थीं परन्तु वर्ष 2011–12 से वित्तीय साझेदारी का तरीका संशोधित कर दिया गया है और केन्द्र सरकार अब निधियों का 75 प्रतिशत अंशदान दे रही है। पूर्वोत्तर राज्यों के मामले में केन्द्र सरकार वित्तपोषण का 90 प्रतिशत मुहैया कराती है। तथापि, केन्द्रीय वित्त पोषण इस योजना के लिए किये जाने वाले बजटीय आबंटन के अध्यधीन है।

दिसम्बर 2014 की स्थिति के अनुसार, केन्द्र सरकार ने वर्ष 2011–14 से संशोधित वित्त पोषण के तरीके के अंतर्गत राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को 3024 करोड़ रुपए की धनराशि जारी की है। यह 1245 करोड़ रुपए की उस धनराशि पर की गई एक महत्वपूर्ण बढ़ोतरी को दर्शाता है जो केन्द्र सरकार द्वारा 1993–2011 से योजना के आरंभिक चरणों में मुहैया कराई गई थी। चालू वित्त वर्ष (2014–15) के दौरान राज्यों को 31.12.2014 तक 825 करोड़ रुपए की धनराशि जारी की गई है। योजना के अंतर्गत जारी निधियों के राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार ब्योरे को दर्शाने वाला एक विवरण **अनुलग्नक–XII** पर है।

जैसाकि वर्तमान योजना को चालू योजना अवधि (मार्च, 2017) के अंत तक जारी रखने की अपेक्षा है, अतः, यह आशा की जाती है कि इस अवधि के दौरान अधीनस्थ न्यायालय स्तर पर न्यायिक अवसंरचना में काफी परिवर्धन होगा। उच्च न्यायालयों से प्राप्त सूचना के अनुसार, जून 2014 तक जिला और अधीनस्थ न्यायालयों के लिए 15,400 न्यायालय हाल/न्यायालय कक्ष उपलब्ध थे। इनके अतिरिक्त, 1000 न्यायालय कक्ष किराए के परिसरों में उपलब्ध थे। इसके अतिरिक्त, रिक्तियों को भरने की वजह से जिला और अधीनस्थ न्यायालयों में न्यायाधीशों की कार्यरत संख्या में होने वाली तत्काल बढ़ोतरी को ध्यान में रखते हुए राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में 2250 अतिरिक्त न्यायालय पक्षों का निर्माण चल रहा है।

उच्च न्यायालयों के निर्माण के लिए योजना आयोग द्वारा सीधे तौर पर एक बारगी अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता (ए सी ई) उपलब्ध कराई जाती है। केन्द्र सरकार ने वर्ष 2010–11 के दौरान जोधपुर में उच्च न्यायालय के निर्माण के लिए 41.50 करोड़ रुपए की तथा वर्ष 2012–13 के दौरान इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ के भवन के निर्माण के लिए 231.31 करोड़ रुपए की अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता (एसीए) अनुमोदित की है। सरकार ने जुलाई 2013 में तीन वर्षों की अवधि के भीतर उच्च न्यायालय के अतिरिक्त कार्यालय परिसर के निर्माण हेतु 884.30 करोड़ रुपए के प्रावधान का अनुमोदन भी प्रदान किया है।

III. ग्राम न्यायालय

ग्राम न्यायालयों की स्थापना और संचालन के लिए दिसम्बर 2009 में राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता मुहैया कराने हेतु एक केन्द्रीय क्षेत्र योजना शुरू की गई थी। अभी तक 10 राज्यों में 194 ग्राम न्यायालय अधिसूचित किये हैं जिनमें से 159 कार्य कर रहे हैं। वर्ष 2009–10 से 2013–14 तक योजना के तहत राज्य सरकारों को 3449.00 लाख रूपए जारी किये गए हैं।

ग्राम न्यायालय योजना के कार्यान्वयन को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर दिनांक 7 अप्रैल, 2013 को उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों और राज्यों के मुख्य मंत्रियों के सम्मेलन में चर्चा की गई थी। इसमें, अन्य बातों के साथ–साथ, यह निर्णय लिया गया है कि राज्य सरकारों और उच्च न्यायालयों को अपनी स्थानीय समस्याओं को ध्यान में रखते हुए, जहां पर संभव होगा, वहां पर ग्राम न्यायालयों की स्थापना का निर्णय लेना चाहिए। इसमें ग्राम न्यायालय के तहत उन ताल्लुकों को शामिल करने पर बल दिया गया है, जहां नियमित न्यायालयों की स्थापना नहीं की गई है।

8. राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण

भारत के संविधान के अनुच्छेद 39क, समाज के गरीब एवं कमजोर वर्गों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने और सभी के लिए न्याय सुनिश्चित करने का प्रावधान करता है। संविधान का अनुच्छेद 14 और 22(1) भी, राज्यों के लिए यह अधिदेश है कि वे कानून एवं विधिक प्रणाली के समक्ष समानता सुनिश्चित करें और जिसमें सभी के लिए समान अवसरों के आधार पर न्याय प्रदान किया जाता हो। वर्ष 1987 में, संसद द्वारा समान अवसरों के आधार पर समाज के कमजोर वर्गों को निःशुल्क और सक्षम विधिक सेवाओं का प्रावधान करने के हेतु एक राष्ट्रव्यापी समान नेटवर्क स्थापित करने के लिए विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम अधिनियमित किया गया जो 09 नवम्बर, 1995 से लागू हुआ। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नाल्सा) का गठन विधिक सहायता कार्यक्रमों के कार्यान्वयन की निगरानी करने एवं उनका मूल्यांकन करने तथा अधिनियम के अंतर्गत विधिक सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु नीतियों एवं सिद्धान्तों का निर्धारण करने के लिए विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत किया गया था।

प्रत्येक राज्य में एक राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण और प्रत्येक उच्च न्यायालय में एक उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति गठित की गई है। नाल्सा की नीतियों और निर्देशों को प्रभावी रूप देने और लोगों को निःशुल्क विधिक सेवा मुहैया कराने तथा राज्य में लोक अदालतें आयोजित करने के लिए जिलों और अधिकांश ताल्लुकों में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ताल्लुक विधिक सेवा समितियां गठित की गई हैं। जहां तक भारत के उच्चतम न्यायालय का संबंध है, विधिक सेवा कार्यक्रमों को लागू करने तथा उन्हें कार्यान्वित करने के लिए उच्चतम न्यायालय विधिक सेवा समिति का गठन किया गया है।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नाल्सा) का कार्यकरण

नाल्सा पूरे देश में विधिक सेवा कार्यक्रमों का कार्यान्वयन करने हेतु राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणों के लिए नीतियों, सिद्धान्तों, दिशा निर्देशों का अभिनिर्धारण करता है और उनके लिए प्रभावकारी एवं आर्थिक योजनाएं तैयार करता है।

प्राथमिक तौर पर, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ताल्लुक विधिक सेवा समितियों इत्यादि को नियमित आधार पर निम्नलिखित मुख्य कार्यों का निष्पादन करने के लिए कहा गया है:–

(I) पात्र लोगों को निःशुल्क और सक्षम विधिक सेवाएं मुहैया कराना,

(II) विवादों का राजीनामा से निपटान के लिए लोक अदालतें गठित करना,

(III) ग्रामीण क्षेत्रों में विधिक जागरूकता कैम्प लगाना,

I. निरूशुल्क विधिक सेवाएं

निःशुल्क विधिक सेवाओं में निम्नलिखित शामिल हैं:–

क) किसी विधिक कार्यवाही के संबंध में न्यायालय शुल्क, प्रक्रिया शुल्क और अन्य सभी देय प्रभारों अथवा व्ययों का भुगतान;

ख) विधिक कार्यवाहियों में वकीलों की सेवाएं मुहैया कराना;

ग) विधिक कार्यवाहियों में आदेशों और अन्य दस्तावेजों की प्रमाणिक प्रतियां प्राप्त करना एवं उपलब्ध कराना;

घ) विधिक कार्यवाहियों में अभिलेखों की मुद्रित और अनुवाद सहित अपील/पेपर बुक तैयार करना।

निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने के पात्र व्यक्तियों में निम्नलिखित शामिल हैं:–

i) महिलाएं एवं बच्चे

ii) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के सदस्य

iii) औद्योगिक कामगार

iv) बड़े पैमान पर आपदा, हिंसा, बाढ़, सूखा, भूकम्प, औद्योगिक आपदा के पीड़ित व्यक्ति।

v) अक्षम व्यक्ति

vi) अभिरक्षा में रह रहे व्यक्ति

vii) ऐसे व्यक्ति जिनकी आय 1,00,000 रूपए से अधिक नहीं है (उच्चतम न्यायालय विधिक सेवा समिति में यह सीमा 1,25,000 रुपए है)।

viii) मानव दुर्वयापार के पीड़ित व्यक्ति अथवा भिखारी।

दिनांक 01.04.2014 से 30.11.2014 की अवधि के दौरान देश में विधिक सहायता सेवा के माध्यम से 19.72 लाख से अधिक व्यक्ति लाभान्वित हुए हैं। इनमें से 17,160 से अधिक व्यक्ति अनुसूचित जनजाति के, लगभग 13,910 अनुसूचित जनजाति के, लगभग 33,510 महिलाएं और लगभग 6140 बच्चे हैं।

II. लोक अदालतें

लोक अदालत वैकल्पिक विवाद समाधान प्रणाली में से एक है। यह एक ऐसा मंच है जहां कानूनी न्यायालयों अथवा पूर्व–मुकदमा स्तर पर लंबित विवादों/मामलों को निपटाया जाता है राजीनामा से समझौता कराया जाता है। लोक अदालतों को विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के अंतर्गत सांविधिक दर्जा प्रदान किया गया है। इस अधिनियम के अंतर्गत लोक अदालत द्वारा दिये गए निर्णय (अवार्ड) को सिविल न्यायालय की डिक्री माना जाता है और यह सभी पक्षकारों के लिए अंतिम निर्णय है और बाध्यकारी है और इसके विरुद्ध किसी भी न्यायालय के समक्ष अपील नहीं होती है।

01.04.2014 से 30.11.2014 की अवधि के दौरान 94,137 लोक अदालतें आयोजित की गईं और उनमें 40.88 लाख से अधिक मामले निपटाए गए। लगभग 53,750 मोटर वाहन दुर्घटना दावा मामलों में, 1044.87 करोड़ रुपए के मुआवजे के आदेश दिये गए।

III. विधिक जागरूकता कार्यक्रम

निवारक एवं नीतिगत विधिक सहायता के एक भाग के रूप में, नाल्सा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणों के माध्यम से विधिक साक्षरता कार्यक्रमों का आयोजन करता है। कुछेक राज्यों में ग्रामीण विधिक साक्षरता शिविरों के साथ–साथ, विद्यालयों और कालेजों में तथा नियमित तौर पर महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए विधिक साक्षरता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।

नाल्सा, मनरेगा, वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों और महिलाओं के कल्याण कार्यक्रम पर विशेष विधिक जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन करता है। लोक अदालतों के माध्यम से मनरेगा से संबंधित शिकायतों का निपटान करने के लिए नाल्सा द्वारा एक विशेष योजना भी कार्यान्वित की गई थी।

द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत

पांच राज्य विधिक प्राधिकरणों ने अलग–अलग तारीखों में अर्थात गुजरात में 14.04.2014, हरियाणा में 01.04.2014 से 12.04.2014 तक, झारखण्ड में 25.03.2014 से 29.03.2014 तक, कर्नाटक में 06.01.2014 से 12.04.2014 और राजस्थान में 07.04.2014 से 12.04.2014 तक मेगा लोक अदालतों का आयोजन किया। सभी 23 राज्यों में आयोजित मेगा लोक अदालतों में 27.80 लाख से अधिक मामले निपटाए गए हैं अथवा उनका राजीनामा से निपटान किया गया है जिसमें से 3.81 लाख मामले पूर्व–मुकदमा स्तर पर निपटाए गए थे। भारत के उच्चतम न्यायालय से लेकर ताल्लुक न्यायालयों तक के सभी न्यायालयों में मामलों के निपटान हेतु पूरे देश में द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन नाल्सा के तत्वाधान के तहत दिनांक 06.12.2014 को किया गया। उच्चतम न्यायालय से लेकर ताल्लुक न्यायालयों तक, लोक अदालत की खण्डपीठों की बैठकें सफल रहीं हैं और उनमें अनेक लंबित मामलों का निपटान किया गया है जिससे पूरे देश में मामलों की लंबितता में लगभग 9 प्रतिशत की कमी आई है।

गणतंत्र दिवस परेड–2015 के लिए झांकी

- भारत सरकार (विधि एवं न्याय मंत्रालय) की सलाह पर नाल्सा ने गणतंत्र दिवस परेड, 2015 में भाग लेने के लिए नाल्सा द्वारा निष्पादित क्रियाकलापों पर एक झांकी शामिल करने का एक प्रस्ताव भेजा था। विशेषज्ञ समिति द्वारा नाल्सा की झांकी का चयन गणतंत्र दिवस परेड–2015 में शामिल करने के लिए किया गया है।

9. कमजोर वर्ग के लोगों के लिए न्याय तक पहुंच

संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यू एन डी पी) के सहयोग से, न्याय विभाग (डी ओ जे), विधि एवं न्याय मंत्रालय एक दशक से कमजोर वर्ग के लोगों के लिए न्याय तक पहुंच पर एक कार्यक्रम (2008–2017) का कार्यान्वयन कर रहा है। यह परियोजना यू एन डी ए एफ के आठ राज्यों अर्थात् बिहार, छत्तीसगढ़, झारखण्ड, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और ओडिशा में लागू है। इस परियोजना में ऐसी नीतियां तैयार करके कमजोर वर्ग के लोगों के लिए न्याय तक पहुंच को सशक्त बनाने पर बल दिया गया है जो विधिक, सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में न्याय तक पहुंचने में आने वाली बाधाओं का निराकरण करेंगी।

वर्तमान में, यह परियोजना कार्यान्वयन के दूसरे चरण में है। वर्ष 2008 से 2012 तक चले पहले चरण में महत्वपूर्ण कार्य निष्पादित हुए। पहले चरण की कुछेक उपलब्धियों में निम्नलिखित शामिल हैं:

- कमजोर समुदायों के दो मिलियन से अधिक लोगों तक पहुंचकर उनके विधिक अधिकारों के प्रति जागरूकता के बारे में विधिक साक्षरता पहल।
- राष्ट्रीय साक्षरता मिशन योजना (साक्षर भारत) के अंतर्गत प्रौढ़ साक्षरता कार्यक्रम में विधिक साक्षरता को शामिल करना।
- विभिन्न पृष्ठभूमियों से 7000 से अधिक अर्ध–विधिकों का प्रशिक्षण।
- विधि विद्यालय द्वारा संचालित भारत में पहली बार विधिक सहायता केन्द्रों पर अध्ययन किया गया और अनेक राज्य विधिक प्राधिकरणों की आवश्यकताओं का मूल्यांकन किया गया ताकि वे न्याय तक पहुंचने में कमजोर वर्ग के समुदायों द्वारा सामना की जा रही बाधाओं को बेहतर रूप से समझ सकें।

परियोजना का दूसरा चरण वर्ष 2013 से 2017 तक पांच वर्षों के लिए है। इस चरण में परियोजना का लक्ष्य पिछले चरण में प्राप्त उपलब्धियों के आधार पर आगे बढ़ाना एवं न्याय की मांग का सृजन करना और उसकी प्रदायगी सुनिश्चित करने के कार्य को जारी रखना है। इस परियोजना के अंतर्गत न्याय विभाग में एक तकनीकी सहायता टीम भी तैनात की गई है जो न्याय प्रदायगी और विधिक सुधारों संबंधी राष्ट्रीय मिशन को सहायता देने के विशेष उद्देश्य के साथ कार्य कर रही है।

चल रही परियोजना पहलें

1. प्रशिक्षण और क्षमता संवर्धन

एसएलएसए की क्षमताओं का संवर्धन करने के उद्देश्य के साथ इस परियोजना के तहत पैनल वकीलों और अर्ध–विधिक स्वयंसेवकों दोनों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय साक्षरता मिशन प्राधिकरण (एन एल एम ए) और राज्य ग्रामीण विकास संस्थान (एस आई आर डी), उत्तर प्रदेश के फैकल्टी सदस्यों और संसाधन सदस्यों के लिए विधिक साक्षरता प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं क्योंकि इन प्रायोगिक परियोजनाओं को बाद में अन्य राज्यों में भी आगे चलाया जाना है।

2. विधिक जागरूकता एवं विधिक सशक्तीकरण

इस परियोजना के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों (डी एल एस ए) के परिसरों में छत्तीसगढ़ और झारखण्ड राज्यों में ध्वनि आधारित विधिक सूचना क्योस्क स्थापित किये गए हैं। डी एल एस ए अर्ध–विधिक स्वयंसेवकों को क्योस्क सुविधा प्रदाता के रूप में प्रशिक्षित किया जा रहा है।

यह परियोजना सिविल सोसाइटी संगठनों के विभिन्न अभिनव पहलुओं को सहायता प्रदान करने के साथ–साथ निम्नलिखित रूप में विधिक सहायता केन्द्रों को सहायता मुहैया करा रही है।

भारत विकास के लिए विकल्प (ए आई डी), झारखण्डः ए आई डी का लक्ष्य विकेन्द्रीकृत एवं पूर्ण–न्याय तथा कल्याण पात्रता प्रदायगी प्रणाली को सुदृढ़ करना है ताकि गरीबों को कानून का लाभ मिल सके और इस प्रकार कमजोर वर्ग के लोगों के लिए न्याय तक पहुंच की दिशा में योगदान हो सके।

अन्तोदय, ओडिशाः जैव विविधता अधिनियम द्वारा अनिवार्य बनाए गए ''लोगों के जैव विविधता रजिस्टर'' में परंपरागत ज्ञान, उपलब्ध प्राकृतिक संपदा का अभिलेखीकरण करके प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन तथा उन पर उनकी पहुंच के संबंध में समुदायों के अधिकारों की जागरूकता।

जनजागृति केन्द्र, छत्तीसगढ़रू आई सी टी एप्लीकेशन आधारित एक ऐसी व्यापक सेवा का विकास एवं उसकी प्रदायगी (प्रयोक्ता अनुकूल किफायती मोबाइल फोनों पर आधारित) जो सीधे तौर पर अंतिम ग्राहक तक पहुंचती है और उन्हें अपनी विधिक जरूरतों तक पहुंचने में सहायता करती है तथा और जो उन्हें छत्तीसगढ़ में प्रोमोट किये गए चेनलों के माध्यम से पहुंच उपलब्ध कराती है।

राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, ओडिशाः कटक, पुरी और कुन्द्रा के तीनों जिलों में से प्रत्येक में एक–एक करके विधिक सहायता केन्द्र स्थापित किये जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त, प्रमुख स्टेकहोल्डरों की क्षमता का संवर्धन भी किया जा रहा है।

टाटा इन्स्टीट्यूट ऑफ सोशल सांइसः कैम्पस में सामुदायिक पहुंच के साथ विश्वविद्यालय आधारित विधिक सेवा केन्द्र स्थापित किये गए हैं जिनके माध्यम से विद्यार्थी और फैकल्टी, विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल वकीलों की सहायता से असुरक्षित समूहों को विधिक सेवाएं मुहैया कराएंगें। सामुदायिक स्तर पर भी अन्य विधिक सेवा केन्द्र स्थापित किये जाएंगे।

3. अनुसंधान एवं अध्ययन

दिल्ली आधारित एजेंसी पार्टनर्स फॉर लॉ इन डेवलेपमेंट (पी एल डी) इस बात का आकलन करने के लिए दिल्ली के विशेष न्यायालयों में अध्ययन का कार्य कर रहा है कि उनकी प्रक्रियाएं किस हद तक महिला अनुकुल हैं। इस प्रायोगिक अध्ययन में बलात्कार के मामलों में कोर्ट के अंदर की प्रक्रियाओं की महिलाओं के प्रति संवेदनशीलता की जांच इस उद्देश्य से की जा रही है ताकि उन प्रक्रियाओं का पता लगाया जा सके जो संवेदनशील होने के साथ–साथ यौन हिंसा के पीड़ितों के प्रतिकूल है।

यह परियोजना, प्रेक्षा गृहों में किशोरों के लिए हैल्प डेस्क के सृजन के लिए टाटा इन्स्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस (टी आई एस एस) की सहायता कर रही है।

4. सिफारिशें और भावी योजना

विद्यमान अच्छी प्रणालियों का आकलन करना और उन्हें महत्व प्रदान करके समुदायों के साथ कार्य करने में सक्षम एजेंसियों की तत्काल सूची तैयार करना ताकि वे महत्वपूर्ण विधिक मूल्यों और संवर्धित कौशल के बारे में लोक शिक्षा के माध्यम से बेहतर न्याय प्रदायगी और शासन की मांग कर सकें।

विधिक पात्रता अधिकारों एवं दायित्वों के मूल्यों के बारे में बड़े पैमाने में जागरूकता पैदा करना क्योंकि उन्हें संविधान द्वारा यह अधिदेश है कि वे जनसाधारण के बीच एजेंसी का सृजन करने के लिए उनकी ओर से एक साधन के रूप में कार्य करें।

10. पूर्वोत्तर और जम्मू एवं कश्मीर में न्याय तक पहुंच

(भारत सरकार परियोजना)

ए2जे (एन ई एंड जे के) परियोजना के तहत शुरू की गई पहलों पर वार्षिक रिपोर्ट (दिसम्बर, 2014 तक)

1. नागालैंड के दो अत्याधिक पिछड़े जिलों त्वैनसांग और मोन जिलों में 46 विधिक सहायता समाधान केन्द्रों की स्थापना : नागालैंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नागालैंड के दो अत्याधिक पिछड़े और दूर–दराज जिलों त्वैनसांग और मोन जिलों में 46 विधिक सहायता समाधान केन्द्रों की स्थापना का कार्य करता रहा है।

2. लोगों की विधिक सशक्तिकरण में मौजूद अंतरालों की पहचान करने के लिए आवश्यकता मूल्यांकन अध्ययन : यह अध्ययन शिलांग, मेघालय स्थित इम्प्लस एन जी ओ नेटवर्क द्वारा कराया गया था। यह लोगों विशेष रूप से उन लोगों जो गरीब, कमजोर और असुरक्षित हैं, और इसलिए उनके पास अपने अधिकारों की गारन्टी सुनिश्चित करने के संसाधन नहीं हैं, के विधिक सशक्तिकरण में मौजूद अंतरालों की पहचान करने के लिए क्षेत्र आधारित अध्ययन है। अध्ययन रिपोर्ट तैयार कर ली गई है।

3. आठ पूर्वोत्तर राज्यों में सामाजिक कल्याण विधानों के बारे में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणों के अर्ध–विधिक स्वयंसेवियों (पी एल वी) का प्रशिक्षण: यह कार्यकलाप ओडिशा में विद्यमान एक सिविल सोसाइटी संगठन कमेटी फॉर दि लीगल एंड टु पुअर (सी एल ए पी) द्वारा किया जा रहा है। सी एल ए पी असम, अरूणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, त्रिपुरा, सिक्किम और नागालैण्ड से 400 पी एल बी (प्रत्येक राज्य से 50) को प्रशिक्षण प्रदान करेगी।

4. जम्मू एवं कश्मीर में आवश्यकता मूल्यांकन अध्ययन: यह अध्ययन राज्य के कमजोर वर्ग के लोगों के विधिक सशक्तिकरण में अन्तरालों की पहचान करने के लिए कश्मीर विश्वविद्यालय द्वारा कराया

जा रहा है। परियोजना टीम ने कार्यकलापों की प्रगति की समीक्षा करने के लिए दिसम्बर, 2014 में कश्मीर विश्वविद्यालय का दौरा किया।

5. **जम्मू एवं कश्मीर में विधिक सहायता समाधान केन्द्रों को सहयोगः** इस परियोजना में कश्मीर विश्वविद्यालय द्वारा स्थापित विधिक सहायता समाधान केन्द्रों को भी सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

6. **जम्मू एवं कश्मीर में अनाथालयों का एक मूल्यांकन अध्ययन और अनाथालयों को शासित करने के लिए एक नीतिगत ढांचा तैयार करनाः** इस कार्य को शुरू करने के लिए प्रतिस्पर्धात्मक बोलियों के माध्यम से जम्मू कश्मीर आधारित केएफओआरडी नामक एक संगठन का चयन किया गया है। समझौता ज्ञापन और कार्ययोजना को तैयार किया जा रहा है।

7. **पूर्वोत्तर में 400 पैनल वकीलों का प्रशिक्षण :** इस कार्य को शुरू करने के लिए प्रतिस्पर्धात्मक बोलियों के माध्यम से लीगल सैल फॉर ह्यूमन राईटस (एलसीएचआर) का चयन किया गया है। समझौता ज्ञापन और कार्य योजना पर हस्ताक्षर हो गए हैं।

8. **जम्मू कश्मीर में अर्धविधिक स्वयंसेवियों को प्रशिक्षणः** इस कार्य को शुरू करने के लिए प्रतिस्पर्धात्मक बोलियों के माध्यम से रमन डेवलेपमेंट प्राइवेट लिमिटेड नामक एक गुजरात स्थित संगठन का चयन किया गया है। समझौता ज्ञापन और कार्य योजना पर हस्ताक्षर हो गए हैं।

9. **नौ राज्यों में परियोजना टीम की नियुक्ति के माध्यम से एसएलएसए को मानव संसाधन उपलब्ध कराना :** राज्य स्तर पर ए2जेड (एनईएंडजेके) के कार्यकलापों का समन्वय करने और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को सहायता प्रदान करने के लिए सभी नौ परियोजना राज्यों में दो पेशेवरों की एक टीम (परियोजना समन्वयक और परियोजना सहायक) की नियुक्ति की जा रही है। असम, नागालैंड और सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और मणिपुर के लिए इनकी भर्तियों का कार्य पूरा कर लिया गया है और शेष राज्यों में इनकी भर्ती की प्रक्रिया चल रही है।

11. स्वच्छ भारत

माननीय भारत के प्रधानमंत्री के आह्वान पर, न्याय विभाग ने स्वच्छ भारत अभियान शुरू किया। इस संबंध में 25 सितम्बर, 2014 से 01 अक्तूबर, 2014 तक कैम्पस, उसके आस–पास, गलियारों की साफ–सफाई और सौन्दर्यीकरण तथा पुराने रिकार्डों की छटनी जैसे विभिन्न कार्यकलाप शुरू किये गए हैं। 02 अक्तूबर, 2014 को सचिव (न्याय) द्वारा सभी कर्मचारियों को 'स्वच्छता शपथ' दिलाई गई थी। सचिव (न्याय) के नेतृत्व में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने 02 अक्तूबर, 2014 को स्वैच्छिक श्रमदान किया। 03 अक्तूबर, 2014 से 31 अक्तूबर, 2014, 01 नवम्बर, 2014 से 31 अक्तूबर, 2015 और 01 नवबंर 2015 से 31 अक्तूबर, 2019 तक के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई और उसे **अनुलग्नक–VI** के रूप में संलग्न किया गया है।

12. कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न से संबंधित शिकायतों/समस्याओं का समाधानः

विशाखा एवं अन्य बनाम राजस्थान राज्य एवं अन्य मामले में जारी दिशानिर्देशों के आधार पर, भारत के उच्चतम न्यायालय के निदेश पर न्याय विभाग में एक समिति का गठन किया गया है।

न्याय विभाग की पीडित महिला कर्मचारियों द्वारा दी गई शिकायतों के समाधान के लिए अध्यक्ष और तीन सदस्यों की एक समिति गठित की गई है जिसमें एक सदस्य गैर–सरकारी संगठन (एनजीओ) से है।

13. केंद्र सरकार ने प्रत्येक मंत्रालय/विभाग के संबंध में निष्पादन मॉनिटरिंग तथा मूल्यांकन प्रणाली (पीएमईएस) स्थापित करने का निर्णय लिया है। परिणाम रूपरेखा दस्तावेज़ (आरएफडी) एक केन्द्रीय प्रणाली है जिसे पीएमईएस के कार्यान्वयन हेतु डिजाईन किया गया है। मंत्रीमंडल सचिवालय का कार्यनिष्पादन प्रबंधन डिविजन (पीएमडी), आरएफडी की तैयारी तथा कार्यप्रणाली की मॉनिटरिंग करता है। न्याय विभाग के लिए आरएफडी तैयार करके इसे अंतिम रूप देकर इसे इस विभाग की वेबसाईट पर डाल दिया गया है। आरएफडी 2014–15 के अनुसार कार्य किए जा रहे हैं ताकि इस विभाग द्वारा उत्कृष्ट निष्पादन का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके।

अध्याय – IV
सामान्य

विधि कार्य विभाग के अधिकारियों/प्रतिनिधिमंडल के विदेश दौरे– 2014–15

क्र.सं.	अधिकारी का नाम	पदनाम	देश	अवधि	प्रयोजन
1	श्री पी.के. मल्होत्रा	सचिव	न्यूयार्क संयुक्त राज्य अमेरिका	02 से 06 फरवरी, 2015	संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय व्यापार विधि आयोग (यूएनसीआईटीआरएएल) के 62वें सत्र में भाग लेना।
			ताशकंद, उजबेकिस्तान	8 से 10 अक्टूबर, 2014	शंघाई को–आपरेशन आर्गेनाइजेशन (एससीओ) के प्रोसिक्यूटर्स जनरल की बैठक में भाग लेना।
2	श्री मुकुल रोहतगी	महान्यायवादी	कैनबरा, आस्ट्रेलिया	1 से 4 मार्च, 2015	चतुर्थ भारत–आस्ट्रेलिया विधि फोरम सम्मेलन में भाग लेना।
3	श्री दिनेश भारद्वाज	संयुक्त सचिव और विधि सलाहकार	कैनबरा, आस्ट्रेलिया	14 से 17 अप्रैल, 2014	भारत और आस्ट्रेलिया के बीच सजायाफ्ता व्यक्तियों के अंतरण के करार पर वार्ता के लिए।
4	डा0 आर.जे.आर. काशीभाटला	उप विधि सलाहकार	वियना, आस्ट्रिया	6–7 जनवरी, 2015	भारत–संयुक्त राज्य अमेरिका संपर्क समूह की दूसरी बैठक में भाग लेना।
			लंदन, ब्रिटेन	21 जनवरी, 2015	भारत–संयुक्त राज्य अमेरिका संपर्क समूह की तीसरी बैठक में भाग लेना।

2. सतर्कता संबंधी गतिविधियां :–

विधि और न्याय मंत्रालय का सतर्कता एकक विधि कार्य विभाग (आयकर अपीलीय अधिकरण सहित) और विधायी विभाग की सतर्कता संबंधी गतिविधियों को देखता है। सतर्कता एकक का प्रमुख संयुक्त सचिव के स्तर का एक मुख्य सतर्कता अधिकारी होता है जिसे केंद्रीय सतर्कता आयोग की सहमति से नियुक्त किया जाता है। इन दोनों

विभागों की सतर्कता संबंधी गतिविधियों का समग्र उत्तरदायित्व मुख्य सतर्कता अधिकारी पर होता है। मुख्य सतर्कता अधिकारी इन दोनों विभागों के सतर्कता ढांचे का केंद्र बिन्दु होता है और उसे निम्नलिखित कार्य सौंपे गए हैं :–

- उन संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान करना जहां कदाचार/प्रलोभन की संभावना हो तथा शासकीय कृत्यों के कार्यकरण में सत्यनिष्ठा/कार्यकुशलता सुनिश्चित करने के लिए रोकथाम के उपाय करना।
- भ्रष्टाचार निवारण उपायों के लिए कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग द्वारा निर्धारित किए गए लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए उचित कार्रवाई करना।
- शिकायतों की जांच करना और जांच पड़ताल के लिए उचित उपाय करना।
- उक्त का निरीक्षण करना तथा अनुवर्ती कार्रवाई करना।
- केन्द्रीय जांच ब्यूरो की अन्वेषण रिपोर्टों पर विभाग की टिप्पणियां केंद्रीय सतर्कता आयोग को प्रस्तुत करना
- विभागीय कार्यवाहियों के संबंध में केंद्रीय सतर्कता आयोग की सलाह पर उचित कार्रवाई करना अथवा अन्यथा।
- जहां भी आवश्यक हो, केंद्रीय सतर्कता आयोग की प्रथम और द्वितीय चरण सलाह प्राप्त करना।
- दिए जाने वाले दंड की प्रकृति और मात्रा के संबंध में, जहां भी आवश्यक हो, संघ लोक सेवा आयोग की सलाह प्राप्त करना।

कदाचार और प्रलोभन की संभावना वाले संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान करने पर जोर देते हुए निवारक प्रकृति की सतर्कता को उच्च प्राथमिकता देना जारी रहा। इस संबंध में कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग और केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा समय–समय पर जारी किए दिशा–निर्देशों/अनुदेशों का पालन किया गया। दिनांक 27.10.2014 से 01.11.2014 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया।

3. लिंग आधारित मुद्दे

विभाग द्वारा दोनों विभागों अर्थात विधि कार्य विभाग और विधायी विभाग के कर्मचारियों की यौन उत्पीड़न संबंधी शिकायतों को देखने के लिए गठित शिकायत समिति को, जिसका दिनांक 30 नवम्बर, 2012 के आदेश सं. 129 के तहत पुनर्गठन किया गया था, वर्ष 2013–14 में भी जारी रखा गया है। इस समय, उक्त समिति की अध्यक्ष विधि कार्य विभाग के केंद्रीय अभिकरण अनुभाग में संयुक्त सचिव श्रीमती सुषमा सूरी हैं। उक्त समिति का कार्य प्राप्त शिकायतों, यदि कोई हों, का समयबद्ध निपटान सुनिश्चित करना है। इस समिति द्वारा प्राप्त शिकायतों और और उन पर की गई कार्रवाई की एक वार्षिक रिपोर्ट तैयार की जानी होती है, जिसे विधि कार्य विभाग के कर्मचारियों के संबंध में विधि सचिव को और विधायी विभाग के कर्मचारियों के संबंध में सचिव, विधायी विभाग को प्रस्तुत किया जाना होता है। उक्त समिति को एक तीसरे पक्ष, या तो किसी गैर–सरकारी संगठन अथवा किसी अन्य निकाय, जिसे इस विषय की जानकारी अथवा अनुभव हो, को सदस्य के रूप में शामिल करने का भी अधिकार प्राप्त है।

4. शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लाभ से संबंधित मुद्दे:

कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 4.7.1997 के का0 ज्ञा0 सं0 36025/3/97–स्था0 (रिजर्व) के साथ पठित उनके दिनांक 18.2.1997 के आदेश सं0 26035/16/91–स्था0 (एससीटी) के अनुसार, शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों की नियुक्ति के लिए उप विधि सलाहकार, सहायक विधि सलाहकार, केन्द्रीय सरकारी अधिवक्ता, सहायक सरकारी अधिवक्ता, अधीक्षक (विधि), सहायक (विधि) और कनिष्ठ केन्द्रीय सरकारी अधिवक्ता के पदों को चिह्नित किया गया है, जिन पर निम्नलिखित अशक्तताओं वाले व्यक्तियों को नियुक्त किए जाने पर विचार किया जाएगा :–

(i) आंशिक रूप से बधिर

(ii) एक टांग प्रभावित

(iii) दानों टांगे प्रभावित; लेकिन बांहें प्रभावित नहीं

(iv) एक बांह प्रभावित (बायीं या दायीं)

(क) विकृत पहुंच

(ख) कमजोर पकड़

(ग) गतिविभ्रमता

शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के आरक्षण के लिए 100 बिंदुओं वाला एक रोस्टर रखा गया है।

दिनांक 1.1.2014 की स्थिति के अनुसार, विधि कार्य विभाग तथा विधायी विभाग में कर्मचारियों की कुल संख्या तथा उनमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग के सदस्यों, भूतपूर्व सैनिकों तथा शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों की संख्या दर्शाने वाला विवरण **उपाबंध–XIV** तथा **XV** में दिया गया है।

5. विधि और न्याय मंत्रालय में महिला कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व **उपाबंध – XVI** पर दर्शाया गया है।

विधि कार्य विभाग के सरकारी कामकाज में हिंदी का प्रगामी प्रयोग

(1) विधि कार्य विभाग ने राजभाषा अधिनियम, 1963 और राजभाषा (संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग) नियम, 1976 में यथा अंतर्विष्ट संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए हिन्दी के प्रगामी प्रयोग के संबंध में राजभाषा विभाग द्वारा जारी विभिन्न अनुदेशों को कार्यान्वित करने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए हैं: –

(क) राजभाषा (संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग) नियम, 1976 के नियम 10(4) के अधीन अधिसूचना :

इस विभाग को राजभाषा नियम, 1976 के नियम 10(4) के अधीन 21.3.1980 को अधिसूचित किया गया था। हिन्दी में प्रवीणता रखने वाले सभी अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा 'क' क्षेत्र और 'ख' क्षेत्र में स्थित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों और गैर सरकारी व्यक्तियों तथा केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों को भेजी जाने वाली सभी संसूचनाओं तथा हिन्दी में लिखित या हिन्दी में हस्ताक्षरित पत्रों आदि के उत्तर में, जिसके अंतर्गत कर्मचारियों से प्राप्त अपीलें और अभ्यावेदन आदि भी हैं, सभी संसूचनाओं के प्रारूप केवल हिन्दी में प्रस्तुत किए जाने के आदेश दिनांक 25.7.1989 को जारी किए गए थे। इस बाबत अनुदेशों का कड़ाई से पालन किए जाने के लिए प्रतिवर्ष पुनः जोर दिया जाता है।

(ख) हिन्दी दिवस/हिन्दी माह का आयोजनः

राजभाषा के प्रयोग को बढ़ावा देने और राजभाषा नीति के प्रति कर्मचारियों में चेतना जगाने और शासकीय कार्य में हिन्दी का प्रयोग करने के लिए विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं की दृष्टि से विधि कार्य विभाग में दिनांक 14.9.2014 को 'हिन्दी दिवस'' मनाया गया। माननीय विधि और न्याय मंत्री, विधि सचिव और राजभाषा अधिकारी ने अपने–अपने संदेशों में विधि कार्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों से उनके रोजमर्रा के सरकारी कामकाज में हिंदी को अपनाने की अपील की। 'हिंदी दिवस'' की पूर्व संध्या पर प्राप्त माननीय गृह मंत्री के संदेश को विभाग और उसके कार्यालयों में परिचालित किया गया। इस संबंध में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों को प्रभावी बनाने के लिए विभाग में 1.9.2014 से 30.9.2014 तक 'हिन्दी माह'' का आयोजन किया गया। इसे दो उद्देश्यों, अर्थात् (क) विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं को व्यापक रूप से प्रचारित करने, और (ख) हिन्दी में अधिकतम कार्य करने की दृष्टि से किया गया था। इस वर्ष हिन्दी माह के दौरान 7 प्रतियोगिताओं अर्थात् 'हिन्दी निबंध प्रतियोगिता,'' 'हिन्दी टंकण प्रतियोगिता'', 'हिन्दी आशुलिपि प्रतियोगिता'', "हिन्दी टिप्पण एवं प्रारूपण प्रतियोगिता," 'अनुवाद प्रतियोगिता'', "श्रुतलेख प्रतियोगिता" (समूह 'घ' कर्मचारियों और न्यायालय लिपिकों के लिए), "हिन्दी माह के दौरान हिन्दी कामकाज प्रतियोगिता'' का आयोजन किया गया। विभाग के 111 अधिकारियों/कर्मचारियों ने इन प्रतियोगिताओं में भाग लिया, जिनमें से 103 सफल प्रतियोगियों को 79,600/–रु0 के नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। विभाग के शाखा सचिवालयों और आयकर अपील अधिकरण के पीठों में भी हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया और सफल प्रतियोगियों को नकद पुरस्कार प्रदान किए गए।

(ग) राजभाषा से संबंधित आदेशों के कार्यान्वयन के लिए जांच–बिंदुओं का सृजन :

(1) राजभाषा से संबंधित आदेशों के कार्यान्वयन के लिए जांच–बिंदुओं का पुनर्विलोकन किया गया था और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 12 के अनुसार पर्याप्त संख्या में जांच–बिंदु (आठ) सृजित करने के लिए दिनांक 16.11.1994 को आदेश जारी किए गए थे। अनुभागों/कार्यालयों से प्राप्त तिमाही प्रगति रिपोर्टों के माध्यम से इन जांच–बिन्दुओं की प्रभावकारिता को नियमित रूप से मानीटर किया जा रहा है।

(2) ऐसे अनुभागों/एककों में जहां कर्मचारिवृन्द हिन्दी में प्रवीण हैं, उनके दिन–प्रतिदिन के कार्य में हिन्दी के प्रयोग को प्रोत्साहित किया जा रहा है। विभिन्न प्रकार के अवकाश दिए जाने से संबंधित कार्य हिंदी में किया जा रहा है। गृह निर्माण अग्रिम, सामान्य भविष्य निधि से अग्रिम और प्रत्याहरण आदि से संबंधित कार्य हिंदी में किया जा रहा है और आदेश भी हिंदी में जारी किए जा रहे हैं।

(3) सभी सामान्य आदेश, अधिसूचनाएं, संकल्प और प्रशासनिक रिपोर्टें आदि अनिवार्य रूप से द्विभाषी रूप में जारी की जाती हैं। हिंदी में प्राप्त सभी पत्रों का उत्तर भी केवल हिंदी में दिया जाता है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि इस संबंध में सुसंगत नियमों का उल्लंघन न हो, कड़ी सतर्कता बरती जाती है। दिन–प्रतिदिन के सरकारी कार्य में हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए विभाग के सभी अनुभागों को अंग्रेजी–हिंदी शब्दावलियां उपलब्ध कराई गई हैं।

(4) विभिन्न अनुभागों द्वारा बार–बार प्रयोग में लाए जाने वाले पत्रों के मानक प्रारूपों के नमूनों को एकत्रित किया गया और उनका हिंदी में अनुवाद किया गया है। सभी मानक प्रारूपों को हिंदी और अंग्रेजी में तैयार किया जा चुका है ताकि कर्मचारिवृन्द बिना किसी कठिनाई के उनका उपयोग कर सकें। विभाग के सभी फार्मों का भी हिंदी में अनुवाद किया जा चुका है। सेवा–पुस्तिकाओं में प्रविष्टियां भी हिंदी में की जा रही हैं। सभी रबर स्टाम्पों, नाम पट्टिकाओं, संकेत पट्टों आदि को भी द्विभाषी रूप में तैयार किया जाता है।

(5) विभाग के सभी 300 कम्प्यूटर द्विभाषी हैं। विभाग के अनुभागों तथा अधिकारियों को दिए गए कम्प्यूटरों में हिन्दी में कार्य करने की सुविधा उपलब्ध है।

(6) विभाग और इसके कार्यालयों के कर्मचारियों को हिन्दी शिक्षण योजना के अधीन हिंदी/हिंदी आशुलिपि/हिंदी टंकण का प्रशिक्षण देने के लिए एक समयबद्ध कार्यक्रम तैयार किया गया है और उन्हें राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के अनुदेशों के अनुसार, नकद पुरस्कार, वैयक्तिक वेतन/अग्रिम वेतनवृद्धि आदि प्रदान की जाती है।

(7) 16वीं लोकसभा के गठन के उपरांत मंत्रालय के विधायी विभाग द्वारा माननीय विधि और न्याय मंत्री जी की अध्यक्षता में मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति के पुनर्गठन के लिए कार्रवाई की जा रही है।

(8) संसदीय राजभाषा समिति की पहली उप समिति ने दिनांक 16 जनवरी, 2014 को आयकर अपील अधिकरण के कटक स्थित पीठ में हिंदी के प्रगामी प्रयोग का निरीक्षण किया। निरीक्षण बैठकों में श्री टी.एन.तिवारी, अपर सचिव एवं राजभाषा अधिकारी, श्री विजय सिंह मीणा, उप निदेशक (राजभाषा) एवं श्री अशोक कुमार चावला, सहायक निदेशक (राजभाषा) ने कटक में आयोजित बैठक में विधि कार्य विभाग का प्रतिनिधित्व किया। संसदीय समिति को दिए गए आश्वासनों को कार्यान्वित किया जा रहा है।

(9) गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के अनुदेशों तथा संसदीय राजभाषा समिति की पहली उप समिति को दिए गए आश्वासनों के अनुसरण में, राजभाषा से संबंधित सांविधिक उपबंधों के अनुपालन की समीक्षा करने तथा इस संबंध में आ रही कठिनाइयों के संबंध में विचार–विमर्श करने के लिए विभाग के अनुभागों, शाखा सचिवालयों और आयकर अपील अधिकरण के पीठ आदि विभाग के प्रशासनिक नियत्रंणाधीन कार्यालयों के निरीक्षण के लिए विभाग में राजभाषा अधिकारी की अध्यक्षता में एक निरीक्षण दल गठित किया गया है। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आयकर अपीलीय अधिकरण के इंदौर, आगरा और पुणे स्थित पीठों का राजभाषायी निरीक्षण किया गया है।

(10) संसदीय राजभाषा समिति की रिपोर्ट के भाग–I, II, III, IV, V, VI, VII, VIII और IX में अन्तर्विष्ट सिफारिशों पर राजभाषा विभाग द्वारा जारी किए गए राष्ट्रपति के आदेश विभाग तथा उसके कार्यालयों में कार्यान्वित किए जा रहे हैं।

(11) श्री टी.एन.तिवारी, अपर सचिव एवं राजभाषा अधिकारी, विभाग की राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष हैं और उप सचिव (प्रशा0), सभी अवर सचिव, और सभी अनुभागों के प्रभारी तथा शाखा अधिकारी समिति के सदस्य हैं जबकि उप निदेशक (राजभाषा)/सहायक निदेशक (राजभाषा) इस समिति के सदस्य–सचिव हैं। वर्ष के दौरान समिति

की चार बैठकें आयोजित की गईं और इस संबंध में सदस्यों के समक्ष आ रही कठिनाइयों के बारे में भी चर्चा की गई तथा सभी सदस्यों से अनुरोध किया गया कि वे संघ की राजभाषा नीति का अनुपालन करें। समिति की पिछली बैठक दिनांक 17 दिसम्बर, 2014 को हुई थी।

दिनांक 1 जनवरी, 2014 से 31 दिसंबर, 2014 तक की अवधि के दौरान, हिन्दी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित ब्यौरा, जिसके अंतर्गत प्रशिक्षण पहलू भी है, **उपाबंध–I** और **उपाबंध–II** में दिया गया है।

विभाग लेखाकरण संगठन

विभागीकृत लेखाकरण प्रणाली के अंतर्गत प्रत्येक मंत्रालय/विभाग का एक लेखाकरण संगठन होता है। जिसका प्रमुख लेखा नियंत्रक (सी.सी.ए.) अथवा लेखा नियंत्रक होता है। विधि और न्याय मंत्रालय के लेखा संगठन, जिसके प्रधान मुख्य लेखा नियंत्रक हैं, को वेतन, यात्रा व्यय, कार्यालय के आकस्मिक व्यय जैसे व्यक्तिगत दावों तथा किराया, दरों तथा करों आदि का समयबद्ध भुगतान करने तथा एन.एस.डील.एल. को एन.पी.एस सबस्क्रिपशन कंट्रीब्यूशन अपलोड करने, केन्द्र द्वारा प्रायोजित विभिन्न स्कीमों को मॉनीटर करने, निर्धारित अवधि के भीतर वार्षिक विनियोजन लेखों, वित्त लेखों तथा केंद्रीय लेन–देन के विवरण को तैयार करके उसे लेखा परीक्षा महानिदेशक, केंद्रीय राजस्व तथा लेखा महानियंत्रक (सी.जी.ए.) वित्त मंत्रालय को भेजने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वर्ष 2013–14 के संबंध में इन रिपोर्टों को निर्धारित समयावधि में तैयार करके संबंधित मुख्य लेखाकरण प्राधिकारियों अर्थात विधि सचिव, विधायी विभाग तथा भारत के उच्चतम न्यायालय के महारजिस्ट्रार के विधिवत अनुमोदन से लेखा महानियंत्रक तथा महानिदेशक (लेखा परीक्षा) को भेज दिया गया था।

रिपोर्ट की अवधि के दौरान, सरकारी सेवकों को ऋण एवं अग्रिम राशि देने, पेंशन प्राधिकृत करने और अन्य हकदारियों आदि के उनके व्यक्तिगत दावों का तत्परता से निपटान किया गया। केंद्र तथा राजयों के विभिन्न निकायों/संस्थानों को सहायता अनुदान का भुगतान भी बिना किसी विलंब के किया गया। चुनाव संबंधी व्यय में केंद्र सरकार की हिस्सेदारी के मामले को तत्परता से निपटाया गया तथा संबंधित राजयों को उधार का भुगतान भारतीय रिजर्व बैंक, केंद्रीय एजेंसी सेक्शन, नागपुर के माध्यम से किया गया। दावों तथा अन्य भुगतानों के संबंध में कार्रवाई करते समय यह सुनिश्चित किया गया कि इस विषय में लागू नियमों, आदेशों तथा प्रावधानों के अनुसार ही भुगतान किया जाए तथा कोई भी धोखाधड़ी/ओवरपेमेंट न हो। यह भी सुनिश्चित किया गया कि इन लेखों से भुगतान बजट आवंटन से अधिक न किया जाए। विभिन्न इकाइयों के आय और व्यय की राशि के आंकड़ों के बारे में संबंधित विभागीय अधिकारियों को सूचित करने के लिए शीघ्र कार्रवाई की गई ताकि वे रिपोर्ट की अवधि के दौरान उस कार्यालय के आंकड़ों के साथ संबंधित वेतन एवं लेखा कार्यालय के आंकड़ों का मिलान कर सकें।

विनियोजन लेखा 2014–15
विधि एवं न्याय मंत्रालय

(रु– करोड़ में)

मुख्य शीर्ष	बजट अनुमान	अंतिम अनुमान	व्यय	अधिशेष (+) (बचत) (–)
अनुदान 64	94.71	88.98	76.02	–12.96
2052–सचिवालय सामान्य सेवाएं				
2014–न्याय प्रशासन	337.78	207.84	165.90	–41.94
2015–निर्वाचन	400.50	681.72	646.02	–35.70
2020–आय तथा व्यय के संबंध में कर संग्रहण	50.40	54.80	53.49	–1.31
2070–अन्य प्रशासनिक सेवाएं	11.06	17ण्35	16ण्98	–0.37
2552–पूर्वोत्तर क्षेत्र	110.00	–	–	–
3601–राज्य सरकारों को सहायता अनुदान	761.00	900ण्01	900	–0.01
3602–संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन को सहायता अनुदान	40.00	0ण्01	–	–0.01
4070–अन्य प्रशासनिक सेवाओं के संबंध में पूंजीगत व्यय	10.02	2.02	1.06	–0.96
अनुदान सं.–65 भारत का उच्चतम न्यायालय				
2014– न्याय प्रशासन (प्रभारित)	129.41	133.89	133.89	.

उपाबंध–I

(अध्याय–1, पृ.सं. 2 देखें)

विधि कार्य विभाग के संगठन का चार्ट



संकेत सूची

सं. स. एवं नि. स.	संयुक्त सचिव एवं विधि सलाहकार
अभि. निद.	अभियोज्य निदेशक
व.स.अ.	वरिष्ठ अधिवक्ता
उ.वि.स.	उप विधि सलाहकार

उपाबंध–II

(अध्याय–1, पृ.सं. 14 देखें)

शाखा सचिवालय, कोलकाता द्वारा अप्रैल, 2014 से दिसम्बर, 2014 तक प्रदान की गई सलाह का तुलनात्मक विश्लेषण



उपाबंध–III

(अध्याय–1, पृ.सं. 15 देखें)

शाखा सचिवालय, कोलकाता द्वारा अप्रैल, 2014 से दिसम्बर, 2014 तक अधिवक्ताओं को दी गई व्यावसायिक फीस की राशि का विवरण



उपाबंध–IV

(अध्याय–2, पृ.सं. 42 देखें)



उपाबंध – V

(अध्याय–2, पृ.सं. 51 देखें)

फोटो रोल तथा ई पी आई सी की स्थिति दर्शाने वाला विवरण, 2014

(अंतिम प्रकाशन के समय)

क्र. सं.	राज्य/संघ शासित क्षेत्र	सामान्य निर्वाचकों की कुल संख्या, 2014	फोटो रोल में चित्रों की कुल संख्या	ईपीआईसी में फोटो का प्रतिशत	जारी किए गए ईपीआईसी की कुल संख्या	ईपीआईसी कवरेज का %
1	2	3	4	5	6	7
1	आंध्र प्रदेश	62385953	62385954	100.00	62385953	100.00
2	अरुणाचल प्रदेश	753170	748255	99.35	735196	97.61
3	असम	18722435	17779796	94.97	17779796	94.97
4	बिहार	62108447	62076681	99.95	56269336	90.60
5	छत्तीसगढ़	17521456	17415135	99.39	17128624	97.76
6	गोवा	1043277	1043277	100.00	1029257	98.66
7	गुजरात	39871564	39851979	99.95	39856873	99.96
8	हरियाणा	15594415	15594415	100.00	15594415	100.00
9	हिमाचल प्रदेश	4674185	4674187	100.00	4674185	100.00
10	जम्मू और कश्मीर	6933118	6371327	91.90	6207914	89.54
11	झारखंड	19948683	19862722	99.57	19850756	99.51
12	कर्नाटक	44643877	44182127	98.97	44309641	99.25
13	केरल	23780822	23792270	100.05	23780822	100.00
14	मध्य प्रदेश	47427185	47427191	100.00	47427191	100.00
15	महाराष्ट्र	78966642	71326222	90.32	72330169	91.60
16	मणिपुर	1739005	1739005	100.00	1732323	99.62
17	मेघालय	1553028	1553028	100.00	1553028	100.00
18	मिजोरम	696556	696556	100.00	696556	100.00
ष्9	नागालैंड	1174663	1161404	98.87	1163269	99.03
20	उड़ीसा	28880850	27892935	96.58	28109504	97.33
21	पंजाब	19207092	19207092	100.00	19207092	100.00
22	राजस्थान	42553557	42401573	99.64	42411273	99.67

23	सिक्किम	362326	362326	100.00	362326	100.00
24	तमिलनाडु	53752570	53752570	100.00	53752570	100.00
25	त्रिपुरा	2379541	2379541	100.00	2379541	100.00
26	उत्तराखंड	6786394	6786394	100.00	6786394	100.00
27	उत्तर प्रदेश	134351302	134350725	100.00	134264549	99.94
28	पश्चिम बंगाल	62468988	62468988	100.00	62468988	100.00
29	अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह	257856	254093	98.54	233382	90.51
30	चंडीगढ़	580694	580486	99.96	580412	99.95
31	दमन और दीव	102251	102251	100.00	100198	97.99
32	दादर एवं नागर हवेली	188763	188763	100.00	188763	100.00
33	राष्ट्रीय राजधानी. क्षेत्र, दिल्ली	12060497	12060497	100.00	12060497	100.00
34	लक्षद्वीप	47972	47972	100.00	47972	100.00
35	पुद्दुचेरी	885402	885402	100.00	885402	100.00
	कुल	**814404536**	**803403139**	**98.65**	**798344167**	**98.03**

उपाबंध – VI
(अध्याय–2, पृ.सं. 64 देखें)

हिंदी शिक्षण योजना सहित, हिंदी के प्रगामी प्रयोग का विवरण दिनांक 01 जनवरी, 2014 से 31 दिसम्बर, 2014 की अवधि के दौरान

	1	2	3	4	5	6	7
	हिंदी में प्राप्त पत्र	उन पत्रों की संख्या जिनका उत्तर अंग्रेजी में दिया गया	अंग्रेजी में प्राप्त पत्रों की संख्या	जिनका उत्तर हिंदी में दिया गया	जारी किए गए पत्रों की कुल संख्या	हिंदी में भेजे गए पत्रों की संख्या	अंग्रेजी में भेजे गए पत्रों की संख्या
विधायी विभाग	**4980**	—	**9185**	**5685**	**10243**	**9209**	**1034**

	8	9		10		11		12	
	कम्प्यूटरों की कुल संख्या	कर्मचारी वर्ग की कुल संख्या		हिंदी में प्रवीणता प्राप्त कर्मचारी वर्ग		रबर की मोहरें		नामपट्ट	
		राजपत्रित	अराजपत्रित	राजपत्रित	अराजपत्रित	द्विभाषी	अंग्रेजी में	द्विभाषी	अंग्रेजी में
विधायी विभाग	**@ 205**	**85**	**208**	**64**	**208**	**147**	**शून्य**	**81**	**शून्य**

हिन्दी शिक्षण योजना

	1	2.	3	4	5.	6	7	8	9
	अधिकारियों तथा प्रचालन स्टाफ की कुल संख्या	हिंदी जानने वाले/हिंदी में प्रशिक्षित स्टाफ की संख्या	हिंदी में अप्रशिक्षित कर्मचारियों की कुल संख्या	अ.श्रे.लि./टंककों की कुल संख्या	हिंदी टंकण में प्रशिक्षित कर्मचारी	हिंदी टंकण में अप्रशिक्षित कर्मचारी	आशुलिपिकों की कुल संख्या	हिंदी आशुलिपि में प्रशिक्षित कर्मचारी	हिंदी आशुलिपि में अप्रशिक्षित कर्मचारी
विधायी विभाग	**293**	**292**	**01**	**29**	**26**	**03**	**47**	**35**	**12**

@ सभी कम्प्यूटरों पर द्विभाषी रूप से कार्य किया जा सकता है ।

उपाबंध – VII

(अध्याय–2, पृ.सं. 72 देखें)

10 जनवरी, 2015 की स्थिति के अनुसार सरकारी कर्मचारियों की कुल संख्या तथा उनके बीच अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, भूतपूर्व सैनिकों तथा निःशक्त जनों की संख्या दर्शाने हेतु सारणी

श्रेणी	कर्मचारियों की संख्या	अनु. जाति	%	अनु. जनजाति	%	अन्य पिछड़ा वर्ग	%	भूतपूर्व सैनिक	%	निःशक्त जन	%
ए	62	9	14.5	3	4.8	10	16.1	–	–	1	1.6
बी	100	18	18.0	2	2.0	7	7.0	–	–	2	2.0
सी	131	41	31.2	10	7.6	17	12.9	–	–	–	–
कुल	**293**	**68**	**23.2**	**15**	**5.1**	**34**	**11.6**	–	–	**3**	**1.0**

अनुलग्नक – VIII

(अध्याय–3, पृ.सं. 73 देखें)

न्याय विभाग का संगठनात्मक चार्ट



अनुलग्नक – IX
(अध्याय–3, पृ.सं. 76 देखें)

30/11/2014 की स्थिति के अनुसार

कार्य कर रहे कुटुम्ब न्यायालयों की संख्या

क्र.सं.	राज्य का नाम	राज्य में कार्य कर रहे कुटुम्ब न्यायालयों की संख्या
1	आंध्र प्रदेश तेलंगाना	27
2	अरुणाचल प्रदेश	–
3	असम	03
4	बिहार	33
5	छत्तीसगढ़	20
6	दिल्ली	15
7	गोवा	–
8	गुजरात	17
9	हरियाणा	06
10	हिमाचल प्रदेश	–
11	जम्मू एवं कश्मीर	–
12	झारखंड	21
13	कर्नाटक	24
14	केरल	28
15	मध्य प्रदेश	31
16	महाराष्ट्र	25
17	मणिपुर	04
18	मेघालय	–
19	मिजोरम	04
20	नागालैंड	02
21	ओडिशा	17
22	पंजाब	–
23	पुडुचेरी	01
24	राजस्थान	28
25	सिक्किम	02
26	तमिलनाडु	14
27	त्रिपुरा	03
28	उत्तर प्रदेश	75
29	उत्तराखंड	08
30	पश्चिम बंगाल	02
	कुल	410

अनुलग्नक – X
(अध्याय–3, पृ.सं. 77 देखें)

13वें वित्त आयोग अवार्ड के तहत राज्यवार, गतिविध–वार, जारी राशि और उपयोग (दिनांक 31 दिसम्बर, 2014 की स्थिति)

करोड़ रु. में

क्र. सं.	राज्य	प्रातःकालीन / सायंकालीन अवकाश न्यायालयी		लोक अदालत / कानूनी सहायता		न्यायिक अधिकारियों का प्रशिक्षण		लोक अभियोजकों प्रशिक्षण		विरासत न्यायालय भवन		राज्य न्यायिक अकादमी		एडीआर केन्द्र / मध्यस्थों का प्रशिक्षण		न्यायालय प्रबंधक		कुल जारी	कुल उपयोग	उपयोग का %
		कुल जारी	कुल उपयोग	कुल जारी	कुल उपयोग	कुल जारी	कुल उपयोग	कुल जारी	कुल उपयोग	कुल जारी	कुल उपयोग	कुल जारी	कुल उपयोग	कुल जारी	कुल उपयोग	कुल जारी	कुल उपयोग			
1	आंध्र प्रदेश	43.55	46.24	6.97	5.11	4.36	2.00	2.61	4.13	10.46	8.88	4.50	0.08	9.38	7.26	3.75	3.19	85.58	76.89	89.85
2	अरुणाचल प्रदेश	10.63	0.00	1.28	0.00	1.06	0.00	0.64	0.00	1.91	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	15.52	0.00	0.00
3	असम	9.06	1.10	1.09	0.00	2.73	4.79	0.54	0.11	1.63	0.00	3.00	0.74	5.71	0.00	2.28	1.40	26.04	8.14	31.25
4	बिहार	64.30	0.00	7.72	0.00	6.43	0.00	3.86	0.00	11.57	0.00	4.50	0.00	12.23	0.00	4.89	0.00	115.49	0.00	0.00
5	छत्तीसगढ़	10.91	0.00	1.31	0.07	2.18	0.94	1.31	0.63	1.96	0.00	3.00	0.00	4.35	0.00	1.74	0.00	26.77	1.64	6.11
6	गोवा	1.54	0.00	0.18	0.18	0.15	0.03	0.09	0.04	0.28	0.00	0.00	0.00	0.54	0.52	0.22	0.00	3.00	0.77	25.50
7	गुजरात	161.17	123.80	5.80	3.08	9.67	5.15	3.87	2.10	8.70	0.00	4.50	0.00	14.13	6.97	4.24	0.42	212.08	141.52	66.73
8	हरियाणा	18.48	3.16	4.44	4.25	4.92	8.16	3.70	3.90	3.33	0.00	0.00	0.00	19.56	14.39	3.91	2.35	58.34	36.21	62.07
9	हिमाचल प्रदेश	7.90	1.19	2.36	1.92	1.60	1.40	1.20	0.96	1.42	0.40	15.00	12.42	11.97	9.90	2.40	1.65	43.85	29.84	68.04
10	जम्मू एवं कश्मीर	9.78	0.85	2.34	1.56	1.96	1.30	1.56	1.20	1.76	0.00	9.00	6.00	17.94	11.96	3.59	0.00	47.93	22.87	47.71
11	झारखंड	16.52	0.07	1.98	0.91	3.31	2.36	0.99	0.17	8.92	5.95	9.00	7.47	11.96	3.61	4.78	2.01	57.47	22.55	39.24
12	कर्नाटक	41.01	2.19	16.41	14.55	8.20	4.55	8.20	7.34	19.69	16.75	6.00	3.00	31.52	24.32	4.73	0.52	135.76	73.22	53.93
13	केरल	20.23	0.41	2.43	0.78	2.70	1.93	1.62	1.03	3.64	1.32	4.50	1.61	5.71	1.35	2.28	0.01	43.10	8.44	19.58
14	मध्य प्रदेश	61.47	0.00	7.38	0.96	12.29	8.72	6.15	3.49	11.06	0.00	6.00	2.80	26.63	19.01	7.99	0.26	138.98	35.25	25.36
15	महाराष्ट्र	89.27	18.95	10.71	5.87	23.83	15.49	5.36	0.91	21.42	14.12	6.00	4.89	39.96	24.34	7.99	0.90	204.54	85.47	41.79
16	मणिपुर	1.07	0.06	0.64	0.60	1.12	0.70	0.66	0.41	0.58	0.38	0.00	0.00	1.68	1.11	0.22	0.00	5.96	3.26	54.71
17	मेघालय	0.31	0.01	0.04	0.11	0.03	0.16	0.02	0.00	0.06	0.00	0.00	0.00	0.27	0.00	0.11	0.00	0.84	0.29	34.17
18	मिजोरम	1.88	0.00	0.30	0.22	0.50	0.38	0.30	0.20	0.34	0.00	0.00	0.00	1.63	1.29	0.33	0.04	5.28	2.13	40.44
19	नागालैंड	1.27	0.00	0.15	0.09	0.12	0.08	0.08	0.05	0.22	0.00	0.00	0.00	0.00	1.03	0.00	0.00	1.84	1.24	67.39
20	ओडिशा	33.31	17.23	3.00	1.63	6.65	5.63	2.00	1.53	5.99	3.00	15.00	21.00	16.30	11.40	6.52	3.94	88.77	65.36	73.63
21	पंजाब	16.28	3.43	3.90	2.49	5.41	5.89	1.95	1.35	9.75	8.32	4.50	1.51	11.41	9.79	3.04	1.46	56.24	34.24	60.89
22	राजस्थान	38.80	0.00	6.20	3.86	5.18	2.73	2.33	0.31	18.63	12.78	12.00	9.00	27.72	19.38	11.09	6.10	121.95	54.16	44.41
23	सिक्किम	0.41	0.00	0.10	0.06	0.04	0.00	0.07	0.05	0.07	0.00	6.00	2.70	1.62	2.60	0.22	0.00	8.53	5.41	63.42
24	तमिलनाडु	24.71	10.69	8.90	8.03	4.94	6.34	2.96	6.03	4.45	0.00	12.00	16.72	24.45	25.76	3.26	2.12	85.67	75.69	88.35
25	त्रिपुरा	3.76	0.22	0.60	0.45	0.51	0.42	0.46	0.31	1.35	0.68	0.00	0.00	2.46	2.23	0.49	0.00	9.63	4.31	44.76
26	उत्तर प्रदेश	102.25	2.56	12.27	2.41	20.45	14.33	12.27	8.21	30.68	18.92	9.00	9.00	38.04	21.36	11.41	4.30	236.37	81.10	34.31
27	उत्तराखंड	12.84	0.35	1.54	1.05	4.28	3.71	0.77	0.05	4.62	3.08	15.00	12.00	7.06	3.75	2.12	0.00	48.24	23.99	49.73
28	पश्चिम बंगाल	32.83	0.00	3.94	1.64	3.28	1.44	1.97	0.80	5.91	2.91	4.50	0.93	7.75	6.84	3.10	0.00	63.28	14.56	23.02
	कुल	835.55	232.51	113.97	61.89	137.91	98.62	67.54	45.31	190.41	97.49	153.00	111.87	351.98	230.18	96.69	30.68	1947.05	908.55	46.66
उपयोग प्रमाण–पत्र की प्रतिशतता			27.83		54.30		71.51		67.08		51.20		73.12		65.40		31.73		46.66	

टी आर = कुल जारी राशि टीयू = कुल उपयोग

अनुलग्नक–XI

(अध्याय–3, पृ.सं. 77 देखें)

31.12.2014 तक की स्थिति

13वें वित्त आयोग अवार्ड के तहत पूर्ण की गई वास्तविक कार्यकलाप

		राज्य / गतिधियां	आंध्र प्रदेश	अरुणाचल प्रदेश	असम	बिहार	छत्तीसगढ़	गोवा	गुजरात	हरियाणा	हिमाचल प्रदेश	जम्मू एवं	झारखंड	कर्नाटक
1	(i)	प्रातःकाल / सांयकाल / अवकाश न्यायालयों की संख्या	592	0	270	38	0	0	252	154	2	31	0	0
	(ii)	निपटान किए गए मामलों की संख्या	31436	0	181016	845	0	0	375330	487536	0	0	0	0
2	(i)	आयोजित लोक अदालतों की संख्या	5394	0	0	5537	0	50	355	47162	1046	846	67	84620
	(ii)	लोक अदालतों में निपटान किए गए मामलों की संख्या	411972	0	0	217461	0	1448	515570	460295	56308	66726	51063	622326
3		प्रदान की गई कानूनी सहायता (लाभान्वित व्यक्तियों की संख्या)	16145	0	0	33112	0	1046	17652	48641	3867	1454	16	9691
4	(i)	आयोजित कानूनी जागरूकता शिविर (शिविरों की संख्या)	12826	0	0	37	0	256	10415	8283	682	388	0	25376
	(ii)	लाभार्थियों की संख्या	665616	0	0	0	0	14582	546459	1605594	59897	786	0	4898413
5		न्यायिक अधिकारियों का प्रशिक्षण (प्रशिक्षित अधिकारियों की संख्या)	7424	0	297	0	512	0	0	2397	1069	243	454	4049
6		लोक अभियोजकों प्रशिक्षण (संख्या)	1305	0	441	0	555	0	916	848	94	200	183	1200
7	(i)	एडीआर केन्द्र (संख्या)	24	0	0	0	0	8	8	13	0	24	7	28
	(ii)	एडीआर केन्द्रों में निपटाए गए मामले	3632	0	0	0	178	525	1998	508251	0	0	0	177745
	(iii)	मध्यस्थों का प्रशिक्षण (संख्या)	120	0	0	0	0	54	585	283	0	217	226	1837
8		नियुक्त अदालत प्रबंधकों की संख्या	27	0	23	32	12	0	14	88	0	0	24	21
9		विरासत अदालत भवन	4	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	5
10		राज्य न्यायिक अकादमी	0	0	0	0	0	0	0	0	0	1	0	0

13वें वित्त आयोग अवार्ड के तहत पूर्ण की गई वास्तविक कार्यकलाप

केरल	मध्य प्रदेश	महाराष्ट्र	मणिपुर	मेघालय	मिजोरम	नागा–लैंड	ओडिशा	पंजाब	राज–स्थान	सिक्किम	तमिल–नाडु	त्रिपुरा	उत्तर प्रदेश	उत्तरा–खंड	पश्चिम बंगाल	कुल
5	0	394	0	0	0	0	249	148	0	0	59	177	340	25	0	2736
40033	0	1255607	0	0	0	0	894	816695		0	23319	143116	30868	3748	0	3390443
5093	1	7761	6	0	116	129	558	1631	7910	139	17155	395	4177	200	1679	192027
36306	1416469	1597642	610	0	580	594	211009	283696	104344	735	1365203	51035	791035	153538	31746	8447711
13404	9692	30354	9	0	2933	2126	2963	24498	8252	485	1813719	2962	1158	1638	6567	2052384
1372	4399	5868	14	0	316	68	1241	2878	4630	55	14169	1750	1626	295	410	97354
183741	757750	788102	1220	0	32549	6346	0	553624	333108	4289	75983	238060	0	161999	0	10928118
1037	1662	4421	33	0	104	33	3451	1862	1554	0	4458	98	1807	1123	129	38217
